CMYK

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 12°C
74,602.12
22,547.55
89,260
1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 26 फरवरी 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 47 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2081 27 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रम्प ने चार भारतीय कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### पाकिस्तान की हार के लिए चयनकर्ता जिम्मेदार: सना मीर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर


# 1984 के दंगों में सज्जन कुमार को मिली उम्रकैद

## बाप-बेटे हत्याकांड में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनाया फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उन्हें एक नवम्बर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़े मामले में दोषी ठहराया गया था। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दंगा, गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और हत्या आदि से संबंधित धाराओं के तहत 12 फरवरी को दोषी ठहराया गया था।

जांच के लिए गठित नानावटी आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, दंगों के संबंध में दिल्ली में 587 एफआईआर दर्ज की गई। जिसमें 2,733 लोग मारे गए थे। कुल में से लगभग 240 एफआईआर को पुलिस ने अज्ञात बताकर बंद कर दिया था वहीं दूसरी तरफ 250 मामलों में आरोपी बरी हो गए। वहीं 587 एफआईआर में से केवल 28 मामलों में ही दोषसिद्धि -शेष पृष्ठ दो पर



**दंगा, गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और हत्या आदि से संबंधित धाराओं के तहत ठहराया था दोषी**

**कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्र और बीमारी की वजह से नहीं मिली मौत की सजा**

### अब जगदीश टाइटलर और कमलनाथ की बारी: मनजिंदर सिंह

दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सज्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। मैं एसआईटी गठित करने और मामले को फिर से खोलने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देता हूं। ये मामले 35 साल से बंद थे और सज्जन कुमार, जगदीश टाइटलर, कमलनाथ जैसे लोग मुख्यमंत्री और सांसद के रूप में खुलेआम घूमते थे। हम मृत्युदंड की उम्मीद कर रहे थे। अब जगदीश टाइटलर और कमल नाथ की बारी है।

### सज्जन को दो आजीवन कारावास बड़ी बात

दिल्ली के एडवोकेट एचएस फूल्का ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने पर कहा कि दो आजीवन कारावास भी बहुत बड़ी बात है। जज ने अपने फैसले में लिखा है कि हमारी और सरकार की मांग थी कि सज्जन कुमार को फांसी की सजा सुनाई जाए। मगर वह नहीं दी गई, क्योंकि उनकी उम्र 80 साल है। वे बीमार हैं और खुद को संभाल भी नहीं सकते हैं। यह कानून है कि 80 साल के ऊपर और बीमार व्यक्ति को फांसी की सजा नहीं सुनाई जाती।

# दिल्ली आबकारी नीति से 2000 करोड़ का नुकसान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी, जिसमें दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल की विवादास्पद आबकारी नीति के बारे में विभिन्न अनियमितताओं को रेखांकित करते हुए कठोर टिप्पणियां की गई हैं।

कैग की रिपोर्ट विधानसभा के सत्र के दूसरे दिन सदन के पटल पर रखी गई, जिसमें कहा गया है कि दोषपूर्ण 2021-22 आबकारी नीति के कारण दिल्ली सरकार को दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय नुकसान हुआ। 'परफॉर्मेंस ऑडिट ऑन रेगुलेशन एंड सप्लाई ऑफ लिकर इन दिल्ली' शीर्षक इस रिपोर्ट को सदन में विपक्ष की नेता आतिशी सहित आम आदमी पार्टी के 12 विधायकों के निलंबन के बाद पटल पर रखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में विवादास्पद आबकारी नीति के बारे में सिफारिश के लिए गठित विशेषज्ञ समूह के सुझावों को तत्कालीन उप मुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज कर दिया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब के लाइसेंस वापस किए जाने -शेष पृष्ठ दो पर



**■ विधानसभा में प्रस्तुत कैग की रिपोर्ट में खुलासा**

**■ कोविड की पाबंदियों के नाम पर शराब की दुकान के लाइसेंस धारकों को दी गई दी 144 करोड़ की छूट नियमानुसार नहीं थी**

### आतिशी सहित 'आप' के 12 विधायक दिनभर के लिए निलंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में उप-राज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान हंगामे और नारेबाजी के कारण नेता विपक्ष आतिशी, गोपाल राय सहित 12 सदस्यों को दिन-भर के लिए निलंबित कर दिया गया। उप-राज्यपाल के अभिभाषण के शुरू होते ही आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के कार्यालय से -शेष पृष्ठ दो पर

### सरकार लोगों की उम्मीदों के प्रति सजग : एलजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास, सबका सम्मान' मेरी सरकार की दिशा तय करेगी, मेरी सरकार लोगों की बढ़ती उम्मीदों और आकांक्षाओं के प्रति पूरी तरह सचेत है।

### कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पीयूष गोयल के साथ फोटो शेयर की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ की फोटो एक्स पर शेयर की। तस्वीर में उनके साथ ब्रिटेन के ट्रेड सेक्रेटरी जोनाथन रेनाल्ड्स भी नजर आ रहे हैं। शशि की ये पोस्ट तब सामने आई है, जब उनके और कांग्रेस पार्टी के रिश्तों में खटास की खबरें हैं। थरूर ने फोटो कैप्शन में लिखा कि ब्रिटेन के बिजनेस और ट्रेड स्टेट सेक्रेटरी जोनाथन रेनाल्ड्स के साथ उनके भारतीय समकक्ष वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में बातचीत करके अच्छा लगा। लंबे समय से रुकी हुई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो बहुत स्वागत योग्य है। दरअसल, 23 फरवरी को ही शशि ने कहा था कि मैं कांग्रेस में हूं, लेकिन अगर पार्टी को मेरी जरूरत नहीं है, तो मेरे पास भी विकल्प मौजूद है। हालांकि थरूर ने पार्टी बदलने की अफवाहों का खंडन करते हुए कहा था कि भले ही विचारों में अंतर हो, लेकिन वह ऐसा नहीं मानते।

# साल में दो बार आयोजित होंगी सीबीएसई बोर्ड 10वीं की परीक्षाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं के छात्रों के लिए अपनी परीक्षा प्रणाली में एक बड़ा सुधार पेश किया है।

2026 से सीबीएसई कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित करेगा, जिससे छात्रों को प्रदर्शन सुधारने का एक अतिरिक्त अवसर मिलेगा। नए मसौदा दिशा-निर्देशों के अनुसार, कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की जाएंगी। पहला चरण फरवरी और मार्च के बीच होगा, जबकि दूसरा चरण मई में निर्धारित किया जाएगा। दोनों परीक्षाओं में पूरा पाठ्यक्रम शामिल होगा, जिससे छात्रों के ज्ञान और कौशल का व्यापक मूल्यांकन सुनिश्चित होगा। बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जाएंगी, जबकि प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन साल में केवल एक बार ही आयोजित किए जाएंगे। इस का उद्देश्य छात्रों को अधिक लचीलापन प्रदान करना और एकल वार्षिक परीक्षा से जुड़े दबाव को कम करना है। छात्रों को दोनों सत्रों में उपस्थित होने और तैयारी के लिए उपयुक्त सत्र का अवसर मिलेगा। मसौदा मानदंड अब सार्वजनिक डोमेन में रखे जाएंगे और हितधारक 9 मार्च तक प्रतिक्रिया दे सकते हैं, जिसके बाद नीति को अंतिम रूप मिलेगा।

**■ पहला चरण फरवरी और मार्च के बीच होगा दूसरा चरण माह मई में निर्धारित किया जाएगा**

### 'आप' विधायक अमानतुल्लाह को मिली अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** 'आप' के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने विधायक को राहत देते हुए 25,000 रुपये के बॉन्ड और इतनी ही राशि पर अग्रिम जमानत दे दी। बता दें कि खान पर जामिया नगर में दिल्ली पुलिस की टीम पर हमले का आरोप है। दिल्ली पुलिस ने 10 फरवरी की घटना के संबंध में ओखला विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और आरोप लगाया था कि उन्होंने हत्या के प्रयास के एक मामले में घोषित अपराधी को हिरासत से भागने में मदद करते हुए भीड़ का नेतृत्व किया। पुलिस ने कहा कि कथित घटना तब हुई जब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शाबाज़ खान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार करने का प्रयास किया।

**पुलिस पर हमले का आरोप, राउज एवेन्यू कोर्ट ने 25,000 के बांड और इतनी ही राशि पर दी राहत**

### सपा नेता अब्दुल्ला आजम 17 महीने बाद हरदोई जेल से रिहा

शाह टाइम्स ब्यूरो


**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के परिवार को बड़ी राहत मिली है। आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम खां की हरदोई जेल से रिहाई हो गई है। वह काफिले के साथ रामपुर के लिए रवाना हो गए हैं। अब्दुल्ला आजम खां की 42 मामलों में जमानत होने के बाद सोमवार को कोर्ट से रिहाई के परवाने जारी हुए थे।

रिहाई के परवाने मिलते ही हरदोई जेल प्रशासन ने मंगलवार को दोपहर में अब्दुल्ला को जेल से रिहा कर दिया। वह 17 माह तीन दिन जेल में रहे थे। सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अब्दुल्ला आजम की रिहाई हो चुकी है। शत्रु संपत्ति की जमीन के रिकॉर्ड में -शेष पृष्ठ दो पर



**■ आजम खां परिवार को मिली बड़ी राहत**






# मुस्लिम छात्राओं को एग्जाम देने से रोका

जौनपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में एक मामला सामने आया है, जिसमें हिजाब पहनकर हाईस्कूल की परीक्षा देने गईं चार मुस्लिम छात्राओं को कथित तौर पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश से रोका गया।

यह घटना सर्वोदय इंटर कॉलेज, खुदौली के परीक्षा केंद्र की बताई जा रही है, जो मॉडर्न कान्वेंट स्कूल समेत कई अन्य कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा केंद्र है। चारों छात्राओं का आरोप था कि वे सोमवार को हिंदी की परीक्षा देने हिजाब पहनकर केंद्र पर गई थीं, जहां चेकिंग पाइंट पर उन्हें हिजाब की वजह से अंदर जाने से रोक दिया गया। इसके बाद जब ए छात्रााएं वापस लौटीं, तो इन्हें देखकर बाकी छह अन्य छात्राओं ने भी परीक्षा छोड़ दी। हालांकि इस मामले पर कॉलेज प्रशासन ने साफ इनकार किया और सभी आरोपों को झूठा बताया। माडर्न कान्वेंट स्कूल के प्रिंसिपल ने इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए कहा कि उनकी खुद की पोती ने भी हिजाब में परीक्षा दी थी और उसे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। प्रिंसिपल के मुताबिक हिजाब पहनने पर कोई रोक नहीं थी और उनकी पोती ने परीक्षा अच्छे से दी। प्रिंसिपल ने आगे कहा कि आरोप लगाने वाली छात्राएं मौलवी साहब के घर से थीं और इस वजह से उन्होंने हिजाब हटाने से मना कर दिया। उनका मानना था कि इस मुद्दे को स्कूल प्रशासन के साथ बेहतर संवाद और समझदारी से हल किया जा सकता था। इस मामले ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि क्या धार्मिक पहनावे के कारण छात्रों को परीक्षा केंद्र में परेशानी का सामना करना चाहिए। शिक्षा संस्थानों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी छात्रों को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर मिले। चाहे वे किसी भी धर्म, जाति या संस्कृति से संबंधित हों। इस घटना से यह भी स्पष्ट होता है कि धार्मिक मामलों में बातचीत और समझौते की आवश्यकता होती है। छात्र-छात्राओं को यह सिखाया जाना चाहिए कि उनके अधिकारों के लिए लड़ना आवश्यक है, लेकिन उन्हें यह भी समझना चाहिए कि स्कूल और कॉलेजों में नियमों का पालन करना एक समान महत्वपूर्ण है।



आरोप- हिजाब पहनकर आई थीं, स्कूल में घुसने नहीं दिया

## महाशिवरात्रि के बाद शिव बारात निकालना परंपरा से खिलवाड़: अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने काशी की परंपरागत शिव बारात की तिथि बदलने पर ऐतराज जताया है। राय ने मंगलवार को कहा कि विश्व प्रसिद्ध शिव-बारात इस बार शासन-प्रशासन के दबाव में महाशिवरात्रि के एक दिन बाद 27 फरवरी को निकालना काशी की मूल परंपरा से खिलवाड़ है। परंपरा के अनुसार बारात महामृत्युंजय मंदिर, दारानगर से उठकर मैदागिन, बुलानाला, चौक, बाबा धाम गोदौलिया होते हुए चित. रंजन पार्क तक जाती है। वहां वधू-पक्ष भांग ठंडई, माला-फूल से बारातियों की अगवानी करती है। उन्होंने कहा कि नगर में निकलने वाली विश्व प्रसिद्ध शिव-बारात 43वें वर्ष में प्रवेश करेगी। यह काशी की मूल परंपरा आस्था को समेटे हर काशीवासी के हृदय में बसती है।

# दुनिया भर से निवेशकों को आमंत्रण देने की होड़

## बाजार की गिरावट ने मध्य वर्ग के निवेश को लीला

लखनऊ, वार्ता

सामाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में जारी गिरावट मध्य वर्ग के निवेश को लील गई है।

यादव ने मंगलवार को जारी अपने बयान में कहा कि दुनिया भर से निवेशकों को आमंत्रण देने की होड़ में लगीं 'डबल इंजन' की सरकारें पहले अपने निवेशकों को तो सुरक्षित कर लें फिर किसी और को आश्वस्त करने के 'ढोंगी इवेंट' करें। कुछ महीनों से निफ्टी के लगातार खराब प्रदर्शन के कारण ए समाचार छप रहे हैं कि इस वर्ष इंडियन शेयर मार्केट दुनिया के उभरते बाजारों में थाईलैंड व फिलीपीन्स के बाद तीसरा सबसे कमजोर शेयर मार्केट हो गया है। यादव ने कहा कि एक तरफ 80 करोड़ लोग सरकारी अनाज पर जीवनयापन करने के लिए मजबूर हैं और दूसरी तरफ जिन्होंने बचत को शेयर में लगा दिया था वो भी कंगाल हो गए हैं, ऐसे हालातों में भी भाजपा सरकार लोगों को गलत बात करके बहलाना-फुसलाना चाहती है। ए आर्थिक ठगी बंद होनी चाहिए। दूसरी ओर समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल बुधवार को बुलन्दशहर जाएगा, जहां जाटव समाज के अरूण कुमार की घुड़चढ़ी जब ग्राम प्रधान के घर के सामने पहुंची, तो प्रभुत्ववादी लोगों ने घोड़ी से उतारकर अरूण को तथा उनके रिश्तेदारों को मारापीटा। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने यहां मंगलवार को कहा कि बुलन्दशहर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम धमरावली से ग्राम दरियापुर शिकारपुर रोड पर जाटव समाज के अरूण की घुड़चढ़ी हो रही थी, जब घुड़चढ़ी ग्राम प्रधान के घर के सामने पहुंची, तो प्रभुत्ववादी लोगों ने अरूण को घोड़ी से उतारकर तथा उनके रिश्तेदारों को मारापीटा। जिसकी जानकारी तथा पीड़ित परिवार से मिलने के लिए पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल बुलन्दशहर पहुंचेगा। चौधरी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण हैं मतलूब अली जिलाध्यक्ष, बुलन्दशहर, योगेश वर्मा पूर्व विधायक, राहुल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष, समा. जवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, डा. हरेन्द्र राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, महेन्द्र बाल्मीकि पूर्व विधायक, हाजी अख्तर विशेष आमंत्रित सदस्य, समाजवादी पार्टी, फिरे सिंह प्रजापति प्रदेश सचिव, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, कुलदीप प्रधान राष्ट्रीय सचिव समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ एवं जाकिर उर्फ बब्लू विधानसभा अध्यक्ष, बुलन्दशहर।



सपा प्रमुख ने कहा: डबल इंजन की सरकारें पहले अपने निवेशकों को तो सुरक्षित कर लें, 80 करोड़ लोग सरकारी अनाज पर जीवनयापन करने के लिए मजबूर हैं

## संक्षिप्त समाचार

### सिंह ने महाशिवरात्रि के मौके पर लोगों को दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सिंह ने मंगलवार को कहा कि यह पर्व भगवान शिव की आराधना, साधना और भक्ति का प्रतीक है, जो हमे आत्मचिंतन, शुद्धता और अध्यात्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव, जिन्हें आदियोगी और विश्व के कल्याणकारी देवता के रूप में जाना जाता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि यह त्योहार आपके जीवन में बुराई से दूर रहने, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने तथा समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को बनाए रखने की प्रेरणा दे।

### सम्भल में 46 साल बाद खोला गया शिव मंदिर

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश के सम्भल में 46 साल से बंद मंदिर को खोला गया है। हिंदू संगठन के लोगों ने मंदिर में जलाभिषेक किया। साथ ही लोगों ने कहा कि भगवान शिव के मंदिर में 46 साल से जलाभिषेक नहीं किया था। मंदिर बंद होने के कारण लोग पूजा-अर्जना नहीं कर पा रहे थे। हिंदू संगठन के लोगों ने कहा कि महा. शिवरात्रि पर मंदिर में जलाभिषेक के लिए दूर-दूर से भारी संख्या में लोग आ सकते हैं। सम्भल के खगूसराय का प्राचीन कार्तिक शिव मंदिर 46 साल से बंद था, लेकिन अब उसे खोल दिया गया है।

### तमिलनाडु एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार: स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार केंद्र की त्रि-भाषा नीति के खिलाफ एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बात करते हुए स्टालिन ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर चर्चा के लिए पांच मार्च को एक सर्वदलीय बैठक होगी। तमिलनाडु, जो परिवार नियोजन को प्रभावी रूप से लागू कर रहा है, परिसीमन में 39 संसदीय सीटों में से आठ खो देगा। स्टालिन ने कहा कि इसका मतलब है कि तमिलनाडु को आठ सीटों का नुकसान होगा, जिससे कुल निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 31 रह जाएगी।

## निर्धारित कोटे में अनारक्षित वर्ग के युवकों की भर्ती की गई

# उप्र शिक्षक भर्ती में हुआ बड़ा घोटाला

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में आरक्षित वर्ग के बच्चों के साथ अन्याय हुआ है और उनके लिए निर्धारित कोटे में अनारक्षित वर्ग के युवकों की भर्ती की गई है, जो संविधान का उल्लंघन है, इसलिए इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए।

कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में उप्र सरकार द्वारा की जा रही इस शिक्षक भर्ती को बड़ा घोटाला बताया और कहा कि राज्य सरकार आरक्षित वर्ग के युवाओं के साथ धोखा कर रही है और उन्हें मानकों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उप्र में 69,000 शिक्षकों की भर्ती का एक नया घोटाला सामने आया है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि इस भर्ती में 18,500 आरक्षित सीटों में एससी, एसटी तथा ओबीसी वर्ग के लोगों को नौकरी मिलनी थी, लेकिन इसमें से केवल 2,637 सीटों पर ही आरक्षण लागू किया गया। इन आरक्षित सीटों में बाकी 15,863 सीटों पर अनारक्षित वर्ग के लोगों को नौकरी दी गई। यह फैसला संविधान में दिए गए आरक्षण पर हमला है और सामाजिक न्याय के खिलाफ है।

उप्र में 69,000 शिक्षक भर्ती में लिया गया यह फैसला संविधान और आरक्षण के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दलित, अनुसूचित समाज, ओबी ओबीसी समाज के लोगों को नौकरी से वंचित रखने का काम कर रही है। इस फैसले के खिलाफ जिन छात्रों और शिक्षकों ने आवाज उठाई, उन्हें भी सरकार ने दबाने और कुचलने का काम किया। बाबा साहेब अंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात कही थी, लेकिन सरकार लोगों को इससे वंचित रख रही है। इसी न्याय की लड़ाई हमारे नेता लड़ते आए हैं और लड़ रहे हैं। हमारे नेता लगातार सामाजिक न्याय, हिस्सेदारी, जातिगत जनगणना की बात करते रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी हमेशा वंचित वर्ग के साथ खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी। कांग्रेस पार्टी इस भर्ती घोटाले में उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग करती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि आरक्षित वर्गों की 18,500 खाली सीटों पर दलित समाज, जनजाति समाज और ओबीसी समाज से योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाए, जो अभ्यर्थी इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, उन पर हो रहे अत्याचार और दमन पर रोक लगे, उनको भी न्याय मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। इस घोटाले में लाखों युवाओं के अधिकारों पर प्रहार हो रहा है, उनके सपनों को तोड़ा जा रहा है। कई साल मेहनत कर युवा नौकरी पाने का प्रयास करते हैं, लेकिन इनको रोजगार नहीं मिल रहा है। इन्हें जल्द से जल्द न्याय मिले, रोजगार मिले।



संविधान का उल्लंघन में पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए: कांग्रेस

राज्य सरकार आरक्षित वर्ग के युवाओं के साथ धोखा कर रही

## कमजोर वर्ग के बच्चों की छात्रवृत्ति में हुई है बड़ी कटौती: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति हड़पने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जब तक उन्हें पर्याप्त संरक्षण नहीं मिलेगा वे आगे नहीं बढ़ सकते हैं। खड़गे ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी तथा अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है। ये शर्मनाक सरकारी आंकड़े बताते हैं कि सरकार ने लाभार्थियों के सभी वजीफों मे भारी कटौती तो की है साथ ही औसतम साल-दर-साल 25 प्रतिशत फंड भी कम खर्च किया है। उन्होंने कहा कि जब तक देश के कमज़ोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे। आपका 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा, रोज़ाना कमज़ोर वर्गों के अरमानों का मज़ाक उड़ाता है।

# केन्द्र की नई कृषि नीति को रद्द करने का प्रस्ताव पास

चंडीगढ़, वार्ता

भगवंत मान सरकार ने मंगलवार को पंजाब विधानसभा में केंद्रीय कृषि विधेयक को निरस्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे विधायकों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया।

राज्य सरकार ने पिछले महीने ही केंद्र सरकार की इस नीति पर विरोध जताया था। भगवंत मान सरकार का कहना है कि यह नीति 2021 में रद्द किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को नए रूप में लागू करने का प्रयास है। वहीं पंजाब विधानसभा से केंद्र सरकार के कृषि पर पालिसी का ड्राफ्ट को रद्द करने का प्रस्ताव पास हो गया है। इसको लेकर शंभू बार्डर पर अपनी मांगों के लेकर बैठे किसान संगठनों की ओर से भी पंजाब सरकार पर दबाव बनाया जा रहा था। बीते दिन किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के प्रदेश नेता सरवन सिंह पंधेर ने नई मंडी नीति के मसौदे के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर इसका विरोध करने की मांग की थी। पंजाब सरकार का कहना है कि केंद्र की कृषि मार्केटिंग नीति किसान विरोधी है। केंद्र सरकार पुराने तीन कृषि कानूनों की जगह इसे लाकर किसानों को धोखा देना चाहती है। भगवंत मान सरकार ने पंजाब विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया था। इसके दूसरे दिन यह प्रस्ताव पारित किया गया। जबकि इस दौरान बीजेपी के दो विधायक सदन से अनुपस्थित रहे। किसान संगठनों ने सरकार की नई कृषि नीति के मसौदे का विरोध भी किया था। किसानों का कहना है कि केंद्र सरकार की नई नीति रद्द किए गए तीन कृषि कानूनों को नए तरीके से लागू करने की को. शिश है। यह किसानों को कतई मंजूर नहीं है। नए कृषि बिल में भी पुराने प्रावधान को दोहराया गया है। इस कानून में किसानों को एपीएमसी मंडियों के बाहर भी अपनी उपज बेचने की अनुमति दी गई थी।



पंजाब विधानसभा में सीएम मान ने बताया किसान विरोधी

कहा: तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को नए रूप में लागू करने का प्रयास


## अर्थ व्यापार

# लिवाली की बदौलत, सेंसेक्स चढ़ा, निफ्टी फिसला

मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, जोमैटो, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस समेत 17 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स में तेजी लौट आई, वहीं बिकवाली के दबाव में निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.71 अंक की तेजी लेकर 74,602.12 अंक पर पहुंच गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 5.80 अंक फिसलकर 22,547.55 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.57 प्रतिशत लुढ़ककर 39,831.17 अंक और स्मॉलकैप 0.45 प्रतिशत कमजोर रहकर 45,052.21 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4062 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1678 में लिवाली जबकि 2253 में बिकवाली हुई, वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियां लाल जबकि 19 हरे निशान पर बंद हुईं। बीएसई के सात समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे सीडी 0.04, एफएमसीजी 0.26, दूरसंचार 0.66, ऑटो 0.43, बैंकिंग 0.02, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.37 और टेक समूह के शेयर 0.01 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, कमोडिटीज 0.98, ऊर्जा 1.10, इंडस्ट्रियल्स 0.71, आईटी 0.59, कैपिटल गुड्स 0.62, धातु 1.69, तेल एवं गैस 1.34, रियल्टी 1.27, सर्विसेज 1.27 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.70 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.43 और जर्मनी के डैक्स में 0.05 प्रतिशत की तेजी रही जबकि जापान का निक्केई 1.39, हांगकांग का हैंगसेंग 1.32 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.80 प्रतिशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 14 अंक फिसलकर 74,440.30 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 74,400.37 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 74,785.08 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 74,454.41 अंक के मुकाबले 0.20 प्रतिशत बढ़कर 74,602.12 अंक हो गया। वहीं, निफ्टी 37 अंक गिरकर 22,516.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,513.90 अंक के निचले, जबकि 22,625.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,553.35 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत फिसलकर 22,547.55 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.61, भारती एयरटेल 2.55, बजाज फाइनेंस 1.65, जोमैटो 1.37, नेस्ले इंडिया 1.34, बजाज फिनसर्व 0.99, अडानी पोर्ट्स 0.92, मारुति 0.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.80, टाइटन 0.80, आईटीसी 0.75, आईसीआईसीआई बैंक 0.60, एचडीएफसी बैंक 0.47, इंडसइंड बैंक 0.40, इंफोसिस 0.23, कोटक बैंक 0.14 और एक्सिस बैंक 0.04 प्रतिशत शामिल है। वहीं सन फार्मा 1.58, पावरग्रिड 1.25, टीसीएस 1.19, टेक महिंद्रा 1.15, एशियन पेंट 1.04, टाटा मोटर्स 0.97, एलटी 0.93, अल्ट्रासिम्को 0.93, रिलायंस 0.89, एसबीआई 0.75, एचसीएल टेक 0.46, टाटा स्टील 0.44 और एनटीपीसी के शेयर 0.36 प्रतिशत गिरावट पर रहीं।



# उठाव बढ़ने से सरसों और वनस्पति तेल महंगा

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और वनस्पति तेल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा नौ रिंगिट फिसलकर 4722 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.35 सेंट की तेजी के साथ 46.65 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल 365 रुपए और वनस्पति तेल 292 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:-



गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

दाल-दलहन: चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**1984 के दंगों...** हुई, जिनमें लगभग 400 लोगों को दोषी ठहराया गया। सज्जन कुमार सहित लगभग 50 लोगों को हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। कांग्रेस के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे सज्जन कुमार पर 1984 में एक और दो नवम्बर को दिल्ली की पालम कालोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में भी आरोप लगाया गया था। इस मामले में उन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील सुप्रीम कोर्ट में अभी लंबित है। ट्रायल कोर्ट ने कुमार को बरी किए जाने के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक और अपील लंबित है, जबकि चौथे मामले में दिल्ली की एक अदालत वर्तमान में सुनवाई कर रही है। सिख नेता गुरलाद सिंह ने कहा कि हमें मौत की सजा से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। हम अदालत के फैसले से खुश नहीं हैं। हम सरकार से अपील करेंगे कि वे उच्च न्यायालय जाएं और सज्जन कुमार के लिए मौत की सजा की घोषणा करें।

**दिल्ली आबकारी नीति...** और शराब जोन की निविदा पुन: जारी करने के मामले में आबकारी विभाग की विफलता के कारण विभाग को 890.15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 की पाबंदियों के नाम पर शराब की दुकान के लाइसेंस धारकों को दी गई दी 144 करोड़ रुपये की छूट नियमानुसार नहीं थी। छूट के इस प्रस्ताव पर वित्त विभाग की आपत्तियों के बावजूद श्री सिसोदिया ने व्यक्तिगत रूप से इसकी मंजूरी दी थी। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने पिछली आप सरकार के रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि यह जानकर आश्चर्य होता है कि 2017-18 के बाद विधानसभा में कैग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश ही नहीं की गई। राज्य की वित्तीय स्थिति की जानकारी के लिए इसकी बहुत जरूरत होती है। दुर्भाग्य से पिछली सरकार ने कैग की रिपोर्ट पेश नहीं की और इस तरह संविधान का उल्लंघन किया।

**आतिशी सहित...** भीमराव अंबेडकर की फोटो हटाने का विरोध करना शुरू किया। आप के विधायक ने 'जय भीम और बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा' हिंदुस्तान के नारे लगाने लगे। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुरू में जनरैल सिंह, विशेष रवि, अनिल झा, सोमदत्त, संजीव झा को निलंबित किया। नारेबाजी नहीं रुकने पर उन्होंने सुरेंद्र सिंह, वीर सिंह धिगान, मुकेश अहलावत, कुलदीप, ज़ुबैर अहमद, आतिशी, गोपाल राय को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया।

**सपा नेता...** हेराफेरी के मामले में सपा नेता आजम खां की पत्नी डा. तजीन फात्मा और बड़े बेटे अदीब आजम व उनकी बहन निकहत अखलाक सोमवार को कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने अब 5 मार्च तक के लिए अंतरिम जमानत स्वीकार कर ली है। शत्रु संपत्ति के अभिलेखों में रिकॉर्ड रूम के सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में 9 मई 2020 को लखनऊ के पीरपुर हाउस निवासी सैयद आफाक अहमद व अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया था, जिसमें शत्रु संपत्ति के अभिलेखों में हेराफेरी करने का आरोप है। दरअसल, यह मामला मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी परिसर के अंतर्गत आने वाली भूमि का है, जो कि इमामुद्दीन कुरैशी पुत्र बदरुद्दीन कुरैशी के नाम दर्ज थी। इमामुद्दीन कुरैशी वर्ष 1947- 48 में भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे और यह संपत्ति शत्रु संपत्ति के रूप में सन 2006 में भारत सरकार के कस्टोडियन विभाग के अंतर्गत दर्ज कर ली गई थी। रिकॉर्ड की जांच करने पर यह मामला प्रकाश में आया कि राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में जालसाजी कर शत्रु संपत्ति को हेराफेरी करने के लिए आफाक अहमद का नाम गलत तरीके से राजस्व रिकॉर्ड में अंकित कर दिया गया था तथा रिकॉर्ड के पन्ने फटे हुए पाए गए थे। इस मामले में विवेचना के बाद सपा नेता आजम खां, पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा, बेटे अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम, बहन निकहत अखलाक समेत ट्रस्ट के पदा. धिकारियों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में आजम की पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा, बड़े बेटे अदीब आजम व बहन निकहत अखलाक को कोर्ट ने सोमवार तक की अंतरिम जमानत दी थी। सोमवार को तीनों एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में हाजिर हुए।

## प्रेमिका व परिवार के चार लोगों की हत्या, मां गंभीर

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम के वेंजारामूडू में सोमवार शाम 23 साल के युवक ने 5 लोगों की हत्या कर दी। आरोपी ने अपनी प्रेमिका, भाई, दादी, चाचा और चाची की चाकू-हथौड़ा से बेरहमी से हत्या की। इसके बाद आरोपी ने मां पर हमला कर उन्हें भी मारने की कोशिश की। युवक ने पूरी प्लानिंग के साथ तीन अलग-अलग जगह पर घटना को अंजाम दिया। फिर वेंजारामूडू पुलिस थाने जाकर सरेंडर किया और अपराध कबूला।

थाने में आरोपी ने बताया कि उसने अपनी मां, प्रेमिका समेत 6 लोगों की हत्या की है। आरोपी का नाम अफ्फान है। पुलिस ने अब तक 5 लोगों की मौत की पुष्टि की है, जिसमें आरोपी का भाई अहसन, दादी सलमा बीवी, चाचा लतीफ, चाची शाहिदा और उसकी प्रेमिका फरशाना शामिल हैं। आरोपी के खिलाफ 2 पुलिस स्टेशन में तीन मामले दर्ज किए गए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैसाअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शहर में रहा बड़ी डाक कांवड़ का रेला

## शिव चौक की परिक्रमा करने की शिव भक्तों में लगी रही होड़

**मुजफ्फरनगर।** फाल्गुन मास की कांवड़ यात्रा में आई डाक कांवड़ों के शोर में भक्तिमय वातावरण के बीच यहां से गुजर रहे शिव भक्तों में शिव चौक की परिक्रमा करने की होड लगी रही सड़क पर दौडते डाक कांवड़ियों को रास्ता देने के लिए पुलिस प्रशासन कांवड़ मार्ग पर पूरी सतर्कता के साथ मुस्तैद नजर आया, वहीं जहां पैदल कांवड़िया बोल बम का जयघोष करते हुए शिव भक्त शहर से गुजरे तो शहर में हरिद्वार से गंगाजल लेकर गुजरने वाले कांवडियों की सुरक्षा के लिए किए गए रूट डायवर्जन के कारण शहर के अन्य मार्गों पर जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ा। फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि का पर्व 26 फरवरी को मनाया जाएगा। भगवान शिव शंकर का जलाभिषेक करने की तैयारियां अब अंतिम पडाव पर हैं। ऐसे में शिव भक्तों की भीड़ भी लगातार बढ़ती नजर आ रही है। मंगलवार को शहर में डाक कांवड़ों की आमद हुई तो भक्ति के इस मेले में बोल बम के जय घोष से शहर गूंज उठा। शिव चौक पर डाक कांवड़ियों में भगवान शिव की परिक्रमा करने के लिए एक होड नजर आई।


सभी क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
कलीराम (समाजसेवी)
ग्राम सांझक, शाहपुर, मु.नगर

आप सभी बुढ़ानावासियों को मेरी तरफ से
महाशिवरात्रि पर्व
पर हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमेश कुमारी
(प्रिंसिपल)
आर्य कन्या इंटर कॉलेज,
पैठ बाजार, बुढ़ाना, मु.नगर

सभी प्रदेश व क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
पं. श्री भगवान महाराज
वरिष्ठ भाजपा नेता

सभी देशवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
पर हार्दिक शुभकामनाएं
डा. अशोक कुमार
डा. फरमान मलिक
अशोका नर्सिंग होम
EMERGENCY 24X7
कांधला रोड, लकडी की आढत के पास बुढाना मु.नगर

सभी क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
कपिल पाल
सभासद वार्ड-22
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर

आप सभी बुढ़ाना क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
महाशिवरात्रि पर्व
पर हार्दिक शुभकामनाएं
मेरे खून में है कांग्रेस
मेरा खून कांग्रेस को
डॉ. जगबीर सिंह
(पूर्व सीएमओ)
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
एससी-एसटी के उत्तर प्रदेश सचिव
नीलाखेडी विधानसभा, जिला करनाल हरियाणा

आप सभी कस्बेवासियों को हमारी और से
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
रामोतार सैनी
(प्रमुख समाजसेवी)
आवासः सैनी बाजार, बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

आप सभी बुढ़ाना क्षेत्रवासियों को हमारी ओर से
महाशिवरात्रि पर्व
पर हार्दिक शुभकामनाएं
अनुपमा चौधरी
(प्रमुख समाजसेविका)
राष्ट्रीय लोकदल महिला
प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव
आवासः राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, मास्टर कॉलौनी बुढ़ाना, मु.नगर

सभी क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुभाष चौहान
नामित सदस्य
स्वास्थ्य विभाग
(वरिष्ठ भाजपा नेता)

सभी क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश कुमार
(कर निर्धारण अधिकारी)
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर

सभी क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री भोपाल सिंह
(ग्राम प्रधान)
राहुल कुमार

सभी क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप कुमार सहरावत
(भोकरहेड़ी)
बस यूनियन सचिव
मुजफ्फरनगर-बिजनौर प्राइवेट बस सेवा
सुरक्षित और सुलभ, संस्कृति समागम का माध्यम

सभी क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज सैनी
(समाजसेवी)
ग्राम भलेड़ी, जानसठ, मुजफ्फरनगर

सभी क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र कुमार
उर्फ बबलू
(मैनेजर)
दयावती आदर्श इंटर कॉलेज केडी दरयापुर मोरना मु.नगर

सभी क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
जोगेन्द्र वर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेता
कस्बा भोकरहेड़ी, मुजफ्फरनगर

सभी क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल कुमार गर्ग
वार्ड सभासद
मौहल्ला बाजार
नगर पंचायत भोकरहेड़ी मुजफ्फरनगर

सभी क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
आजम अली
प्रमुख समाजसेवी
ग्राम प्रधान प्रत्याशी ग्रांव बेलड़ा ब्लॉक मोरना, मु. नगर

सभी क्षेत्रवासियों को
महाशिवरात्रि पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
सतेन्द्र पाल
वरिष्ठ नेता
शाहपुर

# मजदूर की हादसे में मौत से कोहराम

## नंगलाबुजुर्ग का महबूब छत्तीसगढ़ में गया था मजदूरी करने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** छत्तीसगढ राज्य में मजदूरी करने गये नंगला बुजुर्ग निवासी व्यक्ति की पेड काटते समय गिरकर मौत हो गई। मंगलवार को मृतक का शव गांव पहुंचा। जहां गमगीन माहौल में उसके शव को सुपुर्द खाक किया गया। ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने मजदूर परिवार की आर्थिक सहायता की मांग प्रशासन से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव नंगला बुजुर्ग निवासी 40 वर्षीय महबूब छत्तीसगढ राज्य के जिला सरगुजा के थाना उदयपुर क्षेत्र के गांव निमहा में अपने साथियों के साथ पेड काटने का कार्य कर रहा था। रविवार को महबूब पेड की कटाई कर रहा था तभी अचानक पेड की एक टहनी उसके ऊपर आ गिरी, जिससे वह सडक पर गिर गया तथा कटाई में उपयोग की जा रही मशीन के झटके से उसकी गर्दन पर भी चोट आई।

सिर में गम्भीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे उदयपुर थाना प्रभारी राजेश चतुर्वेदी ने घटना की जानकारी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को महबूब का शव गांव पहुंचा। मजदूर की मौत से परिवार में मातम छा गया। महबूब अपने पीछे मां फैमिदा, पत्नी शबनम, पुत्र आसिफ, अयान, सिफरान, पुत्री मुस्कान, गुलफिशां और खुशबू को रोता बिलखता छोड गया है। मृतक को गमगीन माहौल में गांव स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। ग्राम प्रधान अंजुम अली सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से मजदूर परिवार की आर्थिक सहायता की मांग की है।

# छेड़छाड़ के विरोध में भाई पर हमला

## युवक को किया घायल,पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम बागा. वाली में छेड़खानी का विरोध करने पर पीड़िता के भाई सहित तीन लोगों पर हमला कर दिया गया,वहीं ग्राम विलासपुर में मामूली बात पर युवक के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने दोनों घटनाओं का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नई मंडी क्षेत्र के बागोवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि गांव के दो लोगों ने उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर उसके भाई जवाहिर पर हमला कर दिया। विरोध करने पर उसके भाई जवाहिर ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करते हुए अन्य बहनों से बदतमीजी की गई। बीच-बचाव में आए ताया जहीर आदि को मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

नई मंडी के बिलासपुर गांव निवासी पंकज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके छोटे भाई सुमित उर्फ कल्लू से गांव के दीपक, विकास, दीपांसु, प्रियांसु और संजय आदि ने बिना कारण ही गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग आए तो आरा. पी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की है।

# छात्रा खुशी भार्गव ने कॉलेज टॉप किया

**मुजफ्फरनगर।** गांव जड़ौदा की रहने वाली होनहार छात्रा खुशी भार्गव ने चौधरी छोटू राम पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर में बी एस सी बायो ग्रुप में कॉलेज टॉप कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है

पिता नरेश चंद और माता मंजू भार्गव बेटी की उपलब्धि से गर्वित हैं। खुशी भार्गव के पिता नरेश चंद और भाई अतुल भार्गव दोनों सरकारी विद्यालय में शिक्षक हैं, उन्होंने कहा कि खुशी बचपन से ही मेधावी रही हैं। वो हमेशा कुछ नया करने को लेकर उत्साहित रहती हैं। खुशी भार्गव की शानदार उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है, इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य समेत कई अध्यापकों ने गांव जड़ौदा की बेटी खुशी भार्गव को शुभकामनाएं दी हैं।

# बंदी में ढील से दुखी श्रमिकों ने डीएम को भेजी शिकायत

**बुढ़ाना।** जिलाधिकारी द्वारा बीते दिनों एक हफ्ते में एक बार साप्ताहिक छुटी करने के आदेश दिए गये थे। जिसको लेकर श्रमिको में खुशी की लहर दौड़ गयी थी। डीएम द्वारा पूरे जनपद की छुटी का बाकायदा शेडडूल बनाया गया था कि किस दिन कहां छुटी रहनी है। मुज़फ्फरनगर सहित अन्य नगरों में छुटी पर प्रशासन काफी सख्त दिखाई दे रहा है। मगर बात बुढाना की करें तो यहां प्रशासन की सख्ती कम पड़ रही है। जिस कारण 50 प्रतिशत बाजार खुलता है ओर पूरा दिन आंखमिचौली चलती है। शासन की ओर से यहां सोमवार की छुटी निर्धारित है। श्रमिकों ने डीएम को भेजी एक शिकायत में कहा कि बुढाना का बाजार छुटी के बाद भी खुलता है। तब देखमदेख में ओर व्यापारी भी दुकानें खोल लेते हैं तो कुछ शटर उठाकर ग्राहकों को अंदर बुला लेते हैं। इस बंदी में अधिकारी बाजार का राउंड नही लगाते। जिस कारण दुकानदारों के हौंसले बुलंद हैं। श्रमिको ने बताया कि पुराना बस स्टैंड, भारत टाकीज, पीठ बाजार, कांधला रोड, छोटा बाजार व बड़ा बाजार आदि में कुछ दुकानदार आदेश का पालन नही कर रहे हैं।

# न्यायिक कार्यों से विरत रहे समस्त अधिवक्ता

**बार कॉसिंल के निर्देश पर नये अधिवक्ता कानून का किया विरोध**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** बार एसोशिएशन बुढ़ाना से जुडे हुए समस्त अधिवक्ता मंगलवार के दिन न्यायिक कार्यों से विरत रहे। मिली जानकारी के अनुसार बार एसो. शिएशन बुढ़ाना की एक आवश्यक बैठक बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी एडवोकेट की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई।

जिसका संचालन बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक एडवोकेट ने किया। जिसमे समस्त अधिवक्ताओ की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध स्वरूप आज सभी अधिवक्ता समस्त न्यायालयों मे न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे जबकि बेल इंजंक्शन खुले रहेंगे। न्यायिक कार्यों से विरत रहने वाले अधिवक्ताओ में मुख्य रूप से बार एसोसिएशन बुढ़ाना के पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, एसपी मलिक, इलियास सैफी, पूर्व महासचिव बिश्वास त्यागी, रविंद्र कुमार, प्रशांत शर्मा, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी, फिरोज मंसूरी, ईश्वर दयाल संगल, अवध बिहारी लाल गर्ग, अलीम सिद्दीकी, शाहवेज सिद्दीकी, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, अनुज राठी, संजय त्यागी, शाहनवाज कुरैशी और अभिषेक गोयल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# घुसकर की मारपीट, एक युवक गंभीर

**मोरना।** गांव भिड़ाहेड़ी में दबँगो ने घर में घुसकर मारपीट की जिसमे एक युवक गंभीर तौर पर घायल हो गया जबकि उसके परिवारजनो के भी चोट आई है। पीडित परिवार ने थाने पर तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।वहीं घटना के बाद दो पक्षों मे तनाव व्याप्त है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव भिडाहेडी निवासी बिजेन्द्र कुमार ने जानकारी देकर बताया कि बीते सोमवार की रात लगभग 10 बजे वह अपने भांजे आशु के साथ मकान की दूसरी मंजिल पर सोया हुआ था। तभी मोरना निवासी युवक अपने दो साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर आया।तथा घर के बाहर खडे होकर गाली गलौज करने लगा,युवक की बाईक पर कोई नंबर अंकित नहीं था। बिजेंद्र अपने भांजे के साथ नीचे आया तथा गाली गलौज करने का कारण पूछने लगा, तभी आरोपियों ने अपने साथियों के साथ घर में घुसकर दोनों पर हमला कर दिया। सिर में रोड लगने से बिजेंद्र जमीन पर गिर गया। जब आशु ने उसे उठाने की को. शिश की तो आरोपियों ने लात घूंसों से हमला कर दिया। पडोस में डीजे बजने के कारण किसी को शोर शराबे की आवाज सुनाई नहीं दी। इसका फायदा उठाकर आरोपियों ने अपने अन्य पांच साथियों को भी बुला लिया और सभी ने मिलकर दोनों के साथ जमकर मारपीट की। कुछ देर बाद पीडित का भाई व मां उसे बचाने आए तो आरो. पियों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गये।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, सहारनपुर

पत्रांक 1609/24एम0एस0-एस0(मु0नगर)/2025 दिनांक : 20.02.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (प्रथम आंमत्रण)**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑन लाईन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी (जैसा लागू हो) (कॉलम-8 के अनुसार) मार्ग कार्य हेतु अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टैण्डरिंग के माध्यम से टी0-2 द्वारा प्रतिशत दर पर आधारित बिड नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदादाता बिड से सम्बन्धित अभिलेख (जैसे- कॉन्ट्रेक्ट डाटा, प्रपत्रों, कॉन्ट्रेक्टर की शर्तें, तकनीकी विशिष्टियाँ एवं बिड की संशोधित/परिशिष्ट शर्तें इत्यादि) की भली भांति जाँच कर लें।

| क0 सं0 /लॉट सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु लाख में) | धरोहर धनराशि (रु लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (टेण्डर कॉस्ट+ स्टेशनरी चार्जे+ जी0एस0टी0) | ठेकेदार के वांछित पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| स्वीकृति की प्रत्याशा में | | | | | | | |
| 1 | मुजफ्फरनगर | मठकरीमपुर से शेखपुरा मार्ग का (खतौली कडली मार्ग) मार्ग का खड़ण्जे से लेपन का कार्य। | 105.00 | 7.25 | 6 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, एवं बी |
| 2 | मुजफ्फरनगर | पिमौडा से मलिकपुरा से रजवाहे की पट्री मार्ग पर नवनिर्माण का कार्य। | 75.00 | 5.75 | 6 माह | 2000.00 + 300.00 + 414.00 = 2714.00 | मार्ग श्रेणी ए, बी एवं सी |

- ➤ कार्य के अनुरक्षण की अवधि पांच वर्ष है। पांच वर्षीय अनुरक्षण हेतु भुगतान की प्रक्रिया प्रमुख अभियन्ता उ0प्र0, लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्रांक 3689सी0/आर0एम0एस0/मूल-23-24 दिनांक 17.02.2024 में दिये गये निर्देशो के अनुपालन में समय-समय पर किया जायेगा।
- ➤ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी गयी दरें सभी करों को जोडते हुए तथा जी0एस0टी0 को छोडते हुए लगायी गयी है।
- ➤ निविदा में मांगी गयी निविदा धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य (कॉलम नं0 5 एवं 7 के अनुसार) ऑन लाईन केवल नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान के पश्चात् यू0टी0आर0 प्राप्ति रसीद के रूप में ही मान्य होगा।
- ➤ शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेईस-7-2020-176(सा)/06, दिनांक 25.08.2020 के अनुसार निविदाएं प्रहरी एप्लीकेशन के माध्यम से प्राप्त की जायेगी।
- ➤ निविदा ऑन लाईन दिनांक 27.02.2025 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 04.03.2025 की अपरान्हः 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 04.03.2025 को अपरान्हः 02:30 बजे खोली जायेगी। अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेंगी।
- ➤ शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- ➤ धरोहर धनराशि अनुबन्ध गठन के समय उ0प्र0 लोक निर्माण अनुभाग-7 का शासनादेश संख्या 692/23-07-2024 दिनांक 09-08-2024 एवं कार्यालय प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 लखनऊ का कार्यालय पत्रांक 10090 एम0टी0/सामान्य वर्ग/2024 दिनांक 13.08.2024 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार ही ली जायेगी।
- ➤ निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर
pdpwdmzn@gmail.com

अधीक्षण अभियन्ता
सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, सहारनपुर
sepwdsre@gmail.com

UPID-229866, DATE-24/02/2025
WEBSITE-www.up.gov.in


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:मीमो/कर/सा.प./2024-25 दिनांक: 25/02/2025

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. शासन, नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा जारी अधिसूचना संख्याँ 912/नौ/9-24-85ज/05टी.सी.-1 लखनऊ, दिनांक 28 जून 2024 के द्वारा उ.प्र. नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 को अन्तिम रूप से प्रख्यापित कर दिया गया है। यह नियमावली उत्तर प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों पर लागू होगी। उक्त नियमावली के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर की भौगोलिक सीमाओं में स्थित आवासीय भवनों या भूखण्डों पर सम्पत्ति कर के आरोपण हेतु पालिका परिक्षेत्र में स्थित मौहल्लेवार वार्डों की अवस्थिति, भवन के निर्माण की प्रकृति मार्ग की चौडाई पर स्थिति सम्पत्ति के कवर्ड एरिया की प्रतिवर्ग फीट किराये की न्यूनतम मासिक किराया दर (रूपये में) बोर्ड प्रस्ताव संख्या 429, दिनांक 30.01.2025 के द्वारा पालिका की सीमान्तर्गत निम्नवत् मौहल्लेवार स्वीकृत न्यूनतम मासिक किराया दरों की सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन कराया जा रहा है। यदि किसी नागरिक को उक्त दरों पर कोई सुझाव एवं आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के कार्यालय में लिखित रूप में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित दिनांक के उपरान्त प्राप्त किसी भी सुझाव / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**( मासिक किराया दर रूपयों में )**

| क्र. सं. | मौहल्ले के नाम | 12 मी. से कम चौडी रोड की दरें | | | | 12 मी. से 24 मी. चौडी रोड की दरें | | | | 24 मी. से अधिक चौडी रोड की दरें | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भूमि | कच्चा भवन | अन्य पक्का भवन | पक्का भवन | भूमि | कच्चा भवन | अन्य पक्का भवन | पक्का भवन | भूमि | कच्चा भवन | अन्य पक्का भवन | पक्का भवन |
| 1. | सिविल लाईन उत्तरी, सिविल लाइन दक्षिणी, नई मण्डी, संजय मार्ग, पटेलनगर, घेरखत्ती, बाग कम्बलवाला, गांधी कॉलोनी, गाँधी कॉलोनी उत्तरी, द्वारिकापुरी, सड़क भोपा रोड, उत्तरी (शिवपुरी), ए टू जेड कॉलोनी, वसुन्धरा फेज-प्रथम व द्वितीय कॉलोनी, पारस एनक्लेव, वेदान्ता कॉलोनी, द्वारका सिटी, सुरेन्द्रनगर, वैशाली, महालक्ष्मी एनक्लेव, गोकुल सिटी, सुजडू इन्डस्ट्रीयल एरिया, ड्रीम सिटी एनक्लेव, शेरपुर व सरवट बाहर हदूद इन्डस्ट्रीयल एरिया (रूडकी रोड) जानसठ रोड, सैनिक विहार कॉलोनी (सहावली आंशिक), रकबा सरवट (सुभाषनगर लालबाग, वर्मा पार्क, देव पुरम, आदर्श कॉलोनी) सिद्धु विहार/इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर की सीमा विस्तार में आये मुख्य मार्ग जैसे रूडकी रोड, मेरठ रोड, जानसठ रोड, शामली रोड, पचेन्ढा रोड़, कच्ची सड़क आदि की दोनों ओर सीमाओं से लगे 100 मीटर की सीमा तक की अचल सम्पत्तियों तथा शहर के समस्त बाजार हेतु मार्गों से लगी अचल सम्पत्तियां | 0.25 | 0.30 | 0.45 | 0.60 | 0.30 | 0.35 | 0.50 | 0.65 | 0.35 | 0.40 | 0.60 | 0.80 |
| 2. | इन्द्रा कॉलोनी, रामपुरी, ब्रहमपुरी, आर्यपुरी, गौशाला, कायस्थवाड़ा, सुलटीनगंज, मार्टिन गंज, पीरजादगान, वैयर गंज, लम्बा बाजार, बाग कैशोदार, सरवट दरवाजा पूर्वी आहता औलिया, गड़ी गोरवान, बकर कस्सावान, नवाबगंज पश्चिमी, मंडी कोना, सरवट दरवाजा उत्तरी ब्रहमनान, पटवियान, घैरकालेराय, गडरियान | 0.20 | 0.25 | 0.40 | 0.55 | 0.25 | 0.30 | 0.45 | 0.60 | 0.30 | 0.35 | 0.55 | 0.75 |
| 3. | लद्धावाला, लद्दावाला उत्तरी, मल्हूपुरा, केवलपुरी, सरवट, काहारान, खटीकान, बंजारान, नवाबगंज पूर्वी, कुचा अमीर सिंह, तहसील, पुश्त तहसील, रामलीला टीला, आबकारी, नया बांस, कुन्दनपुरा, सुधराशाही, पारसनाथ, कटेहरा सैय्यदान, बाग जानकीदास, सरवट दरवाजा पश्चिमी, गंगारामपुरा, आनन्दपुरी, गाजावाली, जनकपुरी महमूदनगर, कृष्णापुरी, खादरवाला, कृष्णापुरी दक्षिणी, प्रेमपुरी, छिम्पीवाडा पूर्वी, छिम्पीवाडा पश्चिमी, खादरवाला दक्षिणी, अब्बुपुरा पूर्वी, अब्बपुरा पश्चिमी, इमामबाडा खालापार, खालापार दक्षिणी, किदवईनगर, काजियान, ठाकुरद्वारा, रैदासपुरी, पंचदरा, मोतीमहल की आबादी (बाजार सम्मिलित नहीं है) | 0.15 | 0.20 | 0.35 | 0.45 | 0.20 | 0.25 | 0.40 | 0.50 | 0.25 | 0.30 | 0.45 | 0.60 |
| 4. | सरवट, सहावली, मीरापुर, बीबीपुर, खांजापुर, कुकडा, अलमासपुर, सूजडू, शाहब. ुद्दीनपुर, वहलना, मंधेडा, शेरनगर आंशिक, मुस्तफाबाद आंशिक अमित विहार, बच्चन सिंह कॉलोनी, गंगा विहार, शान्तिनगर, गांधीनगर, बिलासपुर आंशिक, अंकित विहार, शिवनगर, (नव विस्तारित क्षेत्र में स्थित समस्त पुराने ग्राम इस राजस्व ग्राम के क्षेत्रों में बनी नई कॉलोनियां व भवन इस श्रेणी में सम्मिलित नहीं है) | 0.10 | 0.15 | 0.25 | 0.40 | 0.15 | 0.20 | 0.30 | 0.45 | 0.20 | 0.25 | 0.35 | 0.50 |

**नोट/स्पष्टीकरण:-**

1-व्यवसायिक भवनों एवं किसी भी श्रेणी के शॉरूम के लिए उक्त दरों में 20 प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ गणना की जायेगी।
2-ऐसी दुकान जिसका कवर्ड एरिया 200 वर्गफुट से अधिक होगा उसे शॉरूम की श्रेणी में लिया जायेगा।
3-समस्त किराये के (आवासीय एवं गैर आवासीय) भवनों में उपरोक्त गणना के आधार पर आये वार्षिक मूल्यांकन में 25 प्रतिशत की बढोत्तरी की जायेगी।
4- सभी प्रकार के शॉरूम, होटल, बैंक हाल, निजी पार्किंग स्थल, बैंक, पर्यटन ईकायो के होटल, मनोरंजन पार्क, किराये के भवनों आदि के लिए गुणांक 04 होगा।
5-200 वर्गफुट तक की दुकान अथवा अन्य गैर आवासीय प्रयोग के लिए दरों में वृद्धि नहीं होगी केवल गुणाक 04 से होगी।
6-इस सूची में जिन मौहल्लों के नाम यदि सम्मिलित नहीं है उन्हें क्रम संख्या 3 में गिना जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर**

# शुकतीर्थ एनएसएस शिविर में साइबर क्राइम से बचाव को हुई संगोष्ठी

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में महर्षि शुकदेव स्वामी कल्याण देव डिग्री कालेज मोरना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित शिविर के चौथे दिन मंगलवार को साइबर क्राइम से बचाव को लेकर जन जागरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव को लेकर जागरूक किया। शिविर में मुख्य वक्ता उप निरीक्षक रणवीर सिंह ने कहा कि साइबर ठगी से बचने के लिए अज्ञात नंबरों द्वारा भेजे गए संदेशों से प्राप्त फाइलों को कभी भी स्वीकार या डाउनलोड न करें। आपकी बैंक आईडी और पासवर्ड आपकी सुरक्षा के लिए हैं, इन्हें किसी के साथ साझा ना करें। पासवर्ड आपका हथियार है इसलिए मजबूत पासवर्ड बनाएं। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर साइबर सुरक्षा से जुड़ी शिकायत के लिए कॉल कर सकते हैं। सतर्क रहें सुरक्षित रहे। पुलिस उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने कहा कि साइबर अपराध कंप्यूटर डिजिटल डिवाइस या नेटवर्क से जुड़ी कोई भी आपराधिक गतिविधि है। अधिकांश साइबर अपराधियों का लक्ष्य अपनी आपराधिक गतिविधियों से लाभ कमाना होता है। इसलिए साइबर ठगी के प्रति सतर्क रहे सतर्कता में ही समझदारी है। इसके बाद छात्रा रितु, जानकी, प्राची, मानसी, प्रियांगी, नबिया, पायल पायल, खुशी, हिमानी, महर, नव्या, महविश, बबली, प्राची गर्ग आदि छात्राओं ने घर घर जाकर महिलाओं को साइबर क्राइम से बचाव को लेकर जागरूक किया।



### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र यामीन मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैंने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेन देन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**बुन्दू पुत्र श्री अब्दुल हफीज**
**निवासी-ग्राम सीकरी,**
**थाना भोपा**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना गलत नाम JAHEER ALAM से बदलकर ZAHEER ALAM कर लिया है, अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिये ZAHEER ALAM के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाऐ।

**जहीर आलम पुत्र अली मौहम्मद निवासी ग्राम तेवडा, थाना- ककरौली, तहसील जानसठ, जिला-मुजफ्फरनगर**

### NAME CHANGE

I, MOHD NAFEES AHMED S/O MANZOOR HASAN R/O-1439, SARWAT, P/S CIVIL LINE, DISTT. MUZAFFARNAGAR (U.P.) Have changed my name to NAFEES AHMAD.

### सूचना बेदखली

मेरा पुत्र शिवकुमार,पुत्रवधु रविता व पौत्र दिव्यांश मेरे कहने सुनने में नहीं है। उक्त तीनों की गलत लोगों के साथ संगत हैं। मैंने उक्त से पारिवारिक व सामाजिक संबंध समाप्त कर लिए हैं। मैं उक्त तीनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा इनसे अब कोई सम्बन्ध नहीं है। मैं इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का जिम्मेदार नहीं हूँ।

**राजेंद्र पुत्र नत्थू**
**गांव रहकडा,थाना भोपा**
**तहसील जानसठ**
**जिला मुज़फ्फरनगर**

### सूचना

मेरा पुत्र मौहम्मद कलीम काफी समय से मेरे कहने सुनने में नही है। उसका चाल चलन सही नही है। मौहम्मद कलीम ने मुझे बिना बताये गैर जाति की लडकी शाईस्ता से कोर्ट मैरिज कर ली है। इसलिए मैने व मेरे परिवार ने मौहम्मद कलीम व उसकी पत्नी शाईस्ता से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मुनीर अहमद पुत्र मौ.इस्लाम (ग्राम बझेडी )हाल निवासी पेड वाली गली, म.न.308 कच्ची सडक थाना सिविल लाईन जिला-मुजफ्फरनगर**

# दोबारा परीक्षा करवाने की मांग को लेकर छात्राओं ने लगाया जाम

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षा के केंद्र पर छात्राओं को गलत प्रश्नपत्र देने के मामले ने तूल पकड़ लिया जिसके बाद पीड़ित छात्राएं ने शिक्षकों के साथ परीक्षा केंद्र पर पहुँच छात्राओं ने हंगामा करते हुय जीटी रोड पर बैठ कर जाम लगाते हुय हिंदी के पेपर को दोबारा कराने की मांग की। वही छात्राओं के हंगामे और जाम लगाने की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने छात्राओं को समझा बुझाकर शांत करने के बाद स्कूल प्रधानाचार्य को जमकर फटकार लगाई।

बोर्ड परीक्षा की व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय प्रशासन के तमाम दावे पहले ही दिन कस्बे में फेल नजर आए। जहाँ कस्बे के एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को उस विषय का प्रश्न पत्र थमा दिया गया जो विषय उन्होंने लिया ही नहीं था।

बाद में परीक्षार्थियों ने इस पूरे घटनाक्रम को लेकर न केवल हंगामा किया, बल्कि थाने में पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की। इस पूरे प्रकरण पर स्थानीय प्रशासन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं था, जबकि संबंधित विभाग जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ने स्वीकार किया था कि प्रकरण बेहद गंभीर है और इसमें केंद्र प्रभारी से लेकर नीचे स्तर तक जो जो जिम्मेदार होंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को इस मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया जब कस्बे के बुढाना मार्ग स्तिथ शिशु शिक्षा निकेतन के अधादर्जन छात्राएं स्कूल के शिक्षकों के साथ परीक्षा केंद्र कबूल कन्या इंटर कॉलिज पर पहुँची जहाँ उनके हंगामे को देख भाकियू नेता अंकुश प्रधान, और सचिन चौधरी, भैसी ग्राम प्रधान अमित चौधरी व अन्य भाकियू नेताओं ने भी छात्राओं के प्रदर्शन का समर्थन करते हुय छात्राओं के साथ मिलकर जीटी रोड पर बैठक कर जाम लगा दिया।

हंगामे और जाम की सूचना के बाद मौके पर पहुँचे कोतवाल ब्रजेश कुमार ने छात्राओं को समझा बुझाकर शांत कर जाम खुलवाया उसके बाद कोतवाल ने छात्राओं के स्कूल के संस्थापक को छात्राओं को जाम लगाने के लिए मजबूर करने को लेकर जमकर फटकार लगाई। छात्राओं ने मंगलावर को जमकर हंगामा करते हुय दोबारा हिंदी की परीक्षा कराने की मांग की। वही दूसरी और जब जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सामान्य हिंदी के परीक्षार्थियों को गलती से साहित्यिक हिंदी का प्रश्न पत्र दे दिया गया था और यह पूरी गलती केंद्र व्यवस्थापक से लेकर केंद्र प्रभारी व अन्य कर्मचारियों की है, जिसकी जांच उन्होंने खुद करने के बाद केंद्र व्यवस्थापक और केंद्र प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुय उन्हें पद से हटा दिया गया है, और वही इनबिजिलेट कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### जाम नहीं लगने दूंगा लाठी मारकर अंदर कर दूंगा: कोतवाल

**खतौली।** परीक्षा में गलत पेपर मिलने के मामले में छात्राओं और शिक्षकों व अभिभावकों द्वारा परीक्षा सेंटर के सामने जीटी रोड पर जाम लगने की सूचना के बाद जैसे ही कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा मौके पर पहुँचे तो उन्होंने लोगों और छात्राओं से सड़क से उठकर जाम खोलने की अपील की जिसकों लेकर लोगों और कोतवाल के बीच तीखी नोकझोक हुई जिसके बाद कोतवाल ने एक अभिभावक को जबरन सड़क से उठाकर जाम खुलवाने के बाद छात्राओं को जबरन जाम लगाने के लिए उकसाने वाले शिशु शिक्षा निकेतन के संस्थापक कांता स्वरूप सिंघल को जमकर हड़काते हुय उनके खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

## एनसीआर में लग्जरी कार चुराने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से लग्जरी कार चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो बदमाशों को मन्सूरपुर पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन लग्जरी कार व दो बुलट बरामद की है।

पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी सत्यनाायण प्रजापत ने बताया, डीआइजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह के आदेश पर मंसूरपुर थाना प्रभारी सुभाष अत्री व एसओजी प्रभारी जोगेंद्र सिंह की टीम के साथ लच्छेड़ा अंडरपास पर चेकिंग के दौरान उन्होंने बिना नंबर की स्विफ्ट कार को रोका। उसमें सवार फिरोज पुत्र उमरदराज निवासीरफत खान का मकान जामिया नगर थाना खालापार, हाल निवासी एस-10 प्रथम फ्लोर जोगाबाई एकस्टेनशन औखला, जामिया नगर, नई दिल्ली व अरशद उर्फ बोबा पुत्र अनवर हुसैन निवासी खालापार, हाल पता लकीपुरा कालोनी गली नंबर-29 थाना लिसाड़ीगेट जिला मेरठ की तलाशी के दौरान दो तमंचे बरामद हुए और गाडी के कागज नही पाये गये। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि कार चोरी की है और उनका गिरोह दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से कार चोरी करने के बाद उनके फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचने के लिए देता है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर एक ब्रेजा कार, एक हुडई कंपनी की आइ-20 कार व दो बुलट बरामद की। गिरोह के शामिल दो बदमाश आसिफ पुत्र हनीफ निवासी कस्बा व थाना ककरौली व तारिक पुत्र नामालूम थाना खालापार फरार है। एसपी सिटी ने बताया कि यह गिरोह दिल्ली से सटे जिलों से लग्जरी कार चोरी करके इंजन व चेसिस नम्बर बदलकर बेच देते हैं और तारिक चोरी की कारों के इंजन व चेसिस नंबर घिसकर बदलता देता है और फिर छत्तीसगढ़, हिमाचल आदि छोटे राज्यों के फर्जी दस्तावेज बनाकर चोरी की कारों को बेचने के लिए फिरोज व अरशद को देता हैं। गिरोह में 15 बदमाश शामिल है, जिन पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि यह गिरोह संगठित होकर आर्थिक लाभ के लिए वारदात करता है।

### जौला में आसपाकां में शामिल हुए ग्रामीण

**बुढ़ाना।** विधानसभा क्षेत्र के गांव जौला में सैंकड़ों ग्रामीण आजाद समाज पार्टी कांशीराम में शामिल हुए। सभी उपस्थित ग्रामीणों ने यहां पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को छोड़ते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण में आस्था जताई और उनके जिंदाबाद के नारे लगाए। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के गांव जोला में बीती सोमवार की देर रात आजाद समाज पार्टी कांशीराम की सदस्यता अभियान का एक प्रोग्राम रखा गया। जिसमें आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी डीपी सिंह, आजाद समाज पार्टी कांशीराम की अनुशासन समिति के सचिव बूपड़िया, आजाद समाज पार्टी कांशीराम के मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष रविकांत गौतम, मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष रजत निठारिया, जिला प्रभारी विकास अंबेडकर, खतौली विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष गौरव तेजियान, प्रभात कुमार और अब्दुल्लाह कुरेशी के समक्ष गांव जौला के मुस्लिम समाज के सैंकड़ों लोगों ने सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद से प्रभावित होकर आजाद समाज पार्टी कांशीराम में शामिल होने की घोषणा की। इस दौरान जिला प्रभारी विकास अंबेडकर ने इसके लिए सभी ग्रामीणों का आभार जताया।

## महाशिवरात्रि पर्व पर बुढ़ाना में दिखी भोलों की भीड़

- शिवालयों पर मेले जैसे दृश्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** कस्बे और आसपास के गांवों मे मुजफ्फरनगर वाया बड़ौत मार्ग पर जगह जगह महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों में काफी उत्साह दिख रहा है। कस्बे और क्षेत्र के कई शिवालयों में भक्तों की काफी भीड़ सुबह से ही नजर आ रही है।

महा शिव रात्रि पर्व को लेकर एक तरफ कई प्रसिद्ध मंदिरों में खास साज सजावट की गई है तो दूसरी तरफ स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने भी अच्छे खासे पुलिस बल को तैनात कर रखा है ताकि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को परेशानी न हो और शांति व्यवस्था बनी रहे। भोले डीजे की धुन पर डाक कांवड़ यात्रा के तहत अपने गंतव्य की और बढे चले जा रहे हैं। कस्बे और क्षेत्र मे महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भोले कांवड़ और जल लेकर आगे बढ़ते ही जा रहे हैं। नगर पंचायत बुढाना मे भी काफी सजावट की गयी है। कुछ भोले शिव भक्त आराम करते मिले तो कुछ अपनी जरुरत के हिसाब से कुछ समय के लिए रुके। इस दौरान हर हर महादेव से पूरा कस्बा और क्षेत्र गूंज उठा। ये यात्रा और झांकियां देखने के लिए शहर के लोग घरों की छतों और सड़कों पर भी काफी संख्या मे नजर आए। उधर दूसरी और बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल आनंदपुर चौकी प्रभारी सुरेंद्र राव और बायवाला चौकी प्रभारी किशनपाल सिंह यादव क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के चलते बारीकी से नजर रखे रहे।

## शाह इस्लामिक लाइब्रेरी की बैठक में अहम मुद्दों पर प्रस्ताव पास

**मज़फ्फरनगर।** लोहिया बाज़ार स्थित मस्जिद हौज़वाली में शाह इस्लामिक एकेडमिक की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई जिसमें शहर की मस्जिदों के इमाम, मदरसों के शिक्षक और ज़िला जमीयत उलमा के प्रमुख पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। यहां जंतरी ड्ढकैलेंडरत्रः का विमोचन करने के साथ ही रमजान की समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपने का प्रस्ताव पास किया गया।

मंगलवार को आयोजित बैठक में रमज़ान के मुबारक महीने पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मौलाना अब्दुल खालिक नईमी कासमी, महासचिव, ज़िला जमीयत उलमा ने की। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्यों की सफलता का पहला नियम आपसी परामर्श है। बैठक का संचालन कारी मोहम्मद खालिद बशीर कासमी ने किया। उन्होंने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना जल्द ही शुरू होने वाला




है। ऐसे में शहर और ज़िले के लिए एक संगठित और सुव्यवस्थित योजना बनाना आवश्यक है, ताकि रमज़ान के दौरान व्यक्तिगत इबादतों के साथ-साथ सामूहिक कार्यों का भी उचित प्रबंध किया जा सके और सामाजिक एवं कल्याणकारी कार्यों को और अधिक बढ़ावा दिया जाए। बैठक में प्रमुख वक्ताओं में मुफ्ती ज़हीर अहमद, अलीम कासमी, मुफ्ती शराफ़त अली, मुफ्ती मोहम्मद ज़ाहिद कासमी, मौलाना मोहम्मद जमशेद कासमी, कारी मोहम्मद इमरान रहीमी ने विचार रखे। इसके अलावा, रमज़ान के धार्मिक और प्रशासनिक कार्यों की देखरेख के लिए 11-सदस्यीय समिति का गठन किया गया। बैठक में, शाह इस्लामिक अकैडमी की ओर से शहर के उलमा और मस्जिदों के इमामों को रमज़ान गिफ्ट भेंट किया गया। बैठक में मौलाना फ़सीह हैदर, कारी शौकत अली, महबूब आलम एडवोकेट, मास्टर अख्तर खान, कारी मोइकराम, कारी ज़रीफ अहमद, मो. परवेज़ कुरैशी, नवाब दिलशाद इलाही, अब्दुल्लाह कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला अस्पताल में कुत्तों की पिटाई पर डीएम सख्त

**मुजफ्फरनगर।** जिला महिला और पुरुष अस्पताल के परिसर में कुत्तों की पिटाई करने के मामले में मेनका गांधी की एनजीओ शिकायत की पर डीएम उमेश मिश्रा ने जांच करने के आदेश दिये। डीएम के आदेश पर सीएमएस ने प्रकरण की जांच के लिए अपनी अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित करते हुए पांच दिन में रिपोर्ट तलब की है। कुत्तों की पिटाई को लेकर लोगों से तीन दिन में समिति के समक्ष साक्ष्य उपलब्ध कराने का समय भी निर्धारित किया गया है। दरअसल मामला 14 फरवरी को दिन जिला अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों को कुछ कर्मचारियों ने पकड़कर उनको दूर ले जाकर छोड़ने और उनकी पिटाई से जुड़ा है। इस मामले में अरविन्द शर्मा पुत्र जयप्रकाश शर्मा निवासी भरतिया कालानी के द्वारा सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया से मिलकर शिकायत करते हुए कुत्तों के साथ क्रूरता किये जाने पर नाराजगी जाहिर की थी और जांच कराकर आरोपी पर कार्यवाही करने की मांग की थी। उनके द्वारा शहर कोतवाली में भी तहरीर देते हुए दो कर्मचारी और एक फार्मासिस्ट के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराने को तहरीर भी दी गई थी। कार्यवाही नहीं होने पर उनके द्वारा मेनका गांधी के एनजीओ को शिकायत की गई, जहां से मामले में डीएम उमेश मिश्रा को शिकायत मिली तो डीएम ने सख्त आदेश जारी करते हुए सीएमएस डॉ. संजय वर्मा से जांच रिपोर्ट तलब की।सीएमएस ने बताया कि जिला चिकित्सालय पुरूष एंव जिला महिला चिकित्सालय महिला परिसर में कुत्तों को मारने-पीटने की घटना प्रकाश में आने पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पर तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है जिसमें सीएमएस डॉ. संजय कुमार वर्मा अध्यक्ष और उनके साथ ही चिकित्सा अधिकारी और सीएमओ द्वारा नामित एसीएमओ स्तरीय अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि कुत्तों को मारने-पीटने के संबंध में जो भी व्यक्ति, एवं कर्मचारी कोई साक्ष्य या ब्यान प्रस्तुत करना चाहे तो वह समिति के सम्मुख 03 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। इस विषय में जांच कर अपनी आख्या 05 दिन के अन्दर समिति प्रस्तुत करेगी।

### कार की टककर से बाइक सवार घायल

**मोरना।** शुकतीर्थ में मुख्य मार्ग पर कार ने बाईक मे टककर मार दी। जिससे बाईक सवार घायल हो गया। घायल को मोरना अस्पताल मे लाया गया। भोपा थाना क्षेत्र के शुकतीर्थ निवासी नरेश 45 वर्ष मंगलवार को बाइक द्वारा मोरना की ओर जा रहा था। नरेश के अनुसार सामने से आ रही कार ने उसकी बाइक को टककर मार दी। घायल को मोरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिये लाया गया। पीड़ित ने आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला

**बुढ़ाना।** डीएवी महाविद्यालय बुढाना के सचिव अरविंद कुमार और प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कुमार ने सामूहिक रूप से मंगलवार के दिन मां सरस्वती औ श्री गणेश जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर अरविंद कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना ऐसी योजना है जिसमें सामुदायिक सेवा का निरूस्वार्थ भाव रहता है। इस कार्यक्रम में यहां पर जोनी कुमार ने समस्त विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के बारे में पूरी जानकारी दी। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से तरूण कुमार, रोहित कुमार, कुमारी वंघशिका, कुमारी वीशू, कुमारी पायल, कुमारी नीलम, विश्वास कुमार और कुमारी आंचल आदि छात्र छात्राओं की उपस्थिति देखने को मिली।

### भोकरहेड़ी से गुजरे अनेक कांवड़िए

**मोरना।** हरिद्वार से कांवड में गंगा जल लेकर आने कांवडियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिन्हें देखने के लिए बच्चे व महिलाएं घरों से बाहर सड़क पर खड़े रहे। कई जगहों पर ग्रामीणों ने शिव भक्तों की सेवा के लिए जगह जगह शिविर लगाए है। हरिद्वार से लक्सर के बाद मजलिसपुर तौफीर के रास्ते से आने वाले कांवडियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मंगलवार को कस्बे से गुजरे। शिव भक्तों की सेवा के लिए कस्बा भोकरहेड़ी में बस स्टैंड व लक्सर रोड तथा गांव छछरौली, भेडाहेडी आदि गांवों में कांवड सेवा शिविर लगाए है। कांवडियों को देखने के लिए बच्चे व महिलाएं घरों से बाहर सड़क पर खड़े रहे। कई जगहों पर भाकियू के मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मिंटू राठी, चौधरी नरेंद्र सिंह आदि भी शिव भक्तों की सेवा में जुटे नजर आए। प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया व ककरौली प्रभारी निरीक्षक जय सिंह भाटी पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र में घूम रहे है इसके अलावा जगह जगह पुलिस डयूटी लगाई गई है।

### देश में धर्म के प्रति जनता में अलख जगाने का काम कर रहे योगी

**बुढ़ाना।** युवा अधिवक्ता संजय त्यागी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आज देश में भक्ति की लहर है। जिसका सम्पूर्ण श्रेय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है क्योंकि योगी से पहले भी देश और प्रदेशों में शासक आए हैं जिनके शासनकाल में धर्म को कमजोर करने वाली पश्चिमी सभ्यता ने समाज में पैर पसार लिए थे लेकिन आज पूरा विश्व देख रहा है कि देश की आधी आबादी महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगा चुकी है। कल महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रयागराज के साथ साथ वाराणसी और अयोध्या में भी अपार भक्तों की भीड़ जमा हो गयी है। ऐसा दृश्य आजादी के बाद से कभी भी देखने को नहीं मिला है। एक अच्छा शासक ही समाज में बदलाव लाता है।

## मौलिक अधिकार और कर्तव्यों पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जैन कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सी एस श्रीमती आयुषी मित्तल ,डॉ राजीव कुमार बाल कल्याण समिति सदस्य,डॉ विनिता जैन पूर्व विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान जेकेपीजी कॉलेज और कार्यक्रम अधिकारी डॉ वर्चसा सैनी ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुषी मित्तल ने स्वयं सेवकों को बताया कि अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और वे वास्तव में एक-दूसरे से जुड़े हुए और अविभाज्य हैं। कर्तव्य अधिकारों का स्रोत है, अधिकार तभी प्राप्त होते हैं जब कर्तव्यों का अच्छी तरह से पालन किया जाता है। डॉ विनीता जैन ने बताया मौलिक अधिकार वे बुनियादी अधिकार और स्वतंत्रताएं हैं जो किसी व्यक्ति को उसके जीवन के लिए ज़रूरी होती हैं. ये अधिकार संविधान के ज़रिए नागरिकों को दिए जाते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ वर्चसा सैनी ने कहा मौलिक अधिकारों को मौलिक इसलिए कहा जाता है क्योंकि इन्हें देश के संविधान में जगह दी गई है। कार्यक्रम में इल्मा ,सुनील, सुभाष आदि का सहयोग रहा।

## कल्याण देव डिग्री कॉलेज वर्षा जल संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** मंगलवार को स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज बघरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सप्त दिवसीय शिवर के चौथे दिन का कैच द रैन विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम शुभारम्भ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अलीपुर पपिन कुमार, महाविद्यालय प्राचार्य डा. ब्रज गोपाल शर्मा कार्यक्रम अधिकारी डा. सतेन्द्र कुमार, डा. विनीत, डा. विपिन सैनी, डा. रंधीर कुमार द्वारा माँ सरस्वती व स्वामी कल्याण देव जी महाराज के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।प्रदुषण व कैच द रैन विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता व नारी शिक्षा मतदान जागरूकता पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि विषय पर्यावरण एवं जल संचय रखा गया इस अवसर पर अरविंद पाल सिंह कपूर ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखना और जल को बचाना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। सरकार के इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए जागरूकता जरूरी है। नेहरु युवा केन्द्र मुज़फ्फरनगर कि और से अभियान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य रूप से प्राची, तनु, गार्गी, काजल,



शाक्षी, अनु, मीनाक्षी आदि ने शिविर में बढ़-चढ़ भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वंदना, राजपाल सिंह, शेखर शर्मा, बालेन्द्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, डा.दुष्यंत, कृष्ण कुमार, प्रमोद, मंतोष, आदि का सहयोग रहा।

## जनता ने आखरी मौका दिया तो खतौली बनेगी स्मार्ट सिटी : राजबीर टीटू

### स्मार्ट क्लास में पढ़ेंगे संस्कृत और प्राइवेट स्कूल विद्यार्थी

- क्षेत्र को चाहिए जागरूक और सशक्त जनप्रतिनिधि

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली नगर भी बड़े शहरों की तरह चमक सकता है। अगर खतौली को स्मार्ट सिटी बनाया जाए तो ये मुमकिन है। क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू ने

जनता से अपील करते हुय कहा कि जनता ने उन्हें आखरी बार मौका दिया तो वे खतौली, जानसठ को स्मार्ट सिटी बना कर युवाओं के साथ साथ संस्कृत और प्राइवेट विद्यालय के छात्रों को स्मार्ट क्लासों में पढ़ाया जाएगा। साथ ही कस्बे में सभी ट्रेनों का स्टॉपेज भी कराने की बात कही। स्मार्ट सिटी के साथ साथ खतौली को जिला भी बनाया जाएगा तभी खतौली और जानसठ की जनता को रोजगार के नए आयाम मिलेंगे।

सोमवार को राजबीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू ने खतौली की जनता से अपील करते हुय कहा कि खतौली की जनता अगर उन्हें इस बार आखरी बार मौका दे तो वे खतौली की जनता के सपनों को हकीकत में बदल देंगे। उन्होंने जनता के सपनों को हकीकत बदलने की बात कहते हुय कहा कि हमे पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाना होगा और उसके बाद खतौली को जिला उसके बाद ही खतौली और जानसठ की नई



तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि अलग राज्य और खतौली जिला बनने के बाद खतौली रेलवे स्टेशन जंक्सन बनेगा जिसके बाद खतौली में सभी एक्सप्रेस ट्रेनें रुकेगी जिसका लाभ जानसठ और खतौली नगरवासियो को मिलेगा।

यही नही खतौली के प्राइवेट स्कूल कॉलिज ही नही बल्कि हमारे खतौली में एक मात्र थानेश्वर महादेवालय मंदिर में स्तिथ संस्कृत माह विद्यालय के छात्र भी हाईटेक क्लासों में पढ़ सकेंगे, आज संस्कृत विद्यालयों में मात्र किताबे ही है लेकिन स्मार्ट सिटी और जिला बनने के बाद हमारे संस्कृत के छात्रों को कम्प्यूटर और ऑनलाइन प्रोजेक्टर जैसी सुविधाएं भी मिलेगी। यही नही युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। आज हमारा युवा सड़कों पर बेरोजगार घूम रहा है लेकिन जनता का साथ मिला तो खतौली की तस्वीर बदलेगी और युवाओं को रोजगार मिलेगा। दिल्ली पहुँचने के बाद उन्होंने भाजपा रेलवे मंत्री समेत शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर इस सम्बंध में वार्ता की जहां दोनों विभागों के मंत्रियों ने राजबीर सिंह से वार्ता करने के बाद सभी मांगो पर सहमति दर्ज कराते हुय उन्हें आश्वासन दिया।

### जिलों में खुल जाती है विकास की राह

राजबीर सिंह का कहना था कि छोटे जिले बनने पर विकास की राह बड़े जिले के मुकाबले आसान होती है. वहीं, छोटे जिलों में गुड गवर्नेंस और फास्ट्ट सर्विस डिलिवरी से लोगों के जीवनस्थ्तर में सुधार होता है। शहरों के साथ ही गांवों और कस्थ्बों की दूरी जिला मुख्यालय से कम हो जाती है। इससे आम लोगों और प्रशासन के बीच संवाद बढ़ता है। वहीं, सरकारी मशीनरी की रफ्तार भी बढ़ जाती है, विकास की रफ्तार तेज होने के साथ ही छोटे जिलों में कानून-व्यवस्था नियंत्रण में रखना आसान रहता है, शहरों, कस्थ्बों और गांवों के बीच कनेक्टिवटी बढ़ने से सरकाररी योजनाएं आम लोगों तक जल्थ्दी व आसानी से पहुंचाई जा सकती हैं। वहीं, राज्थ्य सरकार के राजस्थ्व में भी इजाफा होता है।

## महिला ने अवैध निर्माण रुकवाने की लगाई गुहार

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण महिला ने एसडीएम को एक शिकायती पत्र देते हुए अवैध निर्माण रुकवाए जाने की गुहार लगाई है जबकि पुलिस ने पीड़िता को यह कहकर टरका दिया कि वह न्यायालय का आदेश लेकर आए तभी निर्माण कार्य रुकवाया जा सकता है जबकि अवैध निर्माण कार्य को लेकर दोनों पक्षों में कभी भी टकराव हो सकता है।

मिली जानकारी के अनुसार सुनीता पत्नी राजबहादुर निवासी ग्राम अटाली ने बताया कि उसका एक मकान बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अटाली में स्थित है। जिस पर उसकी पुत्रवधु मोनिका ने जबरन कब्जा कर रखा है। इसी सम्बन्ध मे उसका और उसकी पुत्रवधु मोनिका के बीच में सिविज जज जूनियर डिवीजन बुढाना के यहां पर एक वाद नियोजित है। इसी मकान में उसकी पुत्र वधु मोनिका एक दुकान का निर्माण कर रही है जिससे वाद पर विपरित प्रभाव पडेगा। पीड़िता ने एसडीएम बुढ़ाना से गुहार लगाई है कि उसके मकान में उसकी पुत्र वधु मोनिका द्वारा कराये जा रहे दुकान के निर्माण को अविलंब रोका जाए और कानूनी कार्यवाही की जाए। दूसरी और आरोप है कि उक्त पीड़िता जब बुढ़ाना पुलिस के पास गयी तो बुढ़ाना पुलिस ने पीड़िता सुनीता को यह कहकर बैरंग कर दिया कि वह उनको कोर्ट का आदेश दिखाए तो वह कार्य रुकवा देंगें। कुल मिलाकर दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ है और शायद पुलिस किसी बड़ी घटना का इन्तजार कर रही है।

### शुगर मिल में चलाया सफाई अभियान

**खतौली।** खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा जो 17 फरवरी से 28 फरवरी तक मनाया जाना है इसी क्रम में चीनी मिल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में चीनी मिल के केन यार्ड में मंगलवार को सफाई अभियान चलाया गया और सभी को साफ सफाई के लिये जागरूक किया गया। इस अभियान में चीनी मिल के इकाई प्रमुख डॉ. अशोक कुमार, गन्ना महा प्रबंधक कुलदीप राठी अतिरिक्त गन्ना महा प्रबंधक एके सिंह, मानव संसाधन प्रमुख डीपी सिंह, ओपी मिश्रा और डीपी गुप्ता तथा प्रशासनिक हेड सुशांत ठाकुर मौजूद रहे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने आवास तथा कार्यस्थल पर स्वच्छता के लिए संकल्प लिया। चीनी मिल में प्रतिदिन इस पखवाड़े में विभिन्न स्थानों पर तय कार्यक्रम के अनुसार हर जगह साफ सफाई का कार्यक्रम किया जा रहा है।

## खाईखेड़ी चीनी मिल के गन्ने के अवरलोड वाहनों पर रोक लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** क्षेत्र में खाइखेड़ी चीनी मिलो के गन्ने के अवरलोड वाहन खुलेआम दोडते नजर आ रहे हे ।आए दिन क्षेत्रवासी जहाँ इन अवरलोड गन्ने के वाहनों के शिकार होने से बाल बाल बचते है। तो कही असमय इन अवरलोड गन्ने के वाहनों की चपेट में आकर मौत के मुंह मे समा जाते है। प्रदेश में भाजपा की दोबारा सरकार को बने हुए भी जहाँ तीन साल बीत चुके हे और प्रदेशवासियों को कुछ समस्याओं से निजात भी मिली है ।लेकिन वही कुछ समस्याएं अब भी ज्यो की त्यों खड़ी है । जहाँ पहले डग्गामार वाहन सड़को पर खुलेआम दौड़ते थे लेकिन अब उसमें कमी आयी है।और हर वर्ष बड़ी संख्या में प्रदेशवासी सड़क हादसों में अपनी जान गंवा बैठते थे ।वही योगी आदित्यनाथ के पहली बार ही मुख्यमंत्री की गद्दी सँभालने के बाद जहा प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार वाहनों के सड़को पर दौड़ने पर रोक लगी थी। और इस समस्या से प्रदेशवासियों को राहत मिली वही अब भी प्रशासन की मिली भगत से क्षेत्र में गन्ने के अवरलोड वाहन खुलेआम दौड़ रहे है। खाइखेड़ी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों से गन्ने उठाकर जाने वाले यह अवरलोड वाहन खुलेआम सड़को पर मौत के रूप में घूम रहे है। जहाँ खाइखेड़ी चीनी मिल के यह गन्ने के अवरलोड वाहन बड़े हादसों का सबब बनते है ।वही यह अवरलोड गन्ने के वाहन ही जहाँ जाम का कारण बनते है ।और अनेको बार बड़ी दुर्घटना का सबब भी यही गन्ने के अवरलोड वाहन बनते है। देश के प्रधानमंत्री जहाँ देशवासियों को गढ्ढा मुक्त सड़के देना चाहते है।देश और प्रदेश में अभियान चलाकर देश की सड़कों को बड़े पैमाने पर गढ्ढा मुक्त किया गया है।और प्रदेश में भारी लागत से प्रदेशवासियों को बेहतर सड़के दी जा रही है तो वही यही अवरलोड गन्ने के वाहन सड़को को खराब कर रहे है और प्रशासन सब कुछ देखते हुए भी मूकदर्शक बना हुआ हेस भाजपा की सरकार में भी इन अवरलोड गन्ने के वाहनों का संचालन किसकी शह पर हो रहा है यह तो चीनी मिल के स्वामी या इनके वाहनों के स्वामी ही जानते है लेकिन इन अवरलोड वाहनों के संचालन से सरकार को रोज बड़े राजस्व की हानि हो रही है ।और प्रशासन मूकदर्शक बनकर यह सब देख रहा है इन प्रतिदिन दौड़ने वाले चीनी मिलों के अवरलोड वाहनों के संचालन से या तो प्रशासन बेखबर है या फिर जानबूझकर इन अवरलोड गन्ने के वाहनों से बेखबर बना हुआ है। वही यह अवरलोड वाहन खुलेआम बड़ी दुर्घटनाओं को अंजाम देते नजर आ रहे है ।और देश के प्रधानमंत्री पूरे देश की सड़कों को बेहतर बनाने में लगे हुए है। और बड़े बड़े हाइवे निकालकर बड़े सफर को भी आसान कर रहे है। और दिल्ली तक का सफर जहाँ तीन घण्टे से भी पहले होता नजर आ रहे है लेकिन इन अवरलोड गन्ने के वाहनों ने सड़को को पूरी तरह खराब करने का ठेका ले रखा है।और इन पर प्रशासन कोई कार्यवाही नही करता नजर आ रहा है जिससे इन अवरलोड गन्ने के ट्रकों को खुलेआम संचालित करने से कोई गुरेज नही हो रही है और यह अवरलोड वाहनों के स्वामी सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व का चूना लगाकर प्रतिदिन मोटी रकम कमा रहे है। और प्रदेश में चाहे बसपा,सपा या फिर भाजपा की सरकार हो इन पर कोई फर्क नही पड़ता है ।और चांदी की चमक के आगे इन अवरलोड वाहनों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नन्हे बच्चों को बेचा जा रहा था एक्सपायर खाने का सामान

## खाद्य सुरक्षा टीम ने सरवरपीर कालोनी में दुकानदार के यहां मारा छापा



शामली। दुकान पर छापामारी करती टीम।



शामली। खाद्य पदार्थों को एक-एक कर चेक करते हुए।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** फेरी कर सामान बेचने वाले को एक्सपायर सामान देने और वापस करने पर मारपीट की शिकायत पर डीएम के निर्देश पर पहुंची नायाब तहसीलदार के नेतृत्व में खादय सुरक्षा टीम ने शहर के सरवरपीर कालोनी में दुकान पर छापा मारा। जहां से भारी मात्रा में एक्सपायर बच्चों के खाने का सामान बरामद किया। टीम ने मौके पर सामान को नष्ट कराते हुए सेंपलिंग करते हुए परीक्षण के लिए भेज दिया है।

मंगलवार को कैराना क्षेत्र के गांव मन्ना माजरा निवासी प्रवीन पुत्र बाबूराम ने डीएम अरविन्द कुमार चौहान को शिकायती पत्र देकर बताया कि शहर के सरवरपीर रोड पर राहुल कनफेक्शनरी के नाम से दुकान है। जहां से पीडित ने फेरी कर सामान बेचने के लिए बच्चों की टॉफी, चॉकलेट, बिस्कट व अन्य सामान लिया था, लेकिन उक्त सामान एक्सपायर होने की जानकारी हुई तो गत 23 फरवरी को वापस करने के लिए गया, लेकिन उक्त दुकानदार ने सामान वापस लेने से इंकार कर दिया और मारपीट कर घायल कर दिया। प्रवीन की शिकायत पर डीएम ने संज्ञान लिया और नायाब तहसीलदा उमेश त्यागी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खादय सुरक्षा अधिकारी कंवरपाल, एसबी सिंह, पीके जयंत के नेतृत्व में एक टीम गठित कर जांच के लिए भेजी। जांच के दौरान दुकान पर अधिकतर सामान एक्सापायर तिथि का मिला। बच्चों के खाने के सामान अधिकतर निकली तिथि के थे, जो खाने लायक नही थे, लेकिन उसके बावजूद उक्त दुकानदार को गरीब बस्तियों में सस्ते दामों में बेचा जा रहा था। जिस पर टीम ने मौके पर दुकानदार के गोदाम की जांच की गई तो वहां पर भारी दुग.ंध फैली मिली। रखा खाने का सामान सड चुका था। कई खादय वस्तुए ऐसी थी जिनकी तिथि वर्ष 2020 में निकल चुकी थी और फिर भी उनको बेचा जा रहा था। खादय सुरक्षा टीम ने दुकान से कई सेंपल भरते हुए परीक्षण के लिए भेजे है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय ने बताया कि दुकान पर अनियमितता मिली है। एक्सपायर जोन नही बनाया गया था। जांच के बाद एफआईआर दर्ज कराकर कार्यवाही की जाएगी।

## शामली महोत्सव की तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद शामली में शामली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 7 मार्च 2025 से 10 मार्च 2025 के मध्य वी.वी. डिग्री कॉलेज माजरा रोड के मैदान पर आयोजित होगा। महोत्सव में जहां एक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, वहीं व्यापारियों, उद्यमियों तथा संस्थानों को भी अपने उत्पादों तथा सेवाओं को जनता के सामने प्रस्तुत करने के लिए उपर्युक्त मंच मिलेगा। महोत्सव स्थल पर इसके लिए स्टाल, फूड कोर्ट तथा पेवेलियन बनाए जा रहे है। जिन्हे व्यापारीध्उद्यमी निर्धारित शुल्क जमा कराकर बुक कर सकते हैं। छोटे स्टाल 10 फुट गुणा 10 फुट साईज के होंगे तथा बडे पेलेवियन 20 फुट गुणा 20 फुट के साइज के बनाए जाएंगे। फूड कोर्ट में स्टालों का साइज 10 फुट गुणा 20 फुट होगा तथा साथ ही किचन के लिए भी स्थान दिया जाएगा। अधिक जानक.ारी के लिए 9760348917 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# डीएम ने ली जिला पोषण समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला पंचायत सभागार शामली के सभागार में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक आहुत की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश के साथ ही जिन कार्यक्रमों में खामियां मिली उसमें सुधार के कड़े निर्देश दिए।समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैक्टर पर जो सेम बच्चों का डाटा दर्ज है उसको दुरुस्त करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिला.धिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गर्भवती,धात्री महिलाओं के घर नियमित भ्रमण कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा स्वच्छता आहार एवं समुचित खान पान की जानकारी दिए जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी यामिनी रंजन, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविका उपस्थित रहीं।




शामली। पोषण समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**झिंझाना।** घर के बाहर खड़ी सहारनपुर निवासी युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग।

सोमवार की देर शाम जनपद सहारनपुर के गंगोह निवासी आयन पुत्र नौशाद कस्बे के मोहल्ला तलाही स्वर्गीय अकील अहमद अपने नाना के यहां पर आया हुआ था। पीड़ित ने बताया कि रात्रि लगभग आठ बजे जब सब लोग खाना खाने के लिए घर के अंदर चले गए तो दरवाजे के बाहर खड़ी युवक की स्प्लेंडर बाइक को चोर चोरी कर लें गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## एक नजर

### तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित वारण्टी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 3 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगण आलमदीन पुत्र अब्बलहसन निवासी ग्राम धलापडा थाना गंगोह जिला सहारनपुर, अब्बल हसन पुत्र जमालू निवासी ग्राम धलापडा थाना गंगोह जिला सहारनपुर, शादीन पुत्र अब्बल हसन निवासी ग्राम धलापडा थाना गंगोह जिला सहारनपुर हैं।

### अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिनके कब्जे से 2 अवैध तमंचा मय 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त दीपक पुत्र जगपाल निवासी मौहल्ला दयानन्द नगर थाना कोतवाली जनपद शामली, सागर पुत्र प्रमोद निवासी मौहल्ला दयानन्द नगर थाना कोतवाली जनपद शामली है।

### सड़क पर कार रोक कर व्यक्ति से मारपीट

**थाना भवन।** यूनुस पुत्र रिफाकत निवासी ग्राम भैसानी इस्लामपुर थाना थानाभवन जिला शामली ने थाना भवन थाने पर तहरीर देकर अवगत कराया कि वह आज समय लगभग 11:30 सुबह ग्राहक की स्विफ्ट कार का सामान लेने जा रहा था। चरथावल रोड से उतरते ही भैसानी रोड पर सालीक पुत्र जाहिद निवासी नाथू पट्टी व 3 अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी कार के आगे नीले रंग की कार अडा कर रोक दी और उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी और युनुस के कपड़े भी फाड़ दिए। यूनुस ने डायल 112 काल कर घटना की सूचना दी। जिसके बाद युनुस ने थाना भवन थाने पर तहरीर देकर उक्त लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

### फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बुधवार की देर शाम कस्बे के पंजाब नेशनल बैंक के पीछे दो युवकों द्वारा अवैध तमंचों से फायरिंग की थी। फायरिंग के बाद आरोपी फरार हो गए थे। इस मामले में महिला अंजू पत्नी विजय चौधरी मोहल्ला माजरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मेरे पुत्र अक्षित की अपने दोस्तों निखिल उर्फ पहाड़ी पुत्र लाल्ला निवासी बाड़ी माजरा व छोटा पुत्र सत्यभान निवासी गांव मंगलोरा के साथ कहासुनी हो गई थी। बुधवार को मेरा बेटा अक्षित शादी में गया हुआ था। देर शाम पहाड़ी व छोटा एवं एक अज्ञात हमारे घर तमंचे लेकर पहुंचे ओर अक्षित का नाम लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। मंगलवार को पुलिस ने फायरिंग के एक आरोपी छोटा उर्फ राहुल पुत्र सत्यभान निवासी गांव मंगलोरा थाना झिंझाना को एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा फायरिंग में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि अक्षित ने उन्हें फोन पर गाली दी थी इसी बात को लेकर फायरिंग की गई थी।

### फ्लाईओवर के पास दो युवकों को अवैध हथियार के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने मेरठ रोड स्थित फ्लाईओवर के पास से दो युवकों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से दो तमंचे व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए है। मंगलवार को शहर कोतवाली पुलिस मेरठ- करनाल रोड पर गांव सिंभालका स्थित फ्लाईओवर के पास चौकिंग कर रही थी। तभी दो युवकों सागर पुत्र प्रमोद, दीपक पुत्र जगपाल निवासीगण मौहल्ला दयानंदनगर को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए दबोच लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से अलग अलग 315 बोर के दो देशी तमंचे व एक एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों युवको को हिरासत में ले लिया और मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

### नशामुक्ति को लेकर रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कॉलेज मे चल रहे सात दिवसीय शिविर के छठे दिन के प्रथम सत्र में तीनों इकाइयों के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं ने नशा मुक्ति अभियान को लेकर एक विशाल रैली निकाली निकाली गई, जिसके माध्यम से लोगों को जागरूक किया। साथ ही द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि डा। गिरीश नारायण यादव तथा विशिष्ट अतिथि डा। अनुप्रिता और राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों कार्यक्रम अधिकारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में आयोजित भाषण प्रतियोगिता, लोक गायन प्रतियोगिता, एकल नृत्य प्रतियोगिता में गिरीश नारायण यादव व अनुप्रिया ने निर्णायक मंडल की भूमिका के रूप में भी उपस्थित रहे। डॉ गिरीश नारायण यादव ने अपने वक्तव्य में सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाए प्रेषित किया।

### संकर मक्का को बढ़ावा देने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत संकर मक्का को बढ़ावा देने हेतु एवं उर्द, मूंग बीजों की उपलब्धता वितरण का कार्यक्रम के सम्बन्ध में जिला कृषि अधिकारी शामली प्रदीप कुमार यादव द्वारा जनपद शामली के सभी किसान भाईयों को सूचित किया गया कि कृषि विभाग के समस्त राजकीय कृषि बीज भंडारों पर जायद 2024-25 में त्वरित मक्का विकास कार्यकम के अन्तर्गत संकर मक्का को बढ़ावा देने हेतु एच.आई.एल./एन.एस.सी. के द्वारा संकर मक्का के बीज प्रजाति (बी.आई.ओ. -9544/9782) की उपलब्धता 28.2.2025 तक हो जाएगी जिसका वितरण 1.3.2025 से किसान भाईयों को सामान्य / प्रदर्शन वितरण का कार्य किया जाएगा। संकर मक्का के सामान्य वितरण के अन्तर्गत मात्रा 17:00 कु. जिस पर 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया जाएगा और प्रदर्शन वितरण में मात्रा-09.60 कु. बीज का वितरण 90 प्रतिशत अनुदान पर किया जायगा। साथ ही उर्द बीज मात्रा 8.60 कु. व मूंग बीज की मात्रा 03.00 कु. की उपलब्धता सामान्य / प्रदर्शन वितरण हेतु उपलब्ध हो गई है। जिसका वितरण किसान भाईयों को बीज गोदामों पर नई तकनीक पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से बीज वितरण का कार्य किया जा रहा है। अत: जनपद शामली के सभी किसान भाईयों से अनुरोध है, कि आप अपने विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डारो से बीज पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्राप्त करें।

### राज्य महिला आयोग की सदस्या 27 फरवरी को करेंगी जनसुनवाई

**शामली।** उपजिलाधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी शामली हामिद हुसैन द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या मनीषा अहलावत की अध्यक्षता में 27.2.2025 (माह का चतुर्थ बृहस्पतिवार) को पूर्वान्ह 11:00 बजे से बनत कलेक्ट्रेट में स्थित सभागार कक्ष में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित होगा। महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में जनपद शामली की कोई भी पीडित महिला या महिला की ओर से अन्य कोई व्यक्ति उपस्थित होकर अपनी समस्या के समाधान हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर समस्या का निराकरण करा सकता है।





चौसाना। दथेड़ा गांव में महाशिवरात्रि के पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल अतिथि व मौजूद लोग।



शामली। जल वितरित करते चेयरमैन। छाया शाह टाइम्स

# चारों ओर शिवरात्रि की धूम, सजाए गए मंदिर और शिवालय

**शाह टाइम्स टीम**

**चौसाना।** क्षेत्र के दथैड़ा गांव में मंगलवार को महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पश्चिम उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय मंत्री रूबी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें शिवरात्रि के शुभ अवसर पर अपनी एक बुरी आदत को त्यागने और शिव को अर्पित करने का संकल्प लेना चाहिए।

ब्रह्माकुमारी निर्मल दीदी ने शिव.रात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परमात्मा के अवतरण का पर्व है। भगवान शिव स्वयं धरती पर आकर अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। वे आत्माओं के कल्याण के लिए आते हैं और हमें काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार जैसी बुराइयों से मुक्त करने की राह दिखाते हैं।

करनाल से आए फूल सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें सकारात्मक सोच और श्रेष्ठ संस्कार अपनाने चाहिए। परमात्मा ने हमें मन, बुद्धि और संस्कार की तीन शक्तियां दी हैं, जिनका सही उपयोग कर हम जीवन को सफल बना सकते हैं। अष्ट शक्तियों और आत्मा के सात गुणों को अपनाकर हमें सत्वप्रधान बनना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान शिव ध्वज फहराया गया और भगवान शिव के जन्मोत्सव के रूप में केक भी काटा गया। छोटे बच्चों ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस आयोजन में भाग लिया और शिव भक्ति में लीन हो गए। कार्यक्रम का संचालन पूजा बहन ने किया। इस अवसर पर रामपाल सिंह, जसबीर सिंह, सुल्तान सिंह, विनोद कुमार, राकेश सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में सभी ने ब्रह्मा भोजन ग्रहण कर महा.शिवरात्रि के पावन पर्व का आनंद लिया।

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर त्रिवेणी संगम गंगाजल वितरित

**शामली।** मंगलवार को महा.शिवरात्रि पर्व को लेकर नगर पालिका से त्रिवेणी संगम गंगाजल वितरण किया गया। चेयरमैन अरविन्द संगल ने सभासदों के साथ नगर पालिका में त्रिवेणी संगम गंगाजल वितरण किया। उन्होंने बताया कि वह 19 फरवरी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगे महाकुम्भ में अमृत स्नान करने के बाद प्रयागराज संगम से अपने शामली की जनता के लिए वह गंगाजल लेकर आए, जो लोग प्रयागराज में कुम्भ स्नान के लिए नहीं जा सकें है उनके लिए गंगाजल लेकर आए है। जिसको नगर पालिका से शामली नगर की जनता को वितरित किया जा रहा है। इस गंगाजल को पालिका से लेकर लोग कल महाशिवरात्रि के पर्व पर भगवान शंकर को जलाभिषेक करें और पुण्य के भागी बनें। नगर पालिका से 3000 से अधिक शिवभक्त इस गंगाजल को प्राप्त कर चुके है और शामली के धार्मिक संस्थाओं के परिवारों के लिए भी चेयरमैन अरविन्द संगल द्वारा भगवान शंकर के जलाभिषेक हेतु गंगाजल भिजवाया गया है। इस अवसर पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश सैनी, सभासद तो.हिद रहमानी, सभासद अजय कुमार उर्फ बोबी, सभासद अरविन्द खटीक, सभासद अजय निर्वाल उर्फ बोबी, सभासद धुरेन्द्र निर्वाल, सभासद आशीष गुप्ता, सभासद विनोद तोमर, कालू कुरैशी, आदि मौजूद रहे।



### मंगलवार को डाक कांवड़ियों की रही धूम

**शामली।** महाशिवरात्रि पर्व से एक दिन पूर्व हरिद्वार से पवित्र गंगा.जल लेकर आ रहे डांक कांवडियों की सडकों पर धूम रही। भगवान शिव के भजनों पर डीजे की थाप पर शिवभक्त दौडते हुए अपने अपने शिवालयों की ओर बढते रहे। हर हर महादेव व बम बम बोले के जयघोष से पूरा शहर शिवमय हो गया था। महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक के लिए मंदिरों में तैयारियां पूर्ण कर ली गई और मंदिरों में उमडने वाली भीड को देखते हुए बैरिकेटिंग की गई है। साथ ही शिवालयों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहेगा।

महाशिवरात्र का पर्व बुधवार को भक्ति भावना व श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालु व्रत रखकर शिव भगवान की उपा.सना करते है और इस दिन को हिन्दू धर्म में बडे धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान शंकर को गंगाजल चढाकर श्रद्धालु अपनी मनोकामना मांगते है। महाशिवरात्रि के अवसर पर आप नवग्रहों के दोषों को दूर करने के उपाय करते है। महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग का जलाभिषेक करने से भगवान शिव प्रसन्न होते है और अपने भक्तों पर कृपा बरसाते है। जिसको लेकर हरिद्वार से पवित्र गंगा.जल लेकर शिवभक्त अपने अपने शिवालयों की ओर बढ रहे है। मंगलवार को हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले डांक कांवडियों का सैलाब शामली से होकर गुजरा। गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष महाशिवरात्र पर भी कांवडिए बडी संख्या में शामली से होकर गुजरे है। हालाकि कांवडियों के लिए जिला पुलिस प्रशासन द्वारा कोई व्यावस्था नही की गई थी। जिस कारण शहर में कई स्थानों पर कांवडियां जाम में भी फंसे रहे। देर रात्रि तक कांवडियों के आने का सिलसिला चलता रहा। जिलेभर के शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई थी। मंदिरों में बैरिकेटिंग के साथ साथ साफ सफाई की गई। शिवालयों को रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया है। बुधवार को शहर के प्राचीन सिद्धपीठ भाकूवाला मंदिर, सिद्धपीठ गुलजारी वाला शिव मंदिर, सिद्धपीठ सदाशिव मंदिर रेलपार, शिव मंदिर हनुमान धाम, गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सतीवाला, सत्यनारायण शिव मंदिर, शिव चौक आदि शिवालयों में जलाभिषेक किया जाएगा। श्रद्धालुओं की भीड को देखते हुए मंदिरों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहेगा।





### महाशिवरात्रि पूजा मुहूर्त 5:09 से 5:59 के बीच

**शामली।** ज्योतिषाचार्य संजय शास्त्री ने बताया कि महाशिवरात्रि पूजा मुहूर्त 26 फरवरी को प्रात: 5.09 से 5.59 के बीच है। अमृतकाल 7.28 से 9 बजे तक है। महाशिव.रात्रि का महासंयोग चतुर्दशी तिथि के योग में बुधवार रहेगा। यह दिन भगवान शिव और गणेज जी का है। इस दिन श्रवण नक्षत्र रहेगा। इस नक्षत्र के देवता भगवान विष्णु हैं। छत्र योग इस दिन सबसे दुर्लभ शुभ योग रहेगा। यानी चतुर्थ से दशम भाव के बीच सभी ग्रह रहेंगे। उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा करने से भक्तों की समस्त मनोक.ामनाएं पूर्ण होती हैं। महाशिवरात्रि पर्व पर रात्रि में चार पहर की पूजा का विशेष महत्व है।

### निर्वाण कांड का पाठ पढ़ाया

**शामली।** गढीपुख्ता क्षेत्र के दिगंबर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र में जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर मुनि सुब्रत नाथ भगवान का मोक्ष कल्याण का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रात: काल श्रद्धालुओं ने विधि विधान से अभिषेक शांति धारा की। विधि विधान से पूजन पाठ किया गया। निर्वाण कांड का पाठ पढकर भगवान को मोक्ष कल्याणक का लाडू समर्पित किया गया। मुनिसुब्रत नाथ भगवान की आरती एवं चालीसा का पाठ किया गया। जैन धर्म में मुनि सुब्रत नाथ भगवान को शनि ग्रह को शांत करने वाला तीर्थंकर माना जाता है। इस अवसर पर नीरज जैन, सुदेश जैन, दीपक जैन, अजय जैन, मुकेश जैन, ऋषभ जैन, संभव जैन, ममता जैन, रेखा जैन, संगीता जैन, स्मिता जैन, शिखा जैन, दिशा जैन, ऋतु जैन, नीलम जैन आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## प्राचीन शिव मंदिर पर भक्तों की होती है मनोकामना पूर्ण










**झिंझाना।** मराठा कालीन शिव मंदिर मोहन जोहड़ कस्बे के उत्तर दिशा में गांव दरगाह पुर रोड पर स्थित है। जहां पर कस्बा क्षेत्र के लोग शिव.लिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करते हैं। यहां पर यह मान्यता है कि जो भी भक्त यहां पर आकर मन्नत मांगता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है।

पूर्व चेयरमैन राकेश गोयल ने बताया कि यह हजारों वर्ष पुराना शिव मंदिर मराठा कालीन है। इसकी पहचान यह है कि जो भी मराठा कालीन मंदिर होगा उसका प्रवेश द्वार बहुत ही छोटा होगा और शिवलिंग विशेष आकार का होगा। उन्होंने बताया कि उनके बाबा स्वर्गीय राधेलाल पिता स्वर्गीय हरि प्रकाश ने भी शिव मंदिर की सेवा की थी। अमित शर्मा ने बताया कि यहां पर उसी समय का सुंदर सरोवर भी है। जिसमें महिला एवं पुरुषों के स्नान के लिए अलग-अलग घाट बनाए गए थे। जिनमें कमल के फूल खिले रहते थे जो बहुत मनमोहक और सुंदर दिखते थे, लेकिन दुर्भाग्य से अब सरोवर का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। आदिकालीन शिव मंदिर पर महा.शिवरात्रि के अवसर पर हजारों शिवभक्त जलाभिषेक करते हैं तथा बाद में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें कढ़ी चावल के साथ छप्पन भोग भी तैयार किए जाते हैं। मोहन जोहड़ सेवा समिति के अध्यक्ष आलोक पंडित ने बताया कि उनके पिता प्रवीण शर्मा तथा बाबा आनंद स्वरूप पटवारी व कस्बे के अशोक बहादुर, राकेश गोयल, वेद प्रकाश गोयल, कृष्ण चंद गोयल आदि लोगों की देखरेख में शिव मंदिर मोहन जोड़ के कार्य किए जाते रहे हैं, तथा अब उनकी देखरेख में शिव मंदिर मोहन जोहड़ का जीर्णोद्धार किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां पर गयात्री माता, शेरोवाली माता, काली माता, हनुमान जी, विष्णु भगवान, लक्ष्मी माता की भी मूर्तियां स्थापित है, तथा यहीं पर लोगों के पित्र देवता के स्थान भी हैं। दिवाली पर पितरों को पूजने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। परिवार की शांति के लिए माता शीतला की पूजा करने के लिए कस्बा व क्षेत्र के लोगों का तांता लगा रहता है। साथ-साथ क्षेत्र में भी प्राचीन शिव मंदिर मोहन जोहड़ की अलग पहचान है।

# कर्ज के नीचे दबे किसान ने की गोली मारकर आत्महत्या





मृतक का फाइल फोटो व अफसोस जाहिर करते लोग।

**मृतक के बड़े भाई ने कहा कि शुगर मिल गन्ने का पेमेंट कर देती तो बच सकती थी मेरे भाई की जान। कर्ज के नीचे दबे एक ओर किसान ने की आत्महत्या। बीमार पत्नी तथा बेटी के स्कूल की फीस में भी नहीं भर पा रहा था मृतक किसान।**

**झिंझाना।** कर्ज के नीचे दबे क्षेत्र के गांव पुरमाफी के पचास वर्षीय किसान ने अपने खेत में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाकर शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि किसान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। किसान की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

मंगलवार की सुबह क्षेत्र के गांव पुरमाफी में किसान आजाद ने कर्ज से तंग आकर अपने खेत में जाकर गोली मारकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। किसान द्वारा आत्महत्या से गांव में सनसनी फैल गई। किसान के परिजन भी सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे तथा मृतक के भाई धर्मेन्द्र सिंह ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास से साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि मृतक किसान पर बैंक तथा सोसायटी का कर्ज था। किसान के पास लगभग 14 बीघा जमीन थी, जिसमें किसान ने कुछ माह पूर्व अपनी दो बीघा जमीन बेची थी, जिसको लेकर मृतक काफी परेशान चल रहा था। मृतक अपने पीछे एक पुत्र, एक पुत्री तथा परिवार के लोगों को बिलखता छोड़ गया है। सीओ कैराना श्याम सिंह ने बताया गांव पुरमाफी निवासी धर्मेन्द्र सिंह ने सूचना देकर बताया कि मेरे भाई आजाद उम्र पचास वर्ष पुत्र महावीर सिंह ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। उस पर कर्ज भी हो रहा था। शव को पीएम के लिए भेजा है। विधिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं मृतक के बड़े भाई धर्मेंद्र ने बताया कि 14 फरवरी को बेटी कि शादी की थी, जिसमे वह मुझे अपनी पीड़ा नहीं बता पाया कि बड़े भाई ने अभी शादी की है उसे क्यों तंग करू। खेत पर काम कर रहे नौकरों ने जानकरी दी। बड़े भाई ने बताया कि प्रतिदिन की तरह आज भी आजाद सुबह सवेरे करीब 6 बजे खेत पर गया था। उन्होंने बताया कि पीएनबी तथा सोसायटी और अन्य लोगों का करीब साढ़े छह लाख रूपए का कर्ज हो रखा था। जिसमे बेटी के स्कूल की फीस भी नहीं दी जा रही थी, वहीं करीब एक वर्ष से अधिक समय से पत्नी बीमार चल रही थी, इन्हीं सभी वजह से वह कई दिनों से विचलित था, लेकिन किसी को कुछ नही बताया। मृतक के बड़े भाई ने कहा कि अगर शुगर मिल हमें समय रहते गन्ने का पेमेंट दे देती तो मेरे भाई की जान न जाती।

**मृतक किसान के पास पुत्री की फीस भरने के पैसे नहीं थे**

मृतक किसान आजाद पर बैंक सोसाइटी व अन्य लोगों का लगभग 6.50 लाख रूपए का कर्ज था, जिस कारण वह काफी दिनों से परेशान था। गन्ने का पेमेंट न आने की वजह से अपनी पुत्री की स्कूल की फीस तथा बीमार पत्नी के इलाज के लिए भी उसके पास पैसे नहीं थे, जिस कारण वह कई दिनों से परेशान था अगर गन्ने का पेमेंट आ जाता तो शायद किसान की जान बच सकती थी।

**किसान द्वारा आत्महत्या पर नहीं पहुंचा प्रशासनिक अधिकारी**

गांव पुरमाफी में कर्ज के तले दबे किसान द्वारा गोली मारकर आत्महत्या के मामले में मृतक किसान आजाद के बड़े भाई धर्मेंद्र सिंह ने रोते हुए बताया कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी गांव में कोई भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं आया। पूरे क्षेत्र में इस बात की चर्चा है की कर्ज के तले दबे किसान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली

**शाम के समय हुआ अंतिम संस्कार**

बेटी की स्कूल फीस व बैंक के कर्ज से परेशान किसान द्वारा आत्म हत्या करने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया। पीएम होने के बाद शाम मृतक किसान का अंतिम संस्कार कर दिया गया। किसानों का कहना है कि किसानों का पैसा अगर समय से मिल जाय तो किसान यह कदम न उठाएं। पैसा समय से नहीं मिलने के कारण किसान कर्ज में डूब जाता है, और कर्ज वालो का प्रेशर आने पर आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर हो जाता है। सरकार से यही मांग है कि किसानों का पैसा समय से दिला दे जिस कारण होने वाली ऐसी घटनाओं को रोक जा सके।

# टैक्स की नई दरें जनता पर अतिरिक्त भार



शामली। डीएम को ज्ञापन सौंपते चेयरमैन।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को नगर पालिका चेयरमैन व सभासदों ने डीएम को ज्ञापन देकर ईओ द्वारा स्व:कर निर्धारण प्रणाली में टैक्स की नई दरे लागू कर 400 से 1000 प्रतिशत टैक्स बढाकर जनता पर भार डालने का आरोप लगाया है। उन्होने दूसरे जनपदों के अनुसार ही टैक्स में बढोतरी करने की मांग की है।

मंगलवार को नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल दर्जनों सभासदों के साथ कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होने डीएम अरविन्द कुमार चौहान को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि नगर पालिका परिषद् शामली में अधिशासी अधिकारी की नई नियुक्ति हुई है। उनके कार्यभार ग्रहण करने के कुछ दिन पश्चात ही आनन-फानन में स्व:कर निर्धारण प्रणाली के अर्न्तगत अखबारों में टैक्स की नई दरे प्रस्तावित कराई गई है जो शामली में पूर्व में जनता द्वारा देय टैक्स की दरों से 400 प्रतिशत से 1000 प्रतिशत तक ज्यादा भार डालते हुए आम जनमानस को प्रभावित करेगी।

जिन पर पहले टैक्स 500 रूपये था, उन पर स्व:कर निर्धारण प्रणाली के बाद 2000 से 5000 रूपये तक टैक्स लगेगा। चूंकि अधिशासी अधिकारी अभी नए है इनको शामली में पिछले 60-70 सालों से चले आ रहे टैक्स सिस्टम और यहां के टैक्स निर्धारण की पूरी जानकारी नहीं थी, जल्दबाजी में इनके द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इस सम्बन्ध में ईओ को सभासदों से सलाह मशवरा करके विज्ञप्ति पुन: प्रकाशित करने का सुझाव भी दिया गया था। जिस सम्बन्ध में अभी तक कोई कार्यवाही ईओ द्वारा नहीं की गई है। जब कोई भी सरकार किसी भी टैक्स को बढ़ाती है तो वह 5 से 10 प्रतिशत ही टैक्स में वृद्धि करती है, लेकिन जनमानस पर 400 से 1000 प्रतिशत तक टैक्सों में वृद्धि किया जाना किसी भी प्रकार से न्यायोचित प्रतीत नहीं हो रहा है। उन्होने मांग की कि जनता को इस भारी कर वृद्धि से मुक्ति दिलाने के लिए ईओ निर्देशित करें। इस अवसर पर सभासद हाजी साजिद, सभासद अरविन्द खटीक, सभासद अजय निर्वाल उर्फ बोबी, सभासद प्रतिनिधि संजय उपाध्याय, मनोज कुमार, सभासद हसीन अंसारी, सभासद तोहिद रहमानी, सभासद रामनिवास सैनी, सभासद विनोद तोमर, सभासद रोबिन गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# संयुक्त किसान संघर्ष समिति के सदस्यों ने क्षेत्र में किया जनसंपर्क



**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव भाट्टू और दुल्ला खेड़ी गांव में गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर संयुक्त किसान संघर्ष समिति के सदस्यों ने किया ताबड़तोड़ जनसंपर्क।बकाया गन्ना भुगतान को लेकर किसानों से सहयोग की अपील की।

थानाभवन बजाज शुगर मिल के बकाया भुगतान को लेकर संयुक्त किसान संघर्ष समिति ने अभियान को तेज कर दिया है।पिछले एक सप्ताह से संघर्ष समिति के सदस्य निरंतर किसानों से जनसंपर्क करने में लगे हुए हैं। किसान धीरज सिंह ने बताया कि किसानों की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है चूंकि यह सभी के लिए एक गंभीर विषय है और पैसों की जरूरत भी हर किसी को है इसलिए किसानों का भरपूर समर्थन मिल रहा है यदि हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो क्षेत्र के किसान मिल को बंद कराने के लिए धरने पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे हालांकि इस संबंध में जिलाधिकारी शामली अरविंद कुमार के आश्वासन पर हम कोई अतिरिक्त गतिविधि नहीं कर रहे हैं किसान बदहाल मिल मालामाल वाला फॉर्मूला चल रहा है जो कि नहीं चलना चाहिए।उन्होंने बताया कि किसानों को उनकी फसल का मूल्य मिलना बेहद जरूरी है।इसी क्रम में जिलाधिकारी शामली से भी किसानों का प्रतिनिधि मंडल मिलकर आया है।अब किसानों को 28 फरवरी का इंतजार है उसके बाद ही मालूम होगा कि किसान संघर्ष समिति का क्या निर्णय रहने वाला है।जनसंपर्क अभियान में धीरज सिंह,देवेंद्र कुमार, संदीप राणा ,प्रेम राणा,हरेंद्र राणा,लाला ठाकुर,ठाकुर रामचरण सिंह, अनिवेश पुंडीर,कुलदीप राणा समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

# शिविर मे किया श्रमदान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय एवं तृतीय इकाई द्वारा प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य सतएंद्र पाल, विशिष्ट अतिथि डा. आरपी सिंह, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डा. सौरव कुमार पांडे तथा डा। सीबी पटेल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। छात्राओं द्वारा एनएसएस गान गाया गया। आज के शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य व आगे के कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत करना था। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में स्वयं के प्रति तथा समाज के प्रति स्वयंसेवकों के कर्तव्य, दायित्व एवं उनके प्रसार प्रचार आदि के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। प्रोफेसर आरपी सिंह ने पर्यावरण की महत्व व सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अगले चरण में पर्यावरण सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर प्रिंसी वर्मा, द्वितीय स्थान पर सौरभ तथा तृतीय स्थान पर खुशी गोयल रही। कार्यक्रम के अगले चरण में स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई व एक रैली का आयोजन किया गया।इस अवसर पर डा। सुनील कुमार श्रोती, प्रोफेसीर पीके सिंह, डा। गायत्री त्रिपाठी, सतएंद्र शर्मा, अरविंद कुमार, विनायक, विकास कुमार, विनोद चौधरी आदि मौजूद रहे।

# यमुना किनारे कराई विशेष साफ सफाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर यमुना किनारे व मंदिर में विशेष साफ-सफाई कराई गई। वहीं उचित व्यवस्था के लिए प्रशासन की ओर से प्लान तैयार किया गया हैं। वही डीएम अरविंद सिंह चौहान ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व है। इसको लेकर प्रशासन अलर्ट नजर आ रहा है। एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव के निर्देश पर मंगलवार को यमुना नदी किनारे विकास खंड कार्यालय के अंतर्गत तैनात सफाईकर्मियों ने घाट पर विशेष साफ-सफाई की गई। एसडीएम के निर्देश पर घाट के किनारे स्थित मंदिर व आसपास सफाई की गई। डीएम ने यमुना ब्रिज पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही श्रद्धालुओं के स्नान करने के लिए पुख्ता इंतजाम करने पर जोर दिया। एसडीएम ने बताया कि यमुना नदी पर गोताखोरों व पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। शिवभक्तों व श्रद्धालुओं के सुरक्षित स्नान के लिए नगरपालिका की ओर से बेरीगेटिंग व महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम की व्यवस्था कराई गई है। वहीं नगर में स्थित बनखंडी महादेव मंदिर में शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक रहने के लिए महिला पुलिसकर्मियों सहित पुलिसकर्मी तैनात रहने के लिए कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया गया हैं।

## 18 मार्च तक दर्ज कराएं आपत्ति

**बिजनौर।** विशेष विवाह अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि/रा) बिजनौर ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरमन सिंह मंड पुत्र हजुर सिंह निवासी ग्राम मथुरापुर मोर बडिया पोस्ट चन्दनपुरा थाना व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर बनाम गुरशरण प्रीत कौर पुत्री गुरमीत सिंह निवासी ग्राम अमीखानपुर पोस्ट बिजौरी थाना व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर द्वारा विशेष विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

# त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कोतवाली प्रांगण में आने वाले त्योहार महाशिवरात्रि, रमजान तथा होली को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम निधि भारद्वाज व तहसीलदार मृदुला दूबे ने त्योहारों को शांति पूर्वक मानने की अपील की। किसी भी तरह का हुड़दंग, दंगा करने वालो एवं असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की चेता. वनी दी।

मंगलवार को थाना प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम निधि भारद्वाज व तहस. ीलदार मृदुला दूबे एवं थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, रमजान तथा होली पर किसी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नही किया जाएगा। हुड़दंग करने वालो एवं असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिसमें धर्म गुरुओं से मंदिरों तथा मस्जिदों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आ]वान किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप, सतीश कश्यप, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार, विनोद संगल, कारी इरशाद, कय्यूम, श्रवण शर्मा, देवेन्द्र तोमर, राफा प्रधान, मौलाना मुफ्ती अकरम, मौलाना आजम, हाफिज अय्यूब, मौलाना तैय्यब, प्रवीण शर्मा, इसरार प्रधान आदि मौजूद रहे।

# जलालाबाद में मलिक हास्पिटल का शुभारम्भ पूर्व कैबिनेट मंत्री ने फीता काटकर किया



जलालाबाद मे हास्पिटल का शुभारम्भ करते पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** कस्बे के दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित मलिक हास्पिटल का शुभारम्भ पूर्व कैबिनेटठ मंत्री सुरेश राणा द्वारा फीता काटकर किया इस अवसर पर उन्होने कहा कि उक्त हास्पिटल के खुलने से क्षेत्र को एक अच्छी मैडिकल सुविधा मिल सकेगी लोगो को दूर शहरो मे अपने मरीज को ले जाने मे होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी व समय से इलाज मिल सकेगा।

पचास हजार की आबादी वाले कस्बा जलालाबाद मे अस्पताल के खुलने पर उन्होने खुशी जताई व क्षेत्र के लोगो को समय पर अच्छा व सस्ता ईलाज देने के लिए अस्पताल स्टाफ से अपनी इच्छा जताई जिससे क्षेत्र के गरीब लोगो को भी अस्पताल का लाभ मिल सके। अस्पताल के संच. ालको ने सभी का आभार जताते हुए क्षेत्र के लोगो को भरोसा दिया कि उनका प्रयास रहेगा कि लोगो को उनके अस्पताल में एक अच्छा व सस्ता इलाज मिल सके। इस अवसर पर उन्होने मोदी सरकार की स्वास्थय व चिकित्सा के क्षेत्र मे क्रान्तिकारी परिवर्तन व उत्तर प्रदेश मे एमबीबीएस की बडे स्तर पर सीटे बढाने व प्रत्एक जिले मे मैडिकल कालेज की सौगात का जिक्र किया

जिससे आने वाले सालो मे उत्तरप्रदेश से अनुभवी योग्य डाक्टर मिलने की बात कही जिससे प्रदेश के हर नागरिक को चिकित्सा आसानी से उपलब्ध होगी। इसके लिए मोदी सरकार व देश के स्वास्थय मंत्री जयप्रकाश नडडा का उन्होने विशेष तौर से आभार व्यक्त किया। इस दौरान चेयरमैन जहीर मलिक व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

**शामली।** मंगलवार सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में लायंस क्लब सिनर्जी द्वारा इस दूसरे राउंड की परीक्षा कराई गई है, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों को बड़े स्तर पर सोचने, तर्क करने और समस्याओं को सुलझाने की क्षमता विकसित करने में मदद करती हैं। लायंस क्लब शामली सिनर्जी के अध्यक्ष भारत संगल ने बताया कि लायंस क्लब शामली सिनर्जी द्वारा आयोजित लायंस ओलंपियाड का प्रथम चरण सफलता पूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें गोल्ड मेडल जीतने वाले छात्र-छात्राओं ने दूसरे राउंड में प्रवेश कर लिया है। दूसरे चरण में विद्यालय के कई मेधावी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया है। इनमें मैथ ओलंपियाड से कक्षा 5 से अंश मित्तल, कक्षा 6 से आरव चौधरी, कक्षा 7 से अतिक्ष राणा, कक्षा 8 से रूही सिंह और कक्षा 9 से मन बालियान शामिल हैं।

# स्वयंसेवियों ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



कैराना। जागरूकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, व्याख्यान एवम बेस्ट आउट आफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित शिविर कार्यक्रम अधिक. ारी डा डाली के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवियों अर्शी, पायल, वैभव, अलीशा खान, अन्नू, नूरशोबिया, अन्नू ,समीर, सलोनी, फाजिल, आकाश की टीम ने कांधला बस स्टैंड पर जाकर उपनिरीक्षक यशवीर राणा के सहयोग से वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा अपनाने एवम यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बाइक सवारों को हेलमेट पहनने, ट्रिपलिंग न करने तथा कार चालकों को सीट बेल्ट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात नहीं करने के लिए प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डा योगेंद्र पाल सिंह ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासित, शिक्षित,जागरूक और सेवा भाव से परिपूर्ण स्वयंसेवी राष्ट्रनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकता है। मुख्य अतिथि डा रितु जैन ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक युवा देश हैं क्योंकि यहां युवा जनसंख्या का आधिक्य है।

हमें जो कुछ प्राप्त होता है वह समाज से ही प्राप्त होता है। अत: प्रत्येक युवा का कर्तव्य है कि वह अपनी सामर्थ्य के अनुसार पे बैक सोसाइटी अवश्य करें यही हमारे महापुरुषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विशिष्ट अतिथि मनीष अली, उपसचिव, किरण सेवा समिति, शामली तथा एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवी ने स्वयंसेवियों से एनएसएस के उद्देश्य, कार्यप्रणाली तथा एनएसएस स्वयंसेवक के रूप प्राप्त अनुभवों को साझा किया। मुख्य वक्ता डा जितेंद्र कुमार विकल,असिस्टेंट प्रोफेसर शिक्षा शास्त्र ने एनएसएस के माध्यम से अपनी प्रतिभा और मानवीय मूल्यों को विकसित कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा प्रत्एक नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक है। मूल्य आधारित शिक्षा व्यक्ति में न केवल नागरिक बोध पैदा करती है अपितु उनमें उच्च नैतिक मूल्यों का विकास कर आलोचनात्मक विश्लेषण के गुण को पल्लवित करती है। उन्होंने स्वयंसेवियों को अपने आस पड़ोस के गरीब और साधनहीन बच्चो को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया ।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद शामली ( जनपद-शामली )

पत्रांक:- 26 | दिनांक:- 24.2.25

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

पंजीकृत ठेकेदारों/इच्छुक फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद शामली राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड मद के अंतर्गत निम्न कार्य कराना चाहती है, जिसके लिए दिनांक 7.3.25 समय 2 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष सांय 3 बजे खोली जाएगी तथा निविदा फर्म निर्धारित शुल्क 500/- +GST @18% जमा कर निविदा प्रपत्र दिनांक 6.3.25 समय 4 बजे तक नगर पालिका के संबंधित विभाग से प्राप्त किए जा सकते हैं।
नोट:- निविदाओं के संबंध में अन्य शर्तें व नियम कार्यालय में आकर किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद स्थित झिंझाना रोड की साइड पटरी पर इंटरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। | 494912 |
| 2 | एम.आर.एफ. सेन्टर पर टीन सैड एंव पर्टीशियन लगाने निर्माण कार्य। | 459327 |
| 3 | नगर पालिका परिषद क्षेत्र में ओपन जिम मशीन की फिक्सिंग एव प्लेटफार्म निर्माण कार्य। | 201193 |
| 4 | वार्ड सं0-25 विभिन्न स्थानों पर नाली क्रासिंग सी.सी. पेंच मरम्मत इत्यादि का कार्य। | 467935 |
| 5 | शामली नगर के मध्य मुख्य सड़क पर से डिवाईडरों को उठाकर बुढ़ाना रोड पर रखने का कार्य। | 497961 |
| 6 | जिलाधिकारी महोदय के आवास में वाटर फाउन्टेन का निर्माण कार्य। | 475699 |
| 7 | पालिका की भूमि पर स्थित कूड़ा छटाई हेतु प्लेटफार्म, दीवार, मिट्टी भराव आदि का निर्माण कार्य। | 446100 |
| 8 | कैराना रोड पर इंटरलाकिंग टाइल्स द्वारा साइड पटरी का कार्य। | 138720 |

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद शामली

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद शामली

# लापता किशोर का ईख के खेत में मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संदिग्ध परिस्थितियों में लापता किशोर का घर से कुछ ही दूर स्थित गन्ने के खेत में शव मिलने से गांव में शोक की लहर दोड़ गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भायला खुर्द निवासी कुंवरपाल का 13 वर्षीय पुत्र प्रिंस कल शाम पांच बजे घर से बाहर खेलने के दौरान संदिग्ध परिस्थतियों में गायब हो गया। परि. जनों ने देर रात प्रिंस की तलाश करने के बाद उसकी गुमशुदगी की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस एवं परिजन अभी किशौर की तलाश ही कर रहे थे कि गांव में ही प्रिंस के घर से करीब 400 मीटर की दूर स्थित रामकुमार के गन्ने के खेत में शव मिला। शव के गले और सिर पर चोंट के निशान पाए गए। किशोर की संदिग्ध मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी बुलाया। कुछ ही देर बाद पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने भी मौके पर पहुंचक घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल के साक्ष्यो को एकत्र किया है। बताया कि रात में ही सर्च आपरेशन किया जा रहा था। बताया कि तथ्यों के आधार में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि मृतक प्रिंस के परिजनों की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# भागीरथी शिव मंदिर सेवा समिति ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** भागीरथी शिव मंदिर सेवा समिति ने उपजिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा है कि मोहल्ला बैरुन कोटला में सैनी समाज का निजि प्राचीन शिव मंदिर को लेकर कुछ बाहरी तत्व नगर का माहौल खराब करने के लिए विभिन्न प्रकार का हस्तक्षेप कर रहे हैं। जिन्हें रोका जाना आवश्यक है।

उपजिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में समाज के लोगों ने बताया कि मोहल्ला बैरुन कोटला में समाज के लोगों का मंदिर था। उक्त मोहल्ले से समाज के लोगों के चले जाने के बाद मंदिर से 15-20 वर्ष पूर्व सभी मूर्तियां हटाकर इंदिरा विहार कॉलोनी स्थित मंदिर स्थापित कर वहां मूर्तियों को विधिविधान के साथ स्थापित कर दिया था। जिसके चलते देखभाल न होने से अब बैरुन कोटला स्थित प्राचीन खाली मंदिर खंडहर के रुप में बदल गया है। ज्ञापन में बताया कि मंदिर परिसर की भूमि के संबंध में भागीरथी शिव मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारी आपसी सहमति से ही निर्णय लेंगे। क्योंकि अब वहां समाज का कोई व्यक्ति नहीं रहता है। उन्होंने एसडीएम से बाहरी तत्वों से मंदिर के संबंध में किए जा रहे हस्तक्षेप को रोके जाने की मांग की।

इस दौरान संदीप सैनी, सुभाष चंद, राजू सैनी, राजपाल, मांगेराम सैनी, मंगतराम सैनी, यशपाल, आदेश सैनी, चंद्रपाल सैनी, सोमप्रकाश और सोनू सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाइक सवार डंपर की चपेट में आने से हुआ घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विवाह समारोह से लौट रहे बाइक सवार डंपर की चपेट में आने से घायल हो गया। घायल को सरक. ारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

मुजफ्फरनगर जनपद के रई गांव निवासी 30 वर्षीय अभिषेक बाइक पर सवार होकर थाना नागल क्षेत्र में स्थित विवाह समारोह में शामिल होने के बाद शाम करीब साढ़े सात बजे वापस घर लौट रहा था। जब वे हाईवे स्थित पिलर नंबर 26 के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे तेज गति डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वह सड़क पर गिर गया। इसी दौरान डंपर का पिछला पहिया उसके पैरों पर चढ़ गया। इसमें उसका पेट का नीचे का हिस्सा बुरी तरह कुचला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

उधर, तेज गति बाइक की चपेट आने के कारण महिला का पैर टूट गया। घायल महिला को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हेयर सेंटर रेफर कर दिया गया।

रणखंडी गांव निवासी मोहन की पत्नी मूर्ति मंगलवार को देवबंद से रिक्शा में सवार होकर घर लौट रही थी। मूर्ति रिक्शा में एक पैर बाहर निकालकर बैठी थी। इस दौरान पास से गुजरी बाइक ने उसके पैर में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें मूर्ति का एक पैर घायल हो गया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## हत्या के वांछित आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विवाह समारोह में डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद में उत्तराखंड के थाना मंगलौर क्षेत्र के कुरड़ी गांव निवासी 19 वर्षीय तसव्वर की चाकू गौदकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने वांछित तीसरे हत्यारोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे न्यायक हिरासत में जेल भेजा गया। 22 फरवरी को यह वारदात नगर के सांपला मार्ग स्थित एक बैंक्वेट हाल में शादी समारोह के दौरान हुई थी। बरात में बज रहे डीजे पर डांस करने के दौरान कहासुनी में तसव्वर की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मृतक के पिता मनव्वर की तहरीर पर मुजफ्फरनगर थाना मंसूरपुर के नरा निवासी शमशाद और इंतजार देवबंद क्षेत्र के जटौल गांव निवासी नदीम और मोहल्ला पठानपुरा निवासी दुल्हन के पिता जावेद उर्फ कलवा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर थी। जावेद और शमशाद को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुका है। मंगलवार को पुलिस ने तीसरे हत्यारा. ेपी नदीम को गांव के पास से ही गिरफ्तार किया है।

## विद्यालय परिसर में किया पौधारोपण

**देवबन्द।** गांव रणखंडी स्थित ठा. कृपाल सिंह डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शि. विर सीबीसीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। इस दौरान स्वंय सेवक और सेविकाओं ने प्राथमिक विद्यालय एक में जाकर विद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों की निराई गुड़ाई करते हुए पौधारोपण किया। साथ ही विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डा. शीबा प्रवीन ने शिविरार्थियों को प्रर्यावरण का महत्व बताया।

# फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर भकियू ने दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रेलवे फाटक पर बन रहे फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने विरोध जताते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने उपजिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा है कि भायला रोड पर प्रस्तावित फ्लाईओवर के उतार की जगह पर छोटी-छोटी गलियां हैं। फ्लाईओवर बनने से व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित होने के साथ ही जगह की कमी के कारण यहां जाम की स्थिति बनी रहेगी। ज्ञापन में मांग की गई है कि उच्चाधिकारियों से बातचीत कर इस समस्या का समाधान निकाला जाए। ज्ञापन देने वालों में हाजी अब्बास, मशाहिर हसन, सलाउद्दीन अंसारी, मोहम्मद शारिक, मोहम्मद अकरम, विकास कुमार, राशिद, मो. हतसिम, मोहम्मद रईस, मोहम्मद असजद शाहिद आदि किसान यूनियन कार्यकर्ता शामिल रहे।

# छात्राओं ने प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए बनाए व्यंजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा के अंतर्गत आज विद्यालय में छात्राओं ने प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए तथा सिलाई, कढ़ाई बुनाई का सुंदर कार्य किया।

केएल जनता इंटर कॉलेज के वार्षिक गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा के अंतर्गत विद्यालय में 6,7,8 की छात्राओं ने प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए तथा सिलाई, कढ़ाई बुनाई का सुंदर कार्य किया। वैष्णवी, परि, जैविका आराध्या, पलक, कृतिका, प्राची, रिया, जिया, साक्षी, दीपक्षी, नैना आदि छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर प्रबंधक दीपक राज सिंघल ने छात्राओं के कार्य की सराहना की तथा प्रधानाचार्य राज. कुमार ने छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संजय धीमान, बलदेव राज, ईश्वर सिंह, नर्मदा त्यागी, गोरों, शिखा, अर्चना, सुमन शर्मा, पुष्पांजलि, उपासना, नीरज, पूजा आदि स्कूल समस्त स्टॉफ शामिल रहा।

# मृतक परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे राव वारिस



**थानाभवन।** सोमवार दोपहर शामली जनपद के थानाभवन क्षेत्र के गांव बुंटा निवासी मुनीर (21) पुत्र हसरत भूसा उतारकर मुजफ्फरनगर से अपने दो साथियों के साथ वापस लौट रहा था। उसी समय नंगला राई निवासी एक युवक भी अपने तीन साथियों के साथ अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर जा रहा था। दोनों में चरथावल कस्बे से निकलने के बाद नंगला राई के बीच रास्ते में साइड देने को लेकर कहा. सुनी हो गई। दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई थी जिसमे मुनीर को घायल अवस्था में अस्पताल भर्ती कराया गया था जिसके बाद उनकी मृत्यु हो गई थी। आज गमजदा परिवार से मिलने वारिस राव (पूर्व विधायक) पहुंचे, परिवार को सांत्वना दी और जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर, पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने एवं हत्या में शामिल व्यक्तियों की गिरफ्तारी की मांग की।

# बच्चों का वैक्सीनेशन अभियान चलाया



**स्योहारा।** सरकारी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. बी के स्नेही ने बताया कि ब्लॉक स्योहारा ओर सहसपुर कस्बे में बच्चों को डीपीटी टीडी वैक्सीनेशन अभियान शिक्षा विभाग के साथ मिलकर किया गया। यह बच्चों की सुरक्षा के लिए है। बच्चों को वैक्सीन लगने के बाद उनकी एंट्री यूविन ऐप पर होगी। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के समन्वय से समस्त शासकीय ओर प्राइवेट स्कूलों में टीकाकरण के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। इसी क्रम में 19 से 24 फरवरी को चिन्हित शासकीय और अशासकीय स्कूलों में कक्षा 5वीं (10 वर्ष) एवं कक्षा-11वीं (16 वर्ष) के छात्र- छात्राओं को टीडी का टीका लगाया गया। डॉ. बीके स्नेही ने बताया कि मैं बच्चों को डीपीटी टीडी वैक्सीनेशन अभियान शिक्षा विभाग के साथ मिलकर कर रहे हैं। यह बच्चों की सुरक्षा के लिए है। बच्चों को वैक्सीन लगने के बाद उनकी एंट्री यूविन ऐप पर होगी। सर्टिफिकेट मोबाइल नंबर पर पहुंचेगा। सभी पालक बच्चों को वैक्सीन अवश्य लगवाएं। इसके लिए छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड एवं पालक का मोबाइल नंबर जरूरी होगा। मोबाइल नंबर से छात्र-छात्राओं का पूर्व रजिस्ट्रेशन यूविन पोर्टल पर किया जाएगा। टीका लगने के तुरंत बाद छात्र-छात्रा का टीकाकरण सर्टिफिकेट जनरेट हो जाएगा। इसका मैसेज रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पहुंचेगा, जिन बच्चों का आधार कार्ड नहीं है, उनको भी टीका लगाया जाएगा। लेकिन उनका रजिस्ट्रेशन यूविन पोर्टल पर नहीं हो सकेगा और ऑनलाइन सर्टिफिकेट भी जनरेट नहीं हो पाएगा।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## कार व बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रायपुर सादात।** देर रात्रि नगीना रायपुर मार्ग पर ग्राम भोगला के निकट एक कार ने बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस ने नगीना सीएचसी में भर्ती कराया। लेकिन चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादडी निवासी हाशिम उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र शमशेर अल्वी रात्रि करीब साढ़े नौ बजे नगीना की ओर से ग्राम रायपुर सादात की ओर अपनी बाइक से आ रहा था। रायपुर की तरफ से एक कार जा रही थी, जिसमें दो लोग सवार थे। ग्राम भोगला के निकट कार चालक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी की बाइक और कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई। बाइक सवार हाशिम वहीं पर लहुलूहान अवस्था में बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंची नगीना देहात पुलिस ने घायल को नगीना सीएचसी भर्ती कराया लेकिन चिकित्सकों ने उसकी हालत को नाजुक देखते हुए बिजनौर संयुक्त चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहां चिकित्सकों ने हाशिम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है आगे की कार्यवाही तहरीर मिलने के बाद की जाएगी। पुलिस कार और बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई।

# सांसद रूचिवीरा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार बढ़ापुर पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** लोकसभा चुनाव जीतने के करीब साढ़े आठ महीने बाद आखिरकार बढ़ापुर पहुंची मुरादाबाद सीट से इंडिया गठबंधन की सांसद रुचिवीरा ने जनता की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया।



मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन ने समाजवादी पार्टी की रुचिवीरा को चुनाव लड़ाया था, जिसमें वह भाजपा के स्व. सर्वेश कुमार से जीत गई थी। इस चुनाव में सपा ने डॉ. एसटी हसन को टिकट ना देकर रुचिवीरा को टिकट दिया था। चुनाव जीतने के बाद वह बढ़ापुर क्षेत्र में नहीं आई थी तब क्षेत्रवासियों को बहुत मायूस होना पड़ा था। लेकिन परिणाम घोषित होने के बाद करीब साढ़े आठ माह के बाद वह बढ़ापुर क्षेत्र में सबसे पहले सपा विधानसभा अध्यक्ष आबिद खान के ग्राम रसूलपुर मुजफ्फर स्थित आवास पर पहुंची और लोगों से रूबरू हुई और लोगों की समस्याएँ सुनी व उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आबिद खान ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात वह बढ़ापुर नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. दिलशाद अंसारी के आवास पर पहुंची, जहां उनके सामने बाईपास व बढ़ापुर कुंजैटा मार्ग पर पुलिया आदि समस्याओं को रखा गया जिनके समाधान का सांसद ने आश्वासन दिया।

इस मौके पर डॉ. दिलशाद अंसारी, आसिफ खान, शराफत हुसैन, आबिद खान, कपिल गुज्जर आदि ने अपने विचार रखे। यहां के अलावा सांसद ने ग्रामीण क्षेत्र इस्लामगढ़, गढ़ी, गांवड़ी आदि गांवों मे भी गई।

## मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ शाखा मु.नगर नई कार्यकारिणी का गठन



**मुजफ्फरनगर।** मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ शाखा जनपद मुजफ्फरनगर के महामंत्री अब्दुल कवी ने बताया कि द्विवार्षिक निर्वाचन 25 फरवरी को कार्यालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मुजफ्फरनगर में सम्पन्न हुआ जिसमें समस्त उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन निम्न प्रकार किया गया। जसवन्त सिंह संरक्षक, नीरज कुमार अध्यक्ष, अब्दुल कवी महामंत्री, राम कुमार उपाध्यक्ष, नीरज कुमार धीमान संयुक्त सचिव, गय्यूर अली कोषाध्यक्ष, नरवेश कुमार ऑडिटर, मदन गोपाल प्रचार मंत्री, कु. सुगन्धा सिंह संगठन मंत्री बनाए गए। उक्त के अतिरिक्त नफीसुद्दीन हाशमी, रामेश्वर कुमार, मयंक कुमार सिंघल एवं विकास त्यागी को सदस्य कार्यकारिणी निर्वाचित किया गया।

**सूचना**

मैंने अपना नाम SAIMA PRAVEEN से बदल कर SAYMA PARVEEN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

SAYMA PARVEEN W/O MOHAMMAD NADEEM VILL. MANKI, DEOBAND (SAHARANPUR)

# नशा मुखालिफ मुहिम के तहत जलसा

**धामपुर।** मौहल्ला अफगानान हाजी चांद के शोरूम पर नशा मुखालिफ मुहिम के अंतर्गत स्थानीय जमात-ए-इस्लामी की ओर से एक जलसे का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डा. कमाल अहमद ने की और संचालन इरशाद धामपुरी ने किया। जलसे को संबोधित करते हुए डा. मोहम्मद अजहर ने नशे के नुकसानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा कारी राशिद हमीदी ने भी नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। डॉ. कमाल अहमद, डा. फरीदुर्रहमान, हाजी हसन खाँ, सलमान फरीदी, मास्टर अतीक आजाद, डॉ. आरिफ सैफी, मास्टर इस्माईल गौहर, सुहैल डिजाइनर, असलम फरीदी, मुफ्ती मोहम्मद खालिद कासमी ने भी जलसे को संबोधित किया। इस मौके पर नशे के खिलाफ विषय के अंतर्गत वीरेन्द्र बेताब धामपुरी ने काव्य पाठ किया और नौशाद आलम शाद ने भी सुंदर काव्य प्रस्तुत किया और सलाह दी। शानदार काव्य के लिए वीरेन्द्र बेताब को शील्ड से नवाजा गया। इसके अलावा इस मुहिम को अंतिम रूप तक पहुँचाने के लिए प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. मोहम्मद अजहर और मास्टर अतीक आजाद को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जलसे में सैयद तहसीन अली, फैज बारी, गय्यूर अली खाँ, इमरान हनीफ, हैदर अली, मास्टर अफताब अली, मास्टर शमशैर अली, जकी फलक अंसारी, नसीम फारूकी, फारूक आजम एडवोकेट, कौसर मुनीर, तसलीम अहमद, असलम फरीदी, हाजी चाँद, शाकिर अंसारी, हामिद फरीदी, वकार फरीदी, शमीम अहमद, बाबू सैफी, सुहैल फरीदी, सुफियान फरीदी, एहसान फरीदी, काशिफ गौहर, इस्लाम फरीदी, महराब अहमद, शायान शम्सी और निजामुद्दीन आदि ने भाग लिया। अंत में हाजी चाँद ने सभी मेहमानों का धन्यवाद किया।

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHD NAVED से बदल कर NAVED रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

NAVED S/O LIYAQAT MOH, BADJIA UL HAQ DEOBAND (SAHARANPUR)

# विराट कोहली की पारी अच्छे प्रदर्शन की क्षमता का प्रमाण रिकी पोंटिंग



■ कल रात से बड़ा कोई क्षण नहीं था, जब पाकिस्तान ने एक मुश्किल विकेट पर पहले बल्लेबाजी की थी

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में विराट को. हली के शतक को असाधारण बताते हुए आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि कोहली की पारी महत्वपूर्ण मैच में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता का प्रमाण है। दुबई में एक हाई-वोल्टेज मुकाबले में विराट को. हली ने शानदार शतक लगाकर भारत को पाकिस्तान पर छह विकेट से जीत दिलाई थी।

पोंटिंग ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि बड़े खेल बड़े नामों के बराबर होते हैं। आपको उन बड़े क्षणों में खड़े होने के लिए अपने बड़े नामों की आवश्यकता है और भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बड़ा कोई खेल नहीं है। उन्होने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में आप जो करते हैं, उससे आपकी प्रतिष्ठा बनती है। इसलिए मेरे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि ऐसा हुआ है।ह उन्होंने कोहली की 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन की पारी को उनके स्वभाव और महत्वपूर्ण परिस्थितियों म अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता का प्रमाण बताया। पोंटिंग ने कहा कि 2022 में टी20 विश्वकप में और अब वह उस टीम (पाकिस्तान) के खिलाफ खड़ा हुआ जिसके खिलाफ खेलने के लिए वह शायद खुद को सबसे मजबूत करेगा और कल रात से बड़ा कोई क्षण नहीं था जब पाकिस्तान ने एक मुश्किल विकेट पर पहले बल्लेबाजी की थी। इस तरह की मैच जिताऊ पारी खेलने के लिए शीर्ष क्रम में किसी की जरूरत थी और एक बार फिर यह काम कोहली को ही पूरा करना था। पहले बल्लेबाजी करते हुए, पाकिस्तान ने 49.4 ओवरों में 241 रन बनाए, जो चुनौतीपूर्ण लग रहे थे मगर भारत की बल्लेबाजी ने इसे बौना कर दिया। पाकिस्तान के पास ऐसे कई बल्लेबाज़ थे जिन्होंने शुरुआत तो की लेकिन उसे बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। सऊद शकील (62), मोहम्मद रिजवान (46) और खुशदिल शाह (38) सभी ने योगदान दिया, लेकिन इनमें से किसी ने भी मेजबान टीम के लिए निर्णायक पारी नहीं खेली। पोंटिंग ने कहा कि आप दो स्कोरकार्ड देखें, यह एक है, विराट 100 रन बना रहा है, और पाकिस्तान के बहुत से खिलाड़ी बिना किसी के आगे बढ़े और बड़ा स्कोर बना रहे हैं। मैंने हमेशा से कहा है, खेल के किसी भी प्रारूप में 50 या अर्धशतक कभी भी आपको या आपकी टीम को कुछ नहीं दिला सकता। आपको बड़े स्कोर हासिल करने होंगे और इसलिए व्यक्तिगत बड़े स्कोर नहीं थे, लेकिन बड़ी साझेदारियां भी नहीं थीं। अनुभवी जोड़ी कुलदीप यादव (3/40) और हार्दिक (2/31) ने पाक को रोकने में भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वे अधिक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य निर्धारित नहीं कर सकें। 242 रनों का पीछा करते हुए, भारत ने शुरुआती विकेट खो दिए, लेकिन कोहली ने संयम और सटीकता के साथ पारी को आगे बढ़ाया। अय्यर (56) के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी बनाते हुए, उन्होंने कई सही समय पर स्ट्रोक और नियंत्रित आक्रामकता के साथ भारत को जीत दिलाई।



# इंग्लैंड से मुकाबले के लिए हम तैयार: शाहीदी

● अगर हम इन टीमों को हराना चाहते हैं तो हमें मैदान पर कड़ी मेहनत करनी होगी और उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना होगा: कप्तान

**लाहौर, वार्ता।** अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने अपनी टीम को आत्ममुग्धता से बचने की अपील करते हुए कहा कि उनकी टीम इंग्लैंड से मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने टीम के सदस्यों को आत्ममुग्धता से बचने की सलाह देते हुए मैदान में बने रहने के महत्व पर जोर दिया। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही अफगानिस्तान की काफी प्रशंसा की गई, जिसमें कई क्रिकेटर्स भी शामिल थे। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद इंग्लैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले की तैयारी कर रहे कप्तान शाहिदी ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को परिणाम देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। शाहीदी ने कहा कि हां, यह अच्छा लगता है जब दिग्गज और क्रिकेट विशेषज्ञ आपके और आपकी टीम के बारे में सकारात्मक बातें करते हैं। इससे आपको आत्मविश्वास मिलता है लेकिन साथ ही, अगर कोई बात करता है और कहता है तो इसका मतलब यह नहीं है हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अगर वे कहते हैं कि हम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेंगे, तो हमें इसके लिए मैदान पर कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होने कहा कि जैसा कि मैंने कहा, चैंपियन ट्रॉफी में गुणवत्ता वाली टीमें हैं, दुनिया की शीर्ष आठ रैंकिंग वाली टीमें हैं। इसलिए एक-दूसरे का सामना करना कठिन चुनौती है। ये चीजें हमें आत्मविश्वास देती हैं लेकिन साथ ही, अगर हम इन टीमों को हराना चाहते हैं तो हमें मैदान पर कड़ी मेहनत करनी होगी और उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना होगा। अफगानिस्तान की चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत निराशा. जनक रही और उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 107 रनों की भारी हार का सामना करना पड़ा। कप्तान शाहिदी से पूछा गया कि क्या अफगानिस्तान के लिए पहले बोर्ड पर रन बनाना और फिर अपने बेहतर गेंदबा. जी आक्रमण का उपयोग करके विपक्षी टीम को रोकना अधिक प्रभावी होगा। उन्होने कहा कि मुझे लगता है कि जब हम पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो इससे हमें अधिक मौका मिलता है। लेकिन साथ ही, हमने पिछले विश्व कप में दूसरी बल्लेबाजी करते हुए टीमों को भी हराया था। उन्होने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खेल में, मुझे लगता है कि विकेट तेज़ गेंदबाज़ी के लिए थोड़ा मददगार था। यह भी मानता हूं कि पहले 20 ओवरों में अफगानिस्तान की बल्लेबाजी में दम नहीं था। जब हमारे स्पिनर गेंदबाजी कर रहे थे, तो उनके लिए कोई समर्थन नहीं था। मैंने एक भी गेंद को टर्न होते नहीं देखा। इसलिए हम अच्छा नहीं खेल पाए, खासकर बल्लेबाजी में। हमने पहले 20 ओवरों में अच्छी शुरुआत नहीं की।

## ब्रायडन की जगह रेहान अहमद इंग्लैंड टीम में

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की इवेंट तकनीकी समिति ने ब्रायडन कार्स के प्रतिस्थापन के रूप में रेहान अहमद के नाम की इंग्लैंड को मंजूरी दे दी है। पैर की अंगुली में चोट के कारण कार्स के बाहर होने के बाद छह एक दिवसीय मैच खेलने वाले अहमद को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था। किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए खिलाड़ी को आधिका. रिक तौर पर टीम में शामिल करने से पहले इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की इवेंट तकनीकी समिति में वसीम खान (आईसीसी महाप्रबंधक - क्रिकेट), सारा एडगर (आईसीसी वरिष्ठ प्रबंधक - इवेंट्स), उस्मान वाहला (पीसीबी निदेशक - अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट संचालन), शॉन पोलक (स्वतंत्र प्रतिनिधि) शामिल हैं। टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद इंग्लैंड इस समय ग्रुप बी में मुश्किल स्थिति में है।

### खेल विशेष

## बारिश की भेंट चढ़ा ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका मुकाबला

**रावलपिंडी, वार्ता।** लगातार बारिश के कारण इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना रद्द हो गया, जिससे दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। सुबह से जारी बारिश के चलते ग्राउंड स्टाफ के पास भारतीय समयानुसार 1932 बजे के कट-ऑफ समय से पहले मैदान को खेलने योग्य बनाने का कोई मौका नहीं बचा जिसके बाद मैदान अंपायरों ने मैच को रद्द करने का फैसला लेना पड़ा। मैच के रद्द होने से ग्रुप बी को और अधिक अनिश्चितता में डाल दिया है, जिससे कल इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच खेला जाने वाला मैच नॉकआउट हो गया है।

## नीदरलैंड ने भारत को 4-2 से हराया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी को सोमवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। आज यहां भुवनेश्वर के स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में नीदरलैंड के लिए एम्मा ने 7वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि इसके बाद उदिता ने 18वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया।

# पाकिस्तान की हार के लिए चयनकर्ता जिम्मेदार:सना मीर



■ टीम का चयन खेल की परिस्थितियों को देखकर नहीं किया गया है, पाक झेल रहा आलोचनाएं

**कराची, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर वसीम अकरम और शोएब अख्तर समेत कई दिग्गजों की आलोचना झेल रही पाकिस्तानी टीम को राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान सना मीर से भी खरी खोटी सुननी पड़ी है। सना मीर का कहना है कि पाकिस्तान की खस्ता हालत के लिए चयनकर्ता भी जिम्मेदार हैं। पाकिस्तान का खेल तो तभी खत्म हो गया था जब टीम घोषित की गई थी। इस टीम का कोई भी भला नहीं कर सकता। चाहे वह महेन्द्र सिंह धोनी जैसा करिश्माई कप्तान हो या फिर पाकिस्तान के सफल कप्तान युनुस खान ही क्यों न हो। चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी कर रहे मेजबान पाकिस्तान अपने दो शुरुआती मैच न्यूजीलैंड और भारत से हार कर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुकाहै। उसे अपने आखिरी मैच में अब बांग्लादेश का सामना करना है। सना ने 'गेम ऑन है' कार्यक्रम में कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जिन 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, उसे देखते हुए अगर आप महेंद्र सिंह धोनी या यूनुस खान को भी कमान सौंप दो तब भी कुछ नहीं होने वाला क्योंकि टीम का चयन खेल की परिस्थितियों को देखकर नहीं किया गया है। मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम को भारत से छह विकेट से हार झेलने के बाद लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

## भारत बी टीम पाक की सर्वश्रेष्ठ टीम को दे सकती है चुनौती: सुनील

**दुबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पाकिस्तानी दिग्गजों के कोपभाजन का शिकार बनी रिजवान की टीम पर निशाना साधते हुए भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने कहा कि भारत की दूसरी पंक्ति की टीम पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम के लिए गंभीर चुनौती पेश कर सकती है।

एक खेल प्रसारण पर बोलते हुए, गावस्कर ने मौजूदा टीम से रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, रिंकू सिंह और यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों को बाहर करने




● भारत की मजबूत प्रतिभा पाइपलाईन का श्रेय IPL को जाता है: सुनील गावस्कर

का हवाला देते हुए भारत के प्रतिभा पूल की गहराई पर प्रकाश डाला। उन्होंने टिप्पणी की कि मौजूदा पाकिस्तान टीम के लिए भारत की बी टीम को हराना बहुत मुश्किल होगा, हालांकि मैं सी टीम के बारे में निश्चित नहीं हूं। गावस्कर ने भारत की मजबूत प्रतिभा पाइपलाइन का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को दिया, जिसने युवा खिलाड़ियों को उच्च दबाव वाले क्रिकेट का अनुभव प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि आईपीएल ने यह सुनिश्चित किया है कि भारतीय क्रिकेट लगातार मैच के लिए खिलाड़ियों को तैयार करता है। कई क्रिकेटरों ने आईपीएल से रणजी ट्रॉफी और फिर राष्ट्रीय टीम में आसानी से बदलाव किया है।

# ऐज फ्रॉड केस में लक्ष्य की याचिका खारिज

● हाईकोर्ट ने जांच के आदेश दिए, भारतीय शटलर पर 2 साल 6 महीने उम्र घटाने के आरोप



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन प्लेयर लक्ष्य सेन के ऐज फ्राड मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। दरअसल 2022 में लक्ष्य, उनके परिवार और कोच विमल कुमार पर जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट्स में जन्म प्रमाण पत्र के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। लक्ष्य की याचिका का रिव्यू करने के बाद कर्नाटक हाई कोर्ट ने कहा, मामले में ऐसे सबूत मौजूद हैं जो जांच की आवश्यकता को दर्शाते हैं। आरोपियों ने लक्ष्य और चिराग सेन के जन्म प्रमाण पत्र में करीब दो साल छह महीने की उम्र घटा दी जिससे वे अंडर ऐज टूर्नामेंट में भाग ले सकें और सरकारी लाभ प्राप्त कर पाए। 23 साल के शटलर लक्ष्य सेन के ऊपर एम. जी. नागराज ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत जन्म प्रमाण पत्र पर हेराफेरी कर फर्जी दस्तावेज पेश करने के आरोप लगाते हुए एक निजी शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि लक्ष्य सेन के माता-पिता धीरेंद्र और निर्मला सेन, उनके भाई चिराग सेन, कोच विमल कुमार और कर्नाटक बैडमिंटन संघ के एक कर्मचारी ने जन्म रिकार्ड में फर्जीवाड़ा किया है। शिकायत के बाद, एक मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट ने जांच का आदेश दिया था और दिसंबर 2022 में आरोपियों के ऊपर एफआईआर दर्ज की गई थी। लक्ष्य सेन की याचिका क्या थी? लक्ष्य ने अपनी याचिका में कहा था, ऐज फ्राड का मामला तथ्यात्मक सबूतों के बजाय व्यक्तिगत शिकायतों पर बनाया गया था। शिकायतकर्ता एमजी नागराज 2020 में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन एकेडमी में अपनी बेटी के दाखिल न होने पर निराश थे। जिस वजह से उन्होंने लक्ष्य पर आरोप लगाए। सेन परिवार के अनुसार, आरोप में कोई सच्चाई नहीं है। पेरिस में शुरुआती 4 मैच 2-2 गेम में ही जीते पेरिस ओ. लिंपिक से पहले लक्ष्य ने बीडब्ल्यूएफ के ज्यादातर टूर्नामेंट खेले। इंडोनेशिया ओपन के रूप में उन्होंने आखिरी टूर्नामेंट खेला, जिसमें वह क्वार्टर फाइनल हार गए। वह एकेडमी पहुंचे और पेरिस ओलिंपिक की तैयारी में जुट गए। पेरिस में उन्होंने ग्रुप स्टेज में तीनों मैच 2 ही गेम में जीत लिए। प्री क्वार्टर फाइनल भी 2 गेम में जीता, फिर क्वार्टर फाइनल 3 गेम में जीतकर सेमीफाइनल में भी जगह बना ली। उन्हें सेमीफाइनल में फ्रांस के प्लेयर ने हराया था।

## सेना की सेवा ने मेरी कबड्डी क्षमता को जगाया: देवांक दलाल

**कटक, वार्ता।** पटना पाइरेट्स और सर्विसेज के स्टार रेडर देवांक दलाल सीजन 11 ने अपने खेल में सुधार का श्रेय भारतीय सेना को देते हुए कहा कि उनके करियर में महत्वपूर्ण मोड़ सशस्त्र बलों में प्रवेश के साथ आया। हाल ही में 71वीं सीनियर नेशनल मेन्स कबड्डी चैंपियनशिप में 'बेस्ट प्लेयर' के सम्मान से नवाजे जाने के बाद देवांक ने कहा कि जब मैंने आर्मी ज्वाइन की, तब मुझे एहसास हुआ कि हां, मैं खेल सकता हूं। इस एहसास ने उन्हे एक ऐसी यात्रा को जन्म दिया जिसमें वह भारतीय कबढी के रैंकों में ऊपर उठेंगे, और अंतत: जयपुर के लिए उनके चयन के बाद पीकेएल सीजन 11 से पहले पटना पाइरेट्स में शामिल हो गए। देवांक ने कटक के जवाहरलाल नेहरू में आयोजित चैंपियनशिप फाइनल में सर्विसेज टीम का नेतृत्व किया, जहां उन्होंने रोमांचक मुकाबले में रेलवे को हराया। दड्डी देखकर शुरुआत की। मैं परदीप नरवाल को खेलते देखकर प्रेरित हुआ। पटना पाइरेट्स के लिए उनके चयन ने उनके गांव में जश्न का माहौल बना दिया। उन्होने कहा कि घर पर एक अलग ही फीलिंग थी। मेरा परिवार और गांव वाले खुश थे कि मैं पटना टीम के लिए सिलेक्ट हुआ हूं। लोगों ने गांव में लड्डू और रसगुल्ले बांटे। 71वीं सीनियर नेशनल मेन्स कबड्डी चैंपियनशिप ने राष्ट्रीय मंच पर दलाल की असाधारण प्रतिभा को दिखाया। पूरे भारत से शीर्ष राज्य और संस्थागत टीमों की भागीदारी वाले इस टूर्नामेंट का समापन एक दिल थाम देने वाले फाइनल में हुआ, जहां सर्विसेज का मुकाबला एक मजबूत रेलवे स्क्वाड से हुआ।

# मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल करने के लिए पीएम की शुक्रगुजार: मीराबाई चानू



**नई दिल्ली, वार्ता।** टोक्यो ओलंपिक में कुश्ती में रजत पदक विजेता सैखोम मीराबाई चानू मोटापे के खिलाफ लड़ाई में जागरुकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा नामित किए जाने से बेहद उत्साहित हैं। उन्होने कहा कि दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने से पूरे देश में एक बड़ा बदलाव आ सकता है और हमें फिट इंडिया बनाने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। चानू ने एक्स के जरिए अपनी भावना का इजहार करते हुए कहा कि मोटापे के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नामित किए जाने से उत्साहित हूं। हमारे दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने से पूरे देश में एक बड़ा बदलाव आ सकता है और हमें फिट इंडिया बनाने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। गौरतलब है कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में मोटापे की समस्या पर अपने विचार रखते हुए कहा था कि नियमित दिनचर्या और खान पान से मोटापे को नियंत्रित किया जा सकता है। अगर हम अपने खाने में तेल का इस्तेमाल कम करेंगे तो इससे मोटापे की समस्या से निजात मिल सकती है। उन्होने कहा था कि वह दस लोगों को मोटापे के खिलाफ जागरुकता के लिए नामित करेंगे और उम्मीद करेंगे कि उन दस में प्रत्येक व्यक्ति अगले दस लोगों को मोटापे के प्रति जागरुक करेगा और हम फिट इंडिया के सपने को साकार करेंगे।



## भारत ने दृष्टिहीनों की टी-20 सीरीज जीती

**बेंगलुरु, वार्ता।** टीम इंडिया ने दृष्टिहीन पुरुषों की द्विपक्षीय टी-20 क्रिकेट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश पर नौ विकेट से बड़ी जीत हासिल की। मणिपाल यूनिवर्सिटी कैंपस में इस जोरदार जीत के साथ भारत ने सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए भारत ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा किया और बांग्लादेश को 20 ओवरों में चार विकेट पर 173 रन पर रोक दिया। सलमान 38 गेंदों में 50 रन बनाकर बांग्लादेश के लिए सर्वाधिक योगदान देने वाले बल्लेबाज बने वहीं भारत की ओर से टी- दुर्गा राव ने तीन विकेट लेकर प्रभावित किया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे भारत के सुनील रमेश ने सिर्फ 46 गेंदों में नाबाद 96 रन बनाकर मैच को अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। नकुल बदनायक ने 31 गेंदों में 50 रन बनाए। दोनो के बीच 100 रनों की साझेदारी ने लक्ष्य को 14-4 ओवरों में पाने में महती योगदान दिया। इस जीत के साथ, भारत ने ब्लाइंड क्रिकेट में अपना वर्चस्व कायम करते हुए दो मैच शेष रहते हुए श्रृंखला अपने नाम कर ली है।

# बेहट को बनाएं सैम्पल विधानसभा: उमर

## कहा- जंगल सफारी व पर्यटन को बढावा दे सरकार, सिचाई व पेयजल को बनवाये बांध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के बेहट विधायक उमर अली खान ने कहा कि बेहट विधानसभा चार राज्यों की सीमा होने के कारण इसे सैम्पल विधानसभा बनाया जाये ताकि लोग पूरे प्रद.श की झलक इस विधानसभा में देख सके।



विधानसभा में बेहट विधानसभा के गंभीर मुद्दों को जरूरतों का जिक्र करते हुए उमर अली खान ने कहा कि बेहट विधानसभा हिमाचल, हरियाणा व उत्तराखण्ड राज्यों के बॉर्डर से लगती है। चार राज्यों की सीमा होने के कारण बेहट विधानसभा को सैम्पल विधानसभा घोषित किया जाये। उन्होने पर्यटन को बढावा देने के साथ ही जंगल सफारी स्थापित करने की मांग की और कहा कि हमारी जमीन का इस्तेमाल उत्तराखण्ड सरकार कर रही है और उत्तराखण्ड के युवा पैसा कमा रहे है यदि यहां जंगल सफारी विकसित की जाये तो क्षेत्र के लोगों का आर्थिक विकास होगा। उन्होने कहा कि बेहट विधानसभा पहाडी इलाका है जो या तो सूखा या फिर बाढ वाला है। किसानों को इस क्षेत्र में नल लगवाने के लिए काफी पैसा खर्च करना पडता है। यदि यहां पर बांध बनवा दिया जाये तो बरसात के मौसम में बाढ के पानी को स्टोर किया जा सकता है जो क्षेत्र के पेयजल संकट को न केवल दूर करेगा बल्कि सिंचाई के नये अवसर भी किसानों को मिलेंगे। उन्होने कहा यह क्षेत्र पहले डार्क जोन में था, लेकिन मौजूदा स्थिति के बारे में कोई सरकारी नोटिफिकेशन नही है।

विधायक उमर अली खान ने मां शाकम्भरी क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां पर्यटन की बेहद जरूरत है। प्रदेश में चुनाव की शुरूआत भी मां शाकम्भरी देवी मंदिर से कराई गयी थी, लेकिन अभी तक भी श्रद्धालु कई समस्याओं से दो चार हो रहे है। भूरा देव से मां शाकम्भरी देवी मंदिर के बीच पुल की जरूरत है जिसे कई बार विधानसभा में उठाया भी गया, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्यवाही नही हो सकी। उन्होने कहा कि पता चला है कि इसका टैण्डर हो चुका है, इसलिए काम जल्द चालू होना चाहिए। उन्होने बेहट रोड पर हो रहे हादसों का जिक्र करते हुए कहा कि टैण्डर होने के बाद भी जमीनी कार्यवाही नही हो रही।

# मैडिकल कालेज में सरकार पूरी करें चिकित्सकों की कमी: शाहनवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधान परिषद सदस्य शाहनवाज खान ने कहा कि मैडिकल कालेज व चिकित्सालयों में चिकित्सकों की भारी कमी है जिसे सरकार दूर करने का काम करें।

सदन में चिकित्सकों की कमी का मुद्दा उठाते हुए शाहनवाज खान ने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन मैडिकल कालेज सरकार की महत्वपूर्ण पहल है क्योंकि यह जन स्वास्थ्य से जुडा मुद्दा है। सरकार इस पहल के साथ ही धरातल पर आकर जरूरत को भी देखे कि प्रदेश के मैडिकल कालेजों व हॉस्पिटल में चिकित्सकों की कमी है और रातों रात चिकित्सक नही बनाये जा सकते। सरकार इस सच्चाई को जाने।



शाहनवाज खान ने जनपद के मैडिकल कालेज का हवाला देते हुए कहा कि मैडिकल कालेज की बेहत.रीन बिल्डिंग है, लेकिन इसमें चिकित्सकों की भारी कमी है सिटी स्कैन होता है, लेकिन उसमें डलने वाला लिक्विड मरीज से ही मंगाया जाता है। सरकार चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए गंभीरता से विचार करें।

### तीन हेड कांस्टेबल व एक सिपाही निलंबित

**सहारनपुर।** सरसावा चेक पोस्ट पर रिश्वतखोरी में तीन आबकारी हेड कांस्टेबल व एक सिपाही को निलंबित कर दिया गया।

सरसावा चेक पोस्ट पर आबकारी विभाग की प्रर्वतन विभाग की टीम चेकिंग कर रही थी। टीम ने चेकिंग के नाम पर रिश्वतखोरी की जिसकी जांच ऊंचे अधिकारियों द्वारा की गई। जांच सही पाने पर उप आबकारी आयुक्त सेवालाल ने आबकारी आयुक्त लखनऊ को अपनी रिपोर्ट भेज दी थी जिस पर अपर आबकारी आयुक्त प्रशासन डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने आबकारी के तीन हेड कांस्टेबल हरीश, संतोष यादव, रविंदर और सिपाही मनदीप शर्मा को उप आबकारी आयुक्त सेवालाल उत्तम ने निलंबित कर दिया शिकायतकर्ता कंवलजीत ने शिकायत पुलिस से भी की थी जिसमें शिकायत सही पाई गई थी।

# रमजान व होली पर सुविधाओं की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पार्षद एवं सपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अहमद मलिक के साथ पार्षदों ने महापौर डॉक्टर अजय कुमार सिंह से मिलकर पवित्र रमजान माह व होली के मद्देनजर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

पार्षद प्रतिनिधि सईद अहमद सिद्दिकी पार्षद समीर अंसारी पार्षद पति कलीम अहमद ने आज महापौर डॉ अजय कुमार सिंह को पवित्र माह रमजान और होली पर्व पर सभी वार्डों में ट्यूबवेल पर जनरेटर की व्यवस्था और शहर में जितनी भी ईईएसएल और नगर निगम की स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। उनको सुचारु रूप से ठीक करा दिया जाए और सफाई व्यवस्था का खासतौर से ख्याल रखा जाए।

पार्षद एवं सपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अहमद मलिक ने महापौर डॉक्टर अजय कुमार सिंह से मांग करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र माह के अंदर सभी मस्जिदों के आसपास सुबह और शाम सफाई और चूने की व्यवस्था करा दी जाए।

# मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के अब्दुल कवि चुने गए महामंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के चुनाव में सर्वसम्मति से नीरज कुमार को अध्यक्ष व अब्दुल कवि को महामंत्री चुना गया।



कार्यालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी के कार्यालय में सम्पन्न हुए चुनाव में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जसवंत सिंह को सरंक्षण, नीरज कुमार को अध्यक्ष, अब्दुल कवि को महामंत्री, रामकुमार को उपाध्यक्ष, नीरज कुमार धीमान को संयुक्त सचिव, गय्यूर अली को कोषाध्यक्ष, नरवेश को ऑडिटर, मदन गोपाल को प्रचार मंत्री, सुगन्धा सिंह को संगठन मंत्री चुना गया। इसके अलावा नफीसुद्दीन हाशिमी, रामेश्वर कुमार, मयंक कुमार सिंघल व विकास त्यागी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

नवनिर्वाचित महासचिव अब्दुल कवि ने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेंदारी सौंपी गई है उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन किया जायेगा। उन्होंने कर्मचारियों से आहवान किया कि कर्मचारियों की लडाई को प्रमुखता से लडा जायेगा।

# पृथक प्रदेश की मांग को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने आज कमिश्नर से मिलकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा और पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण की मांग की।




राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में बढ़ती हुई समस्याओं का एकमात्र हल उत्तर प्रदेश को चार भागों में बताकर 26 जिलों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण ही है। देश के अलग-अलग क्षेत्र में अलग राज्य की मांग को देखते हुए केंद्र सरकार तत्काल राज्य पुनर्गठन आयोग गठित करके नए राज्यों का निर्माण करें। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि मेरठ में तत्काल हाई कोर्ट की स्थापना कराई जाए और मिनी सचिवालय बनाया जाए मेरठ सहारनपुर आगरा में तीन एम्स की स्थापना कराई जाए।

प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉक्टर अशोक मलिक, राष्ट्रीय सलाहकार रजत शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल, प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक, प्रदेश संगठन मंत्री धर्मवीर चौधरी, प्रदेश सचिव डॉ परविंदर मलिक, मंडल प्रभारी दुष्यंत सिंह, मंडल उपाध्यक्ष धर्मपाल जोशी, जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट शामिल रहे।

# विलास बने युस के जिलाध्यक्ष



**सहारनपुर।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव चौ. रूद्रसैन ने विलास राणा को युवजन सभा जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर मुबारकबाद दी और मनोनयन पत्र सौंपा। नानौता निवासी युवा सपा नेता विलास राणा को समाजवादी पार्टी युवजन सभा का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर उनके समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। वहीं उनके आवास पर बधाई देने के लिए समर्थकों का तांता लग गया है। समर्थकों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए एक दूसरे को बधाई दी। वहीं विलास राणा ने युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पद पर अपनी नियुक्ति पर चौधरी बंधुओं सपा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रुद्रसेन तथा गंगोह विधानसभा प्रभारी चौधरी इंद्रसेन का आभार प्रकट किया है।

# दुकानो पर लगाए निशानों का पार्षद टिंकू के नेतृत्व में विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नवाबगंज चौक से जेल चुंगी रोड सड़क के चौड़ीकरण कार्य को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रजापति समाज के लोगों की दुकानों के बाहर लगाए गए निशान के मामले को लेकर नगर निगम के पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल सपा महानगर प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में विभागीय अधिकारी से मिला और इस संबंध में वार्ता की।



महानगर प्रभारी एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में प्रजापति समाज के लोगों को लेकर पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल लोक निर्माण विभाग की सहायक अभियंता सोनिया शर्मा से मिला। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा नवाबगंज चौक से जेल चुंगी तक चौड़ीकरण कार्य के संबंध में वार्ता की और प्रजापति समाज की दुक.ानों पर जो निशान लगाएंगे उनका विरोध किया। अगर भारी यातायात चलाने के लिए शहर के बाहर से बाईपास निकाला जाना चाहिए। शहर में खनन और अन्य भारी वाहन आने से आए दिन घटनाएं होती हैं जिससे जान-माल का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज के लोगों की दुक.ानों को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है जिसे किसी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रति.निधि मंडल को सहायक अभियंता द्वारा दोबारा टीम भेजकर जांच करवाए जाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल पार्षद फहाद सलीम, पार्षद हाजी गुलशेर, पार्षद नदीम अंसारी दीपक प्रजापति, अनिल कुमार, चमन लाल, राजकुमार प्रजापति, रामवती प्रजापति, धीरज प्रजापति, सोनू प्रजापति, रमन प्रजापति शामिल रहे।

# निर्यातक औसाफ गुड्डू ने मरहूम इमरान की पत्नी के निधन पर जताया दुख



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर वुडकार्विंग के महासचिव मौहम्मद औसाफ गुडडू ने नेशनल हैंडीक्राफ्टस व सहारनपुर वुडकार्विंग मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान के बडे भाई मरहूम इमरान अंसारी की अहलिया के निधन पर गहरा दुख जताया है। महासचिव मौहम्मद औसाफ गुडडू ने ने कहा कि मरहमू इमरान अंसारी की अहलिया नेकदिल महिला थी। उनके व्यवहार के कारण सभी लोग उनको इज्जत बख्शते थे। आज उनका इंतकाल दिल को झकझोर देने वाला है।

# भारत की जीत पर मनाई खुशियां



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रसिद्ध पारिवारिक संस्था बिग फैमिली ने क्रिकेट चैंपियनशीप के अंतर्गत दुबई में पाकिस्तान पर भारत की जीत के साथ साथ विराट कोहली की विनिंग सेंचुरी के मौके पर एक दूसरे को बधाई दी।

जीत की खुशी में मुख्य पदाधिकारियों ने गतरात्रि जीत के तुरंत बाद मुख्य मार्ग के किनारे सड़क के नियमों का पालन करते हुऐ सड़क के किनारे फुटपाथ पर खडे होकर आते जाते नगर वासियो के समक्ष भारत की जीत के लिए विकटरी का चिन्ह अपनी उंगलियों से दिखाते हुऐ खुशी जताई।

बिग फैमिली संस्था की अध्यक्ष डा एस के आनन्द, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा ए के भल्ला, चेयरमैन डा सी एस आनंद, महामंत्री एम पी सिंह चावला, कोषाध्यक्ष आर पी सिंह, सदस्य कार्यकारिणी रजनी भल्ला, रानी लूथरा, रमन चावला ने भी शुभकामनायें दीं। इसके अलावा अन्य सदस्यों डा मनप्रीत, डा नितिक, डा रोहित, डा गुनप्रीत, डा सौरभ, डा शिवानी, डा गौरव, डा अंशुम, इशप्रीत सिंह,शीतू, बन्नी,बिसमन, चनप्रीत, डा जसलीन, डा कीरतपाल ने भी एक दूसरे को बधाई देकर भारत की जीत की खुशी मनाई।

# आईएमए के वार्षिक खेल महोत्सव का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईएमए के वार्षिक खेल महोत्सव का फाइनल मैच के साथ सम्पन्न हो गया। एक महीने से ज्यादा लंबे समय तक चली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अनेको चिकित्सको और बच्चों ने प्रतिभाग किया।





फाइनल के दिन मुख्य अतिथि मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ परवीन कुमार में पुरस्कार वितरण करते हुए कहा कि खेलो को प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में शामिल करें,इससे सहयोग और टीम भावना बढ़ती है। आईएमए अध्यक्ष डा. नरेश नोसरान से कहा कि व्यवयाम और खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और दिल की बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है। आईएमए के खेल सचिव डा. रवि ठक्कर ने विजेताओ की घोषणा करते हुए बताया कि खेलों में बच्चों में बैडमिंटन में नीतीश मेहंद.िरत्ता प्रथम स्थान पर रहे। महिला टीम इवेंट में श्रीमती रश्मि ग्रोवर और डॉ. सीमा शर्मा की टीम प्रथम रही। बैडमिंटन की मिश्रित युगल में डॉ. महेश ग्रोवर और श्रीमती रश्मि ग्रोवर प्रथम, डॉ. भावेश चावला और डॉ. पलक चावला उपविजेता रहे। पुरुष बैडमिंटन मे डॉ. विक्रांत मेहंदीरत्ता डॉ. मुकेश नौसरान की टीम प्रथम रही। शतरंज की पुरुष श्रेणी में डॉ. प्रशांत खन्ना विजेता डॉ रत्नाकर कुशवाहा उपविजेता रहे। महिला शतरंज में डॉ. विनीता मल्होत्रा विजेता और डॉ. कमायनी तिवारी उपविजेता रही। शतरंज की बाल श्रेणी में मास्टर सार्थक जैन विजेता मास्टर हर्ष सिंघल उपविजेता रहे।टेबल टेनिस में महिला वर्ग में डॉ. रितु जैन (विजेता), डॉ. रश्मि बंसल (उपविजेता) रहे। पुरुष टीटी में डॉ. अरुण अनेजा और टीम विजेता रही।

क्रिकेट में डॉ समित जैन टीम विजेता और डॉ मुकुंद की टीम उपविजेता रही। वॉलीबॉल में डॉ रवि ठक्कर की टीम विजेता रही। बच्चों के ड्राईंग कॉम्पिटिशन में आदित्य, सोहम, पारखी, वियोना और प्रिशा जैन विजेता रहे। कार्यक्रम में डॉ महेश चंद्रा, डॉ विकास अग्रवाल, डॉ परवीन शर्मा, डॉ महेश ग्रोवर, डॉ संजीव अग्रवाल, डॉ कुणाल जैन, डॉ उत्कर्ष, डॉ नीरज आर्या, डॉ रविकान्त निरंकारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# आईआईएमटी के वार्षिकोत्सव का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेण्ट एण्ड टेक्नालॉजी उमाही में चल रहे दो दिवसीय वार्षिकोत्सव उडान-2025 का समापन मुख्य अतिथि प्रोफेसर विमला वाई, कुलपति मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय , डा. अजय कुमार मेयर, चेयरमैन डा. एस. सी. कुलश्रेष्ठ, सचिव संकल्प कुलश्रेष्ठ , श्रीमती मुक्ता कुलश्रेष्ठ प्रेसिडेंट एस आर जी सी,डा. पूनम शर्मा प्रेसिडेंट आईआईएमटी, निदेशक डा अंजू वालिया, डॉ प्रेरणा मित्तल प्राचार्य, श्रीमती नीतू सिंह, आशुतोष गुप्ता की उपस्थिति में हुआ।




मुख्य अतिथि प्रोफेसर विमला वाई ने नारी शक्ति को बढ़ावा देते हुए कहा कि आज की नारी किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है । उन्होंने मैरीकॉम का उदाहरण देते हुआ कहा कि आज की नारी बाहुबल में भी कमजोर नहीं है। मुख्य अतिथि ने संस्था बीए, बी. कॉम , बीएससी, बीबीए, बीपीईएस, बी.एड. के मेधावी छात्र छात्राओं को अवार्ड देकर सम्मनित किया। अध्यक्षता करते हुए डॉ अजय सिंह मेयर ने कहा हमारा देश शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है तथा युवा की नई विचारधारा के साथ काम करके प्रधानमंत्री का संकल्प 2047 में विकसित भारत बनाने का जरूर पूरा करेंगे। इस वर्ष बेस्ट टीचर का अवॉर्ड मिस प्रतिष्ठा को नवाजा गया।इसके अलावा डॉ तेज कुमार व मोहम्मद असद को स्टूडेंट्स वेलफेयर अवॉर्ड, रजनीश कुमार को टेक इनोवेटर अवॉर्ड, अजरा व कल्पना शर्मा को उत्कृष्ट काउंसलर अवॉर्ड, विकास चौधरी, इंद्रिका, दीपक धीमान को उत्कृष्ट कार्य हेतु अवॉर्ड दिया गया। अर्शी महमूद, वलिया फरहीन, सविता स्वरूप , दीपक बर्मन, सरिता शर्मा को राइजिंग स्टार अवॉर्ड ने नवाजा गया। श्रममेव जयते अवॉर्ड मनोज राणा, संदीप, संजय व नवीन को दिया गया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका श्रीमती पूजा तोमर व श्रीमती निवेदिता पांडे ने निभाई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को सम्मानित किया गया। मंच का संचालन अर्पित, ध्रुव, मुफीद, मदीहा, वैभव व वर्षा ने किया।

### इलाज के दौरान मासूम की मौत

**नकुड़।** मासूम अब्दुस समी की मौत से मौहल्ले में शोक लहर दौड़ गई। खबर लगते ही बालक के में भी विद्यालय शोक व्यक्त किया गया।

मौहल्ला बंजारान निवासी तीन बहनो के एकलौते भाई मासूम अब्दुस समी की मौत की खबर से आर. एन. टैगोर विद्यापीठ इंटर कॉलेज में जैसे ही पहुंची तो हर कोई शौक में डूब गया। भावुक हुए विद्यालय के प्रबंधक चंद्रशेखर मित्तल सिर्फ इतना ही कह पाये कि हे प्रभु तूने यह क्या किया। बताते चलें कि समी कुरैशी आर एन टैगोर विद्यापीठ इंटर कॉलेज कक्षा चार का होनहार छात्र था। वह तीन बहनों का इकलौता भाई था। बताया जाता है कि मौहल्ला बंजारान सिनेमा वाली गली निवासी शमशाद कुरैशी का पुत्र अब्दुस समी कुरैशी 23 फरवरी को अपने घर की छत से गिर गया था। जिसका विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराया गया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** गलोकल विश्वविद्यालय एनएसएस शिविर का चौथा दिन पर्यावरण संरक्षण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित रहा।

ग्राम रायपुर में चौथे दिन के मुख्य अतिथि मिर्जापुर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम रहे। जिन्होंने बच्चों से संवाद किया। प्रमुख वक्ताओं में ग्लोकल पैरामेडिकल कॉलेज के शिक्षक शेख अब्दुल वासे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से व्यक्तित्व के विकास पर तथा ग्लोकल लॉ स्कूल की डॉ अतिका बनो ने महिला शिक्षा, सुरक्षा और कानून के विषय में अपना वक्तव्य दिया। ग्राम प्रधान अब्दुल कादिर ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास के संदर्भ में वक्तव्य दिया और कहा कि ग्लोकल विश्वविद्यालय की इस अच्छी पहल से ग्राम वासियों को बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। इसके साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में डॉ संजीव नांदल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट किए और धन्यवाद ज्ञापन किया। समस्त कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शोभा त्रिपाठी ने किया।

# सम्पादकीय

बुधवार, 26 फरवरी 2025

## हादसों पर भारी आस्था

**धर्म** प्रेमियों ही नहीं, सभी देशवासियों के लिए यह तथ्य सुखद है कि महाकुंभ में देश विदेश के 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पहुंच कर रिकॉर्ड बना डाला, पर यह भी कटु सत्य है कि इसमें बहुत से ऐसे लोग रहे, जो घर नहीं लौट पाए, इस सब के बावजूद भी कहा जा सकता है कि हादसों पर आस्था भारी पड़ रही है। महाकुंभ के 43 दिन में 100 से ज्यादा रोड एक्सीडेंट में 150 लोगों की मौत हो गई। हादसों में 385 लोग घायल हुए हैं। इनमें से कई लोगों को अब अपंग जैसी जिंदगी जीनी पड़ेगी। सबसे ज्यादा एक्सीडेंट राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर हुए। दिल्ली से वाया आगरा-कानपुर-प्रयागराज-वाराणसी होते हुए कोलकाता को जोड़ने वाले इस नेशनल हाईवे पर 40 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। सबसे बड़ा एक्सीडेंट प्रयागराज-मिर्जापुर रोड पर हुआ, जिसमें 10 लोगों की मौत हुई और 19 लोग घायल हो गए। प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ था, जो महाशिवरात्रि (कल) तक चलेगा। अभी इस आयोजन के समापन में दो दिन बाकी हैं। 43 दिनों में ही 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं का आंकड़ा पार हो गया। यानी औसतन रोज करीब डेढ़ करोड़ लोग त्रिवेणी में स्नान करने पहुंचे। इसमें ज्यादातर लोग सड़क मार्ग से पहुंच रहे हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले 6 प्रमुख मार्गों पर हो रहे हादसे प्रयागराज को 6 प्रमुख मार्ग, देश के दूसरे शहरों और राज्यों से जोड़ते हैं। प्रयागराज-वाराणसी हाईवे आगे बिहार, झारखंड होते हुए कोलकाता तक जाता है। वहीं, प्रयागराज से कौशांबी, फतेहपुर, कानपुर होते हुए यही हाईवे वाया आगरा-मथुरा होकर दिल्ली को जोड़ता है। 43 दिनों में अकेले इस हाईवे पर 40 लोगों की मौत हुई। इनमें प्रयागराज से कानपुर हाईवे पर 14, तो प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर 15 लोगों की मौत शामिल है। अन्य मौतें इसी हाईवे पर आगे के जिलों और प्रदेशों में हुई हैं। प्रयागराज-मिर्जापुर स्टेट हाईवे पर 15 फरवरी को छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं की बोलेरो और मध्यप्रदेश के राजगढ़ जा रही श्रद्धालुओं की बस टकरा गई। इस हादसे में बोलेरो में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं, बस में सवार 19 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद 4 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। बोलेरो में कोरबा जिले के लोग सवार थे। वे महाकुंभ स्नान करने आ रहे थे। प्रयागराज मेला क्षेत्र में हुए इस हादसे में बोलेरो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। बोलेरो को काटकर शवों को किसी तरह से निकाला जा सका था। इस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'एक्स' पर पोस्ट में करते हुए लिखा था-उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मिर्जापुर हाईवे पर हुए सड़क हादसे में कई लोगों की मृत्यु की खबर अत्यंत दुखद है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। श्रद्धालुओं में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की रही, जो सड़क मार्ग से संगम स्नान करने पहुंचे। इसका नतीजा ये निकला कि प्रयागराज को जाने वाले ज्यादातर मार्गों पर श्रद्धालुओं को लंबे जाम में 7 से 9 घंटे तक फंसना पड़ा। इसे बाद जब वे जाम से निकलते, तो थक कर चूर हो चुके होते थे। इसीलिए ज्यादातर हादसे लंबी दूरी तय करने वाले वाहनों के हुए। ड्राइवरों की अत्यधिक थकान, घंटों तक ट्रैफिक जाम में फंसने से मानसिक तनाव और रात में सफर के दौरान वे झपकी आने से नियंत्रण खो दे रहे हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले सभी प्रमुख हाईवे फोर-लेन या सिक्स-लेन के हैं। अच्छी सड़क के चलते ड्राइवर तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं। इस दौरान एक छोटी-सी भी नींद की झपकी या चूक हादसे की वजह बन जाती है। 22 फरवरी को इस तरह का हादसा प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर दिखा। फतेहपुर में भारतपुर मोड़ पर राजस्थान के धौलपुर जिले के श्रद्धालुओं को लेकर जा रही पिकअप कुछ देर के लिए रुकी।

## लाभार्थियों के सभी वजीफों में भारी कटौती हुई



**प्रधानमंत्री** मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी तथा अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है, ये शर्मनाक सरकारी आंकड़े बताते हैं कि सरकार ने लाभार्थियों के सभी वजीफों मे भारी कटौती, तो की है साथ ही औसतम साल-दर- साल 25 प्रतिशत फंड भी कम खर्च किया है, जब तक देश के कमजोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे, आपका सबका साथ, सबका विकास का नारा, रोजाना कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**अध्यक्ष, कांग्रेस**

# आंदोलनों से जुड़े हैं प्रदर्शन, कलाएं और रंगमंच



डा. सत्यवान सौरभ

मजदूर वर्ग को आजाद कराने और स्थापित सत्ता के खिलाफ क्रांति को मज़बूत करने के लिए 20वीं सदी की शुरुआत में नुक्कड़ नाटक का विकास हुआ। इसकी शुरुआत मुख्य रूप से उपनिवेशवाद विरोधी युग के दौरान भारत में वामपंथी रंगमंच कार्यकर्ताओं द्वारा की गई थी। यद्यपि नुक्कड़ नाटक और लोक नाटक में कई समानताएं हैं, लेकिन नुक्कड़ नाटक एक सीधा-सादा कलात्मक माध्यम होने के बजाय एक सहभागी सामाजिक संचार प्रक्रिया है। इस निबंध में सामुदायिक विकास के एक उपकरण के रूप में नुक्कड़ नाटक के कार्य और क्षमता की जांच की गई है, जो सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देना चाहता है। 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने के तुरंत बाद, थिएटर उद्योग में महत्त्वपूर्ण उथल-पुथल हुई। अधिक लोकप्रिय फ़िल्म शैलियों से प्रतिस्पर्धा ने मनोरंजन थिएटर उद्योग को नुक़सान पहुंचाया। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बंगलौर जैसे प्रमुख शहरों में शौकिया रंगमंच का विकास हुआ। जैसे-जैसे क्षेत्रीय नाटय परम्पराएं विकसित हुई हैं, भारत का रंगमंच और प्रदर्शन कलाएं सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक रही हैं। न्याय को बढ़ावा देने, सत्ता का विरोध करने और सामाजिक अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए रंगमंच एक सशक्त माध्यम साबित हुआ है।

बढ़ते क्षेत्रीय राष्ट्रवाद, राष्ट्र का प्रश्न और उपनिवेशवाद विरोधी संघर्ष की जटिल कथाओं ने क्षेत्रीय नाटय परम्पराओं के विकास को प्रभावित किया है। उदाहरण के लिए, बंगाली नाटक नील दर्पण (1860) में बताया गया कि ब्रिटिश शासन के दौरान नील की खेती करने वाले किसानों का किस प्रकार शोषण किया जाता था। आधुनिक रंगमंच सांस्कृतिक उत्पादन के औपनिवेशिक मॉडलों और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रथाओं के प्रतिच्छेदन ने आधुनिक रंगमंच को आकार दिया है। रंगमंच सहित प्रदर्शन कलाएं सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त साधन तथा चर्चा के लिए एक जीवंत मंच बनी हुई हैं। रंगमंच लंबे समय से भारत में जागरूकता बढ़ाने, सुधार और प्रतिरोध के लिए एक सशक्त साधन रहा है, जिसका प्रभाव राजनीतिक आंदोलनों के साथ-साथ सामाजिक संरचनाओं पर भी पड़ा है। शास्त्रीय रीति-रिवाजों से लेकर समकालीन नुक्कड़ नाटकों तक, इसने सामाजिक बदलावों को प्रतिबिंबित करने और प्रभावित करने के लिए कभी भी बदलाव करना बंद नहीं किया है। सामाजिक अन्याय को लंबे समय से रंगमंच के माध्यम से प्रकाश में लाया जाता रहा है। ब्रिटिश शासन के दौरान नील की खेती करने वाले किसानों के शोषण को 1860 में बंगाली थियेटर के नील दर्पण द्वारा सार्वजनिक किया गया था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर नाटकों और लोक प्रदर्शनों के माध्यम से संगठित किया गया था। रंगमंच के माध्यम से, भारतीय जन रंगमंच संघ (इप्टा) ने 1943 में उपनिवेशवाद विरोधी भावना को बढ़ावा दिया। निम्न वर्ग के समुदाय रंगमंच के माध्यम से अपनी पहचान व्यक्त करने में सक्षम रहे हैं। दलित सशक्तिकरण और अम्बेडकरवादी दर्शन को भीम नाटय (महाराष्ट्र) द्वारा बढ़ावा दिया जाता है। रंगमंच का उपयोग भ्रष्टाचार को उजागर करने और नीतियों की आलोचना करने के लिए किया गया है। 1980 के दशक में, सफ़दर हाशमी के जन नाटय मंच ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जिनमें सरकारी नीतियों की आलोचना की गई, इसके कारण 1989 में उनकी हत्या कर दी गई। कानून और सामाजिक सुधार रंगमंच से प्रभावित हुए हैं। विजय तेंदुलकर की 1972 में प्रकाशित पुस्तक सखाराम बाइंडर में महिलाओं के अधिकारों और घरेलू दुर्व्यवहार के खुलासे पर चर्चा के परिणामस्वरूप सख्त सेंसरशिप कानून बनाए गए। धार्मिक और सामाजिक परंपराएं: प्राचीन रंगमंच की मज़बूत धार्मिक और सामाजिक जड़ें थीं। कुटियाट्टम (केरल), जिसे 2001 में यूनेस्को द्वारा मान्यता दी गई थी, अभी भी संस्कृत रंगमंच की परंपराओं को क़ायम रखे हुए है। लोक रंगमंच के माध्यम से सामाजिक टिप्पणी: वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों को लोक परंपराओं में प्रतिबिंबित किया गया है। नक्सलवादी आंदोलन के दौरान वर्ग संघर्ष को जत्रा (बंगाल) में दर्शाया गया। आधुनिक रंगमंच में मानवाधिकार, लोकतंत्र और भ्रष्टाचार नए विषय बन गए। 1950 के दशक में हबीब तनवीर के नया थिएटर ने लोक और आधुनिक विषयों को मिलाकर सामाजिक मुद्दों को चित्रित किया। राज्य हस्तक्षेप और सेंसरशिप: राजनीतिक रूप से संवेदनशील नाटकों पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाए जाते हैं। विजय तेंदुलकर की 1972 की फ़िल्म घासीराम कोतवाल को जाति आधारित भ्रष्टाचार और शोषण को उजागर करने के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया था। डिजिटल प्लेटफार्म की लोकप्रियता ने थिएटर के प्रभाव और पहुंच को बढ़ा दिया है। सामाजिक सक्रियता के लिए, यूटयूब आधारित थिएटर समूह, जैसे जन नाटय मंच, डिजिटल प्रदर्शनों का उपयोग करते हैं।



# दांतों ने उजागर किया स्तनपात का पैटर्न...

मां के दूध के जगजाहिर फायदों को देखते हुए सलाह दी जाती है कि पहले 6 महीनों तक शिशु को केवल स्तनपान कराना चाहिए। लेकिन शिशु को स्तनपान कराना बंद कब करें? यह प्रश्न जितना महत्वपूर्ण आजकल के माता-पिता के लिए है, उतना ही महत्वपूर्ण प्राचीन रोमवासियों के लिए भी था। और प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज नेक्सस में प्रकाशित हालिया अध्ययन कहता है कि आधुनिक समय और प्राचीन समय के बाशिंदो की न सिर्फ स्तनपान सम्बंधी चिंताएं एक जैसी हैं, बल्कि स्तनपान बंद कराने की प्रवृत्ति भी मेल खाती है। पाया गया कि अतीत में ग्रामीण रोमवासियों की तुलना में शहरी रोमवासी बच्चे का स्तनपान जल्दी बंद करा देते थे, और स्तनपान बंद कराने के ऐसे ही पैटर्न आधुनिक समय में भी दिखते हैं।

मां का दूध शिशुओं को पोषक तत्व और एंटीबॉडीज देता है जो उन्हें बीमारियों से बचाते हैं और उनकी अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली के विकास में मदद करते हैं। ऐसा देखा गया था कि बेबी फॉर्मूला के आगमन से पहले, जिन शिशुओं का मां का दूध बहुत जल्दी छुड़ा दिया जाता था उन्हें संक्रमण होने का जोखिम अधिक होता था। द्वितीय शताब्दी ईसा पूर्व के सोरेनस जैसे चिकित्सकों ने स्तनपान के बारे में विस्तार से लिखा था, और बच्चे के लगभग दो वर्ष की आयु होने पर स्तनपान बंद करने की सलाह दी थी। वर्तमान में भी विश्व स्वास्थ्य संगठन सलाह देता है कि पहले छह महीने तक सिर्फ स्तनपान कराना चाहिए, और फिर धीरे-धीरे कम करते हुए दो साल की उम्र तक स्तनपान छुड़ाया जा सकता है।

लेकिन प्राचीन समय में स्तनपान प्रथाएं कैसी थीं? प्राचीन रोम के संदर्भ में हुए कुछ अध्ययनों में इसे समझने के लिए प्राचीन चिकित्सा ग्रंथों और पुरातात्विक अवशेषों को ही खंगाला गया था। लेकिन इन ग्रंथों तक पहुंच अक्सर अमीर परिवारों की ही होती थी, जो शहरों में रहते थे और आम तौर पर अपने शिशुओं को स्तनपान कराने के लिए धाय-मां रखते थे। इसलिए रोमन साम्राज्य के ग्रामीण इलाकों में शिशुओं का खान-पान अब तक अनजाना ही था।

मैक्स प्लांक इंस्टीटयूट ऑफ जियोएंथ्रोपोलॉजी के जैव पुरातत्वविद कार्लो कोकोजा की टीम संपूर्ण रोमन साम्राज्य (ग्रामीण और शहरी) में बच्चों के आहार पैटर्न समझना चाहती थी। लेकिन इसे समझने के लिए अध्ययन किसका किया जाए?


दांतों व दाढ़ों की डेंटाइन इसमें मददगार साबित हो सकती है। दरअसल डेंटाइन के ऊतकों की परतें आपने कब क्या खाया, सब बयां कर सकती हैं। और, मां के दूध में कार्बन-13 के मुकाबले नाइट्रोजन-15 आइसोटोप का स्तर काफी अधिक होता है। डेंटाइन की परतों में नाइट्रोजन आइसोटोप का स्तर देखकर स्तनपान बंद किए जाने के समय का अंदाजा लगाया सकता है। जब तक शिशु स्तनपान कर रहा होगा नाइट्रोजन आइसोटोप डेंटाइन की शुरुआती परतों में अधिक मिलेगा और बंद करने के बाद की परतों में अचानक से नदारद दिखेगा।

तो, शोधकर्ताओं ने पहली शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर चौथी ईसवीं सदी के समय में रोमन साम्राज्य में रहने वाले 45 वयस्कों की पहली दाढ़ के डेंटाइन का अध्ययन किया। इन दाढ़ों को शहरी इलाकों-जैसे ग्रीस के थेसालोनिकी और इटली के पोम्पेई से लेकर ग्रामीण इलाकों-जैसे इंग्लैंड के बैनेस और इटली के ओस्टिया तक से प्राप्त किया गया था। विश्लेषण में पाया गया कि रोमन साम्राज्य के शहरी स्थलों में स्तनपान दो वर्ष की आयु में बंद कर दिया जाता था, जबकि ग्रामीण स्थलों में डेढ़ साल से लेकर पांच साल की आयु तक के बच्चों को स्तनपान कराया जाता था। इससे लगता है कि रोम के शहरी केंद्रों से दूर के स्थलों पर 'आधिकारिक' चिकित्सा सलाह कम पहुंची होगी, साथ ही यह भी लगता है कि निम्न आय वाले ग्रामीण परिवार यह सोचकर स्तनपान लंबे समय तक जारी रखते होंगे कि सीमित भोजन एक और शिशु में न बंटे।

ये नतीजे आज के स्तनपान पैटर्नों से मेल खाते हैं। अध्ययन बताते हैं कि वर्तमान समाज में शहरी क्षेत्रों में स्तनपान जल्दी छुड़ाया जाता है। इसका एक कारण शहरीकरण है। जीवन स्तर में सुधार के साथ लोगों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार हुआ है, साथ ही चिकित्सा तक अधिक पहुंच भी हुई है। दूसरी ओर, ग्रामीण इलाकों में लंबे समय तक स्तनपान जारी रहता है।

बहरहाल, ये निष्कर्ष सीमित नमूनों पर आधारित हैं इसलिए पर्याप्त डैटा के साथ अधिक अध्ययन इन नतीजों को मजबूती दे सकते हैं। साथ ही कई अनुत्तरित सवालों के जवाब भी दे सकते हैं। जैसे, क्या आप्रवासी लोग रोमन चिकित्सकों की सिफारिशों का पालन करते थे?

स्रोत फीसर्च




# आध्यात्मिक ऊर्जा से जुड़ने का दिव्य अवसर है महाशिवरात्रि



योगेश कुमार गोयल

**भगवान** शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करने का विशेष अवसर है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का दिन माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं और महाशिवरात्रि का व्रत रखने से पापों का नाश होता है, मानसिक शांति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व इस वर्ष 26 फरवरी को मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। यह आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने का सुअवसर है। महाशिवरात्रि को शिव तत्व को आत्मसात करने, नकारात्मक ऊर्जाओं को समाप्त करने और आध्यात्मिक उत्थान प्राप्त करने का सबसे उत्तम अवसर माना जाता है।

### महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक

महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग एवं शहद अर्पित करने से विशेष फल प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है।

### इस रात्रि को जागरण करने वाले भक्तों को होती है अक्षय पुण्य की प्राप्ति

इस रात्रि में अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवपुराण के अनुसार, इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखने और रात्रि जागरण करने से समस्त पापों का नाश होता है और भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में कहा गया है कि महाशिवरात्रि की रात्रि में चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है, जिसमें हर प्रहर में शिवलिंग का अलग-अलग द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है, पहले प्रहर में जल, दूसरे प्रहर में दही, तीसरे प्रहर में घी और चौथे प्रहर में शहद से अभिषेक करने का विधान है।

धर्मग्रंथों में भगवान शिव को 'कालों का काल' और 'देवों का देव' अर्थात् 'महादेव' कहा गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं। देवाधिदेव भगवान शिव के समस्त भारत में जितने मंदिर अथवा तीर्थ स्थान हैं, उतने अन्य किसी देवी-देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में उनकी पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है। सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है?

इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराईयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, 'जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से 'सगुण ईश्वर' और 'निर्गुण ब्रह्म' कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं।''शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए। धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है।



# Gmail में होगा बड़ा बदलाव

## अकाउंट हैकिंग जैसी समस्याओं से मिलेगी राहत!

**गूगल** जल्द ही जीमेल अकाउंट्स के लिए **SMS** बेस्ड टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को हटाने की योजना बना रहा है। **Forbes** की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी इसके बजाय **QR** कोड-बेस्ड वेरिफिकेशन सिस्टम अपनाने की तैयारी कर रही है। गूगल के एक प्रवक्ता का कहना है कि जैसे कंपनी पासवर्ड्स को पासकीज से रिप्लेस कर रही है, वैसे ही एसएमएस मैसेजेस से भी छुटकारा पाने की प्लानिंग की जा रही है। कंपनी का मानना है कि ये कदम एसएमएस से जुड़े सिक्योरिटी खतरों और फ्रॉड को कम करने में मदद करेगा।

रिपोर्ट बताती है कि गूगल के मुताबिक, एसएमएस कोड्स कई सिक्योरिटी चुनौतियों के साथ आते हैं। कंपनी के प्रवक्ता **Ross Richendrfer** और उनकी सहयोगी **Kimberly samra** ने पब्लिकेशन को बताया कि **SMS** कोड्स को आसानी से फिश किया जा सकता है, यूजर्स हमेशा उस डिवाइस तक एक्सेस नहीं रखते जिस पर कोड भेजा गया हो और उनकी सिक्योरिटी मोबाइल कैरियर्स की प्रैक्टिसेस पर निर्भर करती है। **Richendrfer** ने आगे कहा कि, अगर कोई फ्रॉडस्टर आसानी से किसी के फोन नंबर पर कंट्रोल पा सकता है तो **SMS** की सिक्योरिटी वैल्यू खत्म हो जाती है।

गूगल **SMS** वेरिफिकेशन को दो मुख्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करता है। सिक्योरिटी और अब्यूज कंट्रोल। पहला उद्देश्य ये सुनिश्चित करना कि यूजर वही व्यक्ति है जो पहले से अकाउंट यूज कर रहा था और दूसरा ये रोकना कि धोखाधड़ी करके हजारों जीमेल अकाउंट्स क्रिएट न कर सके।

**SMS** कोड्स से जुड़ा एक बड़ा फ्रॉड जिसे गूगल ने हाल ही में पहचाना है, वह ट्रैफिक पंपिंग है। इसे ऑर्टिफिशियल ट्रैफिक इन्फ्लेशन और टोल फ्रॉड भी कहा जाता है। गूगल के मुताबिक, ये तब होता है जब फ्रॉडस्टर्स ऑनलाइन सर्विस प्रोवाइडर्स को बड़े पैमाने पर बल्क **SMS** भेजने के लिए प्रेरित करते हैं और हर डिलीवर हुए **SMS** के लिए पैसे कमाते हैं। इस तरह के फ्रॉड के कारण भी गूगल **SMS** बेस्ड ऑथेंटिकेशन को खत्म करने की योजना बना रही है।







# ट्रम्प ने लगाया 4 भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध

## ईरान से तेल व्यापार करने पर बौखलाया अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उद्योग से जुड़ी कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। जिन कंपनियों पर अमेरिका की ओर से यह प्रतिबंध लगाए गए हैं।

उन सभी का जुड़ाव ईरान के तेल उद्योग से है। प्रतिबंधित की गई इन कंपनियों में कुछ भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिका की ओर से यह कदम ईरान पर दवाब बनाने के लिए लगाए हैं। अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोके. मिकल उद्योग से कथित जुड़ाव के लिए 16 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया, जिनमें से चार भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिकी वित्त विभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, प्रतिबंधित भारतीय कंपनियां आस्टिनशिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, बीएसएम मरीन एलएलपी, कासमास लाइन्स इंक और फ्लक्स मैरीटाइम एलएलपी हैं।

बयान में कहा गया कि अमेरिकी विदेश विभाग ने ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उद्योग से जुड़ाव के लिए 16 कंपनियों को चिन्हित किया है और उनके खिलाफ प्रतिबंध लगाया जा रहा है। विदेश विभाग ने वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) के साथ मिलकर, 22 व्यक्तियों पर भी प्रतिबंध लगाए तथा ईरान के तेल उद्योग से उनके जुड़ाव के कारण विभिन्न क्षेत्रों में उनके 13 जहाजों को प्रतिबंधित संपत्ति के रूप में चिन्हित किया है। अमेरिका की ओर से यह फैसला अवैध शिपिंग नेटवर्क को बाधित करने क लिए उठाया गया है, जो एशिया में खरीदारों को ईरानी तेल बेचने के लिए काम करता है। यह नेटवर्क सैकड़ों मिलियन डॉलर के कच्चे तेल के कई बैरल को अवैध शिपिंग के जरिए बेचने की कोशिश कर रहा था। अमेरिका का मानना है कि तेल राजस्व के जरिए ईरान के आतंकवाद को आर्थिक रूप से मदद दे रहा है। उसके इस कदम से ईरान की आर्थिक गतिविधियों पर नकेल कसेगा और आतंकवाद वित्तपोषण को रोक पाएगा।

### ये हैं भारतीय कंपनियां

- ऑस्टिनशिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड
- बीएसएम मरीन एलएलपी
- कॉसमॉस लाइन्स इंक
- फ्लक्स मैरीटाइम एलएलपी

# युद्धविराम बढ़ाने को तैयार हुआ इजरायल

- **इजरायली विदेश मंत्री गिडियोन सार ने यूरोपीय यूनियन के 20 विदेश मंत्रियों को बताया इरादा**



**बदले में इजरायल द्वारा 30 फलस्तीनी कैदी और हर बंधक के बदले में 50 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई हो रही है। दूसरे चरण के समझौते के लिए बातचीत हो रही है।**

**...गिडियोन सार**
**विदेश मंत्री इजरायल**



**ब्रूसेल्स/तेल अवीव।** इजरायल के विदेश मंत्री गिडियोन सार ने कहा है कि बंधकों की रिहाई के लिए उनका देश हमास के साथ युद्धविराम को बढ़ाने के लिए तैयार है। ब्रूसेल्स में यूरोपीय यूनियन के 20 विदेश मंत्रियों को सूचित करते हुए इजरायली विदेश मंत्री ने यह बात कही। हालांकि उन्होंने यह साफ कर दिया कि बंधकों की रिहाई के बगैर कोई युद्धविराम नहीं होगा। इस बैठक में इजरायली विदेश मंत्री के अलावा हंगरी, रोमानिया, बुल्गारिया, फिनलैंड, स्लोवाकिया आदि देशों के विदेश मंत्री मौजूद रहे। इजरायली विदेश मंत्री सार ने कहा कि हम बंधकों की रिहाई के लिए प्रतिबद्ध हैं और युद्ध का भी यही उद्देश्य तय किया है। सार ने ईरान पर भी कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की। इजरायली मीडिया ने दो अंतर्राष्ट्रीय राजनयिकों के हवाले से दावा किया है कि युद्धविराम के पहले चरण के दौरान हमास द्वारा बंधकों को रिहा करने के दौरान समारोह आयोजित करने से आतंकवादी समूह के गाजा में सत्ता में बने रहने की संभावनाओं को काफी नुकसान पहुंचाया है। हमास ने इन समारोह के जरिए यह दिखाने की कोशिश की कि अभी भी उसका गाजा पर नियंत्रण बना हुआ है। हालांकि इजरायल और अन्य कई देशों ने बंधकों की रिहाई के लिए आयोजित हो रहे इन समारोहों को अपमानजनक करार दिया और इन्हें रोकने की मांग की। इजरायली मीडिया के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के गाजा पर नियंत्रण के सुझाव ने भी अरब देशों पर दबाव डाला है कि वे गाजा के युद्ध के बाद के प्रबंधन पर ध्यान दें और हमास को सत्ता से हटाएं।

वरिष्ठ अरब राजनयिक के हवाले से इजरायली मीडिया ने दावा किया है कि हमास भी गाजा पर से नियंत्रण छोड़ने के लिए तैयार है, लेकिन वह हथियार छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उल्लेखनीय है कि इजरायल और हमास के बीच पहले चरण का युद्धविराम समझौता अभी चल रहा है और यह मार्च की शुरुआत तक चलेगा। 19 जनवरी 2025 से लागू हुए 42 दिन के इस युद्धविराम समझौते में 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया जाना है, जिनमें महिला नागरिक, सैनिक, बच्चे और 50 साल से ज्यादा उम्र के नागरिक शामिल हैं।

## यूरोपीय संसद सदस्य रीमा के इजरायल में प्रवेश पर रोक

**ब्रूसेल्स/तेल अवीव।** वहीं इजरायल ने यूरोपीय संसद सदस्य रीमा हसन को देश में प्रवेश से रोक दिया। हसन पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया और मीडिया साक्षात्कारों में इजरायल के खिलाफ बहिष्कार को बढ़ावा दिया है। 32 वर्षीय हसन, जो सीरिया के अलेप्पो में पैदा हुई और यूरोपीय संसद में वामपंथी समूह की सदस्य हैं, यूरोपीय संघ-फलस्तीन प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में इजरायल आई थीं। हालांकि इजरायल के इस फैसले के बाद हसन के कार्यालय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्यालय ने कहा कि उन्हें इजरायल में प्रवेश से वंचित करने का निर्णय बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी। बता दें कि इससे पहले इजरायल ने एक नया कानून पारित किया था, जिसके तहत उन लोगों का इजरायल में प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा, जिन्होंने हमास के हमले का खंडन किया है या इजरायली सैनिकों के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय अभियोजन का समर्थन किया है। यह कानून उन लोगों पर भी लागू होता है, जो इजरायल के खिलाफ बहिष्कार के आह्वान करते हैं। रीमा हसन और उनके साथ आए अन्य यूरोपीय सां. सदों ने हाल ही में गाजा में इजरायल के कार्यों की आलोचना की थी। साथ ही यूरोपीय संघ-इजराइल एसोसिएशन समझौते को तत्काल निलंबित करने का आह्वान किया था। यह समझौता इजराइल और यूरोपीय संघ के बीच राजनीतिक और आर्थिक रिश्तों को रेखांकित करता है। हसन ने यूरोपीय संघ मुख्यालय के बाहर एक रैली का भी आह्वान किया था।

## भारत के साथ आपसी हितों पर आधारित संबंध चाहते हैं: बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश भारत के साथ आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित अच्छे कार्य संबंध चाहता है। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मो. तौहीद हुसैन ने सोमवार यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कही। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के अनुसार, हुसैन ने कहा, बांग्लादेश निश्चित रूप से अपना रुख तय करेगा, लेकिन साथ ही भारत को भी यह तय करना होगा कि वह बांग्लादेश के साथ किस तरह के संबंध चाहता है। यह एक आपसी मामला है और इसे कहने में कुछ गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का भारत के साथ संबंधों को लेकर स्पष्ट रुख है। उन्होंने आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित अच्छे कार्य संबंधों के महत्व पर जोर दिया। हुसैन ने कहा, हमारे रुख में कोई अस्पष्टता नहीं है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत प्रवास के दौरान दिए गए बयानों की आलोचना करते हुए कहा कि उनके बयान ढाका-दिल्ली संबंधों के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए दोनों देशों को आपसी सम्मान और साझा हितों को ध्यान में रखते हुए काम करना चाहिए। बांग्लादेश की सरकार भारत के साथ सकारात्मक और सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों देशों के बीच व्यापार, सुरक्षा और सीमा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर चर्चा जारी है।

## पाक में सैन्य अभियान में 10 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक अभियान के दौरान 10 आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मंगलवार को बयान में कहा कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया।

सुरक्षाकर्मियों ने प्रभावी तरीके से ठिकाने पर हमला किया और 10 आतंकवादियों को मार गिराया। बयान के अनुसार, क्षेत्र में किसी भी शेष खतरे को खत्म करने के लिए निकासी अभियान जारी है।

## भारत-जापान सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास, धर्म गार्जियन का छठा संस्करण सोमवार को जापान के ईस्ट फूजी प्रशिक्षण क्षेत्र में शुरू हुआ। इस अभ्यास को एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि इसे पहले से कही अधिक बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है और इसमें पहली बार सैनिकों की भागीदारी को कंपनी के स्तर तक बढ़ाया गया है।

उद्घाटन समारोह में जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और जापान ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स प्रथम डिवीजन के कमांडिग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल टोरियमी सेजी सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अभ्यास दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच अधिक सहयोग और आपसी समझ को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि यह संयुक्त अभ्यास न केवल दोनों सेनाओं की परिचालन तत्परता को बढ़ाएगा बल्कि भारत-जापान रक्षा संबंधों को मजबूत करने में भी योगदान देगा। अभ्यास का यह संस्करण 9 मार्च तक चलेगा। संयुक्त अभ्यास में विशेष रूप से शहरी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियान शामिल होंगे।







साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499




स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।
फोन न0- 9756686426